www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 2 अगस्त, 2023 | वर्ष-16 | अंक -118 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





द्रौपदी मुर्मू करेंगी अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव का उद्घाटन 02
■ दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाने को प्रतिबद्ध : शैली
■ एम्स ने निजी भागीदारी से लगाया सोलर पैनल 03
■ अमेरिका ने बांग्लादेश में जारी राजनीतिक हिंसा पर ...
■ आंग सान सू ची की जेल की सजा कम हुई 07
खुशी दुबे का फिटनेस मंत्र है 'योग, डांस, ... 10

# दिल्ली अध्यादेश बिल लोकसभा में पेश

■ गृहमंत्री शाह ने कहा, विरोध का कोई आधार नहीं ■ अधीर रंजन ने इसे संविधान का उल्लंघन बताया

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली में अफसरों की पोस्टिंग-ट्रांसफर पर नियंत्रण से जुड़ा विधेयक मंगलवार को लोकसभा में पेश किया गया। इस पर सदन में विपक्षी नेताओं ने हंगामा किया और शेम-शेम के नारे लगाए। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी बोले कि ये बिल संविधान का उल्लंघन है।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदलने की है कोशिश

उन्होंने इसे सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदलने की कोशिश बताया। अमित शाह ने कहा कि संविधान, संसद को दिल्ली के लिए कानून बनाने की अनुमति देता है। बिल के खिलाफ जो बयान दिए जा रहे हैं, वो सिर्फ राजनीतिक हैं, उनका कोई आधार नहीं है। इस बिल का नाम गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली (अमेंडमेंट) बिल 2023 है। इसे गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में पेश किया।



### बीजू जनता दल का मिला समर्थन

बीजू जनता दल(बीजेडी) ने दिल्ली सर्विस बिल पर सरकार का समर्थन करने की बात कही है। राज्यसभा में पार्टी के नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि पार्टी इस बिल पर सरकार के साथ है। वाईएसआरसीपी ने भी इस बिल पर सरकार को समर्थन की बात कही है।

## विपक्ष को बोलने नहीं दे रही सरकार : खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विभिन्न हिस्सों में चुनावी प्रचार कर रहे हैं और विपक्षी दल उनसे संसद में बयान देने की मांग कर रहे हैं लेकिन इस मुद्दे पर उन्हें बोलने की फुर्सत नहीं है। श्री खड़गे ने मंगलवार को यहां संसद भवन के नजदीक विजय चौक में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार विपक्ष को बोलने नहीं दे रही है और भ्रम फैलाने की पूरी कोशिश की जा रही है कि विपक्ष मणिपुर हिंसा पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है जबकि विपक्षी दल इस मुद्दे पर 11 दिन से चर्चा कराने का इंतजार कर रहे हैं।

### विधेयक के पक्ष में क्या है आंकड़ा

लोकसभा में अकेले भाजपा बहुमत में है। 543 सदस्यीय सदन में उसके अकेले 301 सदस्य हैं। और एनडीए सहित आंकड़ा 333है। लेकिन राज्यसभा में एनडीए अल्पमत में है। वहां भाजपा के 93 सदस्यों को जोड़कर एनडीए के सदस्यों की संख्या 105 ही है। पांच मनोनीत और दो निर्दल सांसदों को भी जोड़ दिया जाए तो यह संख्या 112 हो जाएगी। यह आंकड़ा बहुमत से आठ कम है। 239 सदस्यीय सदन में बहुमत के लिए कुल 120 सासदों की जरूरत होगी। पर बीजद और वाईएसआरसीपी के समर्थन के चलते यह आंकड़ा 130 हो जाएगा।

सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की तारीख तय

## 8 से 10 अगस्त तक होगी प्रस्ताव पर चर्चा

**नई दिल्ली।** विपक्षी इंडिया गठबंधन द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव चर्चा की तारीख तय हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, प्रस्ताव पर 8 से 10 अगस्त तक सदन में चर्चा चलेगी। 10 अगस्त को पीएम मोदी अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब देंगे। इंडिया गठबंधन की ओर से सदन के नियम 198 के तहत मणिपुर मुद्दे पर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने स्वीकार कर लिया था। बता दें कि 26 जुलाई को कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने लोकसभा सचिवालय में अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को संबोधित करते हुए एक नोटिस दिया था। नोटिस में कहा गया था कि वो और उनके विपक्षी गठबंधन इंडिया के अन्य सांसद सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं जिसकी वो मंजूरी दे दें।

## पटना हाईकोर्ट से जातीय जनगणना को हरी झंडी



■ सर्वे की तरह कराने के लिए सरकार को मिली मंजूरी
■ गणना के खिलाफ दायर याचिकाओं को किया खारिज

**पटना,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार में जाति आधारित गणना का कार्य अब फिर से शुरू किया जाएगा। जातीय गणना से रोक हट गई है। पटना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को जातीय गणना के खिलाफ दायर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। चीफ जस्टिस के विनोद चंद्रन व जस्टिस पार्थ सार्थी की खंडपीठ ने लगातार पांच दिनों तक याचिकाकर्ता और बिहार सरकार की दलीलें सुनीं।

कोर्ट ने जाति आधारित जनगणना बताने वालों की भी पूरी दलील सुन ली और फिर सरकार के उस दावे का पक्ष भी सुना, जिसके अनुसार यह जाति आधारित सर्वे है। कोर्ट ने इसे सर्वे की तरह कराने की मंजूरी दे दी है। अदालत के इस फैसले से नीतीश कुमार सरकार ने राहत की सांस ली। पटना उच्च न्यायालय ने 4 मई को जाति आधारित गणना के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए इस पर अस्थायी रोक लगाई थी। अब इस फैसले को पटना उच्च न्यायालय ने जायज ठहराया है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल एनडीए की सरकार ने बिहार में जाति आधारित गणना कराने का फैसला लिया था। इसके बाद दो चरणों में गणना कराने का निर्णय लिया गया। इस साल जनवरी में इस कार्य के पहले चरण की शुरुआत की गई। जबकि, दूसरा चरण अप्रैल में शुरू हुआ। दूसरे चरण के दौरान पटना उच्च न्यायालय ने जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जाति आधारित गणना पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी थी।

## सार संक्षेप

### लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजे गए मोदी



**पुणे।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक की 103वीं पुण्यतिथि के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री मोदी ने यहां एसपी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो शरद पवार की मौजूदगी में यह पुरस्कार ग्रहण किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा में बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे लोकमान्य तिलक का पुरस्कार मिला, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना पूरा जीवन बलिदान कर दिया।

### 31वें दिन छह हजार लोगों ने की अमरनाथ यात्रा



**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा के 31वें दिन छह हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की, जबकि 1,006 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था मंगलवार को जम्मू से घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा कि इस साल 1 जुलाई को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के बाद से अब तक 3.97 लाख से अधिक लोग पवित्र गुफा के अंदर दर्शन कर चुके हैं। यात्रा के दौरान अब तक 36 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है।

### ईडी ने कारोबारी पवन मुंजाल के घर की ली तलाशी



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष पवन मुंजाल के आवास और कई अन्य स्थानों पर तलाशी ली। एजेंसी के अधिकारियों ने मुंजाल और 10 अन्य के परिसरों पर तलाशी ली। वित्तीय जांच एजेंसी की कार्रवाई मुंजाल के खिलाफ राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) मामले की शिकायत पर आधारित है।

### क्रेन दुर्घटना में मृतकों की संख्या 17 पहुंची



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में क्रेन दुर्घटना त्रासदी में मरने वालों की संख्या 17 हो गई है। दो और शव बरामद किए गए हैं। कुछ और के अभी भी गर्डर के नीचे फंसे होने की आशंका है। एक दिवसीय दौरे पर महाराष्ट्र पहुंचे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मौतों पर शोक व्यक्त किया है और पीड़ितों के परिवारों को सांत्वना दी।

### उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन को मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन को मंगलवार को मंजूरी मिल गई। इसके माध्यम से उच्च से लेकर बेसिक शिक्षा, अनुदेशकों व सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक कॉलेजों के शिक्षकों की भर्ती की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी को किया तलब, कहा

## मणिपुर में कानून व्यवस्था हो चुकी ध्वस्त

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाए जाने के केस में मंगलवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने पुलिस की जांच को सुस्त बताया। कोर्ट ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी है। कोर्ट ने हैरानी जताई कि राज्य की जातीय हिंसा में लगभग 3 महीने तक एफआईआर ही दर्ज नहीं की गई। बाद में भी जब 6000 से ज्यादा एफआईआर हुईं तो इनमें चंद गिरफ्तारियां की गईं। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के पुलिस महानिदेशक(डीजीपी)को कोर्ट में हाजिर होकर इन सभी सवालों का जवाब देने का निर्देश दिया है।

चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। पिटीशन में पीड़ित महिलाओं की पहचान जाहिर नहीं की गई है। उन्हें एक्स और वाई नाम से संबोधित किया गया है। अब मामले की अगली सुनवाई 7 अगस्त को दोपहर 2 बजे होगी। कुकी महिलाओं से रेप और हत्या के मामले में याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट वृंदा ग्रोवर ने कहा कि यह रिपोर्ट कानून के खिलाफ है। इसमें पीड़ित महिलाओं के नाम हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को तुरंत निर्देश दिया कि इस रिपोर्ट को किसी से शेयर मत करना। मीडिया को मत देना। नहीं तो पीड़ितों के नाम सामने आ जाएंगे। कोर्ट बोला कि हम अपनी कॉपी में करेक्शन कर लेंगे। इस पर केंद्र ने कहा कि हमने इसे किसी से शेयर नहीं किया। हमारे पास हमारी कॉपी है और एक कॉपी सिर्फ बेंच के सामने रखी गई है।



■ राज्य में 3 महीने तक एफआईआर ही दर्ज नहीं करने पर हैरानी जताई
■ छह हजार दर्ज मामलों में हुई चंद गिरफ्तारियां

### पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई पर पूछा सवाल

अदालत ने दो महिलाओं को नग्न घुमाने और यौन उत्पीड़न के वायरल वीडियो से संबंधित मामले में उन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के बारे में सरकार से सवाल किया, जिन्होंने कथित तौर पर महिलाओं को भीड़ के हवाले कर दिया था।

## भाजपा ने देश में नफरत का केरोसिन फैलाया



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए विपक्ष अब तेजी से लामबंद हो रहा है। इसके चलते सत्तारूढ़ दल पर विपक्ष के हमले भी तेज होते जा रहे हैं। मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगते हुए कहाकि सतारूढ़ दल ने देश में नफरत का केरोसिन फैला दिया है। हाल के दिनों में हुई कुछ हिंसक घटनाओ को लेकर गांधी ने कहा कि भाजपा, मीडिया और उसके साथ खड़ी कुछ ताकतों ने पूरे देश में नफरत का केरोसिन फैला दिया है। साथ ही देश के मौजूदा हालात का समाधान भी उन्होंने बताया और कहा कि सिर्फ मोहब्बत ही देश में लगी इस आग को बुझा सकती है।

## नूंह हिंसा में अब तक पांच की मौत

गुरुग्राम में भी उत्पात और लूटपात



**नूंह,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के नूंह में सोमवार को ब्रजमंडल 84 कोस शोभायात्रा पर पथराव और फायरिंग के बाद हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। पत्थरबाजी, गोलीबारी और आगजनी में दो होम गार्ड के जवानों की मौत हो गई है। गुरुग्राम में भी धार्मिक स्थल पर हमला हुआ है, इसमें एक की मौत हो गई है। नूंह हिंसा में डीएसपी समेत 12 पुलिस कर्मचारी घायल हैं। इसके अलावा 20 से अधिक आम लोग घायल हैं। इंटरनेट सेवा को बुधवार तक बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही जिले की सीमाएं भी सील कर दी गई हैं। नूंह की आंच गुरुग्राम तक पहुंच गई। गुरुग्राम के बादशाहपुर सोहना रोड पर हुड़दंग हो गया है। सोहना रोड पर सरेआम उत्पात और लूट मच गई। तोड़फोड़ के साथ दुकान से सामान लूट करते युवा कैमरे में कैद हो गए।

### भरतपुर के 4 इलाकों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित

**जयपुर।** पड़ोसी हरियाणा के नूंह जिले में हिंसा के बाद मंगलवार को राजस्थान के भरतपुर जिले के चार इलाकों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने पहाड़ी, कामां, नागर और सीकरी में आज सुबह 6 बजे से अगले 24 घंटे तक इंटरनेट बंद करने के आदेश दिए हैं। संभागीय आयुक्त ने आदेश में कहा कि असामाजिक तत्व भरतपुर में कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास कर सकते हैं।

सेना के अधिकारियों की यूनिफार्म में किया गया बदलाव

## ब्रिगेडियर व उससे ऊपर रैंक के अधिकारियों की यूनिफार्म होगी समान

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय सेना के अधिकारियों की यूनिफार्म में नए बदलावों को मंजूरी दी गई है। इस मंजूरी के अंतर्गत 1 अगस्त से सेना में ब्रिगेडियर और ब्रिगेडियर से ऊपर के रैंक के सभी अधिकारी के लिए एक समान यूनिफॉर्म लागू की गई है। अभी तक विभिन्न सैन्य अधिकारी अपनी संबंधित रेजिमेंट को दर्शाने वाली अलग-अलग यूनिफॉर्म पहनते हैं। अभी तक पैराशूट रेजिमेंट के अधिकारी मैरून रंग की टोपी पहनते हैं, जबकि पैदल सेना, बख्तरबंद कोर, लड़ाकू सहायता हथियारों और सेवाओं के अधिकारी हरे, काले और नीले रंग की टोपी पहनते हैं। इस नए बदलाव से सेना में विभिन्न रेजिमेंट और सर्विसेज व हथियारों को दर्शाने वाली अलग-अलग वर्दी और साज-सामान पहनने वाली प्रथा समाप्त हो गई है।


सेना के अधिकारियों का कहना है कि अब सैन्य अधिकारियों की टोपी, कंधे पर पहने जाने वाले बैज, वर्दी के कॉलर पर पहने जाने वाले जॉर्जेट पैचेज, बेल्ट और जूते एक जैसे होंगे। सेना की यूनिफार्म में किए जा रहे इस महत्वपूर्ण बदलाव का अर्थ यह है कि ब्रिगेडियर पद पर पहुंचने के उपरांत पैरा अधिकारी अब मैरून रंग की टोपी नहीं पहनेंगे और न ही बख्तरबंद अधिकारी अपनी विशिष्ट बेल्ट पहनेंगे। हालांकि, अभी भी कर्नल रैंक और उससे नीचे के अधिकारियों द्वारा पहनी जाने वाली वर्दी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक फ्लैग रैंक यानी ब्रिगेडियर और उनसे ऊपर के अधिकारियों के हेडगियर, शोल्डर रैंक बैज, गॉर्जेट पैच, बेल्ट और जूते अब मानकीकृत और एक समान हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक इसके अलावा फ्लैग-रैंक के अधिकारी भी अब डोरी नहीं पहनेंगे।



■ सेना के कमांडरों की बैठक में लिया गया था निर्णय

## ओरोपी सचिन बिश्नोई भारत प्रत्यर्पित

सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड



**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी सचिन बिश्नोई को मंगलवार को अजरबैजान से भारत लाया गया। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने ये जानकारी दी है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की एक टीम ने आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए अजरबैजान का दौरा किया था जिसके बाद प्रत्यर्पण किया गया। सचिन बिश्नोई पंजाब के फाजिल्का का रहने वाला है। सचिन बिश्नोई, जो गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का चचेरा भाई है, को पंजाबी गायक की हत्या के पीछे मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक माना जाता है।

अजरबैजान से लाया गया गैंगस्टर

मूसेवाला की हत्या पिछले साल 29 मई को दिनदहाड़े मनसा में उनके पैतृक गांव के पास बदमाशों ने गोली मारकर कर दी थी। वह महिंद्रा थार एसयूवी चला रहे थे, जब 10-12 हमलावरों ने बहुत करीब से 20 राउंड से अधिक गोलियां चलाईं

## पृथ्वी की कक्षा छोड़कर चांद की तरफ बढ़ा चंद्रयान-3

इसरो ने कहा, पांच अगस्त का दिन अहम

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने मंगलवार को चंद्रयान-3 अंतरिक्षयान को पृथ्वी की कक्षा से निकालकर सफलतापूर्वक चांद की कक्षा की तरफ रवाना किया। इसरो ने बयान में कहा कि चंद्रयान-3 ने पृथ्वी की कक्षा का चक्कर पूरा कर लिया है और अब यह चांद की तरफ बढ़ रहा है। इसरो ने बताया कि अब अगला कदम चांद है। पांच अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 अंतरिक्षयान चांद की कक्षा में प्रवेश करेगा। इसके बाद 16 अगस्त तक अंतरिक्षयान चांद की कक्षा में चक्कर लगाएगा। 17 अगस्त को चंद्रमा की सतह से 100 किलोमीटर ऊपर प्रोपल्शन मॉड्यूल से लैंडर अलग होगा।

अर्थव्यवस्था | आरबीआई ने 31 जुलाई तक का दिया आंकड़ा

## 2000 रुपए के 88 फीसदी नोट बैंकों में वापस आए

**मुंबई, 1 अगस्त (एजेंसियां)। दो हजार रुपए के नोटों को वापस लेने की प्रक्रिया जारी है। इस बीच आरबीआई ने मंगलवार को कहा कि प्रचलन में मौजूद 2000 रुपए के 88 प्रतिशत बैंक नोट 31 जुलाई तक बैंकों में वापस आ गए हैं। प्रचलन में 2000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य, जो 31 मार्च तक 3.62 लाख करोड़ रुपए था, 19 मई तक घटकर 3.56 लाख करोड़ रुपए हो गया।**

बैंकों के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 31 जुलाई तक बैंकों में वापस आए 2000 रुपए के नोटों का कुल मूल्य 3.14 लाख करोड़ रुपए है, जो कुल का 88 प्रतिशत है।

आरबीआई ने कहा कि फिलहाल 2000 रुपए के 0.42 लाख करोड़ रुपये के बैंक नोट प्रचलन में हैं। केंद्रीय बैंकों के आंकड़ों से पता चलता है कि प्रचलन से वापस किए गए नोटों में गभग 87 प्रतिशत जमा के रूप में और शेष 13 प्रतिशत को दूसरे मूल्यवर्ग के नोटों में बदला गया। आरबीआई ने लोगों से आग्रह किया है कि वे 30 सितंबर 2023 की समय सीमा से पहले भीड़ से बचने के लिए अपने पास मौजूद 2000 रुपए के बैंक नोटों को जमा कर दें या बदल लें। अब केवल दो महीने हैं।



■ इस साल 30 सितम्बर तक वापस किए जा सकेंगे नोट

### अब केवल 42,000 करोड़ के नोट सर्कुलेशन में बचे

आरबीआई ने कहा कि अब केवल 42,000 करोड़ रुपए के नोट सर्कुलेशन में बचे हुए हैं। ऐसे में 19 मई 2023 को आरबीआई के 2,000 रुपये के नोटों को वापस लेने के ऐलान से लेकर अबतक 88 फीसदी नोट वापस किया जा चुका है। आरबीआई ने बताया कि 2,000 रुपए के नोट जो वापस आए हैं उसमें से 87 फीसदी नोट बैंक खातों में डिपॉजिट कर जमा किया गया है। जबकि 13 फीसदी 2000 रुपए के नोट दूसरे नोटों के साथ एक्सचेंज किया गया है।

# देश

**उवाच**

"वर्ष 2024 में लालू प्रसाद यादव की मसखरी व नीतीश कुमार की विपक्षी एकता कोई काम नहीं आएगी। ये दोनों अब गरीबों-पिछड़ों-दलितों के चित से उतर चुके हैं।"

–सुशील कुमार मोदी, भाजपा राज्यसभा सदस्य




| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 29.0 |
| मुंबई | 29.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 35.0 | 29.0 |

# दिल्ली सेवा विधेयक संघवाद के लिए है खतरनाक : कांग्रेस

## विधेयक के खिलाफ विपक्षी सांसदों ने सदन में किया हंगामा

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। भारी हंगामे के बीच आखिरकार सरकार ने लोकसभा में दिल्ली सेवा अध्यादेश को बदलने के लिए विधेयक पेश किया। गृहमंत्री अमित शाह की ओर से गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने इसे पेश किया। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संसद को दिल्ली के लिए कानून बनाने का अधिकार है। इस पर आपत्ति करना राजनीति से प्रेरित है। वहीं, विपक्षी सांसदों ने इस दौरान सदन के भीतर जमकर हंगामा काटा। लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने दिल्ली सेवा विधेयक (गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली (संशोधन) विधेयक 2023) का विरोध किया और कहा कि यह विधेयक सहकारी संघवाद के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक राज्यों के क्षेत्र में सरकार के अपमानजनक उल्लंघन को सही ठहराता है। यह संघवाद में सहयोग के लिए कब्रिस्तान खोदने के लिए बनाया गया है। इसका उद्देश्य दिल्ली सरकार की शक्तियों पर अंकुश लगाना है। केंद्र इस कदम के माध्यम से लोकतंत्र को कमजोर करना चाहता है। इस दौरान आरएसपी नेता एन के प्रेमचंद्रन ने भी बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि वह तीन आधार पर विधेयक का विरोध कर रहे हैं।



दिल्ली सरकार की शक्तियों पर अंकुश लगाना इसका उद्देश्य : अधीर चौधरी

उन्होंने कहा कि मैं विधेयक पेश करने में सरकार की विधायी क्षमता पर सवाल उठा रहा हूं। यह भारत के संविधान में परिकल्पित संघवाद के सिद्धांतों के खिलाफ है। दिल्ली में निर्वाचित सरकार का नौकरशाहों पर नियंत्रण नहीं होने का मतलब होगा कि दिल्ली में सरकार नहीं होगी। वहीं प्रेमचंद्रन को जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि संसद विधेयक पारित करने के लिए पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा कि अगर वे विधेयक की योग्यता के बारे में बात करना चाहते हैं तो विचार और पारित होने के समय चर्चा करें। बता दें कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप सरकार ने भी अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। पिछले कुछ महीनों में, केजरीवाल ने विधेयक के खिलाफ समर्थन जुटाने और इसे राज्यसभा में रोकने के लिए कई विपक्षी नेताओं से भी संपर्क किया है। बता दें कि राज्यसभा में एनडीए के पास पर्याप्त संख्या बल की कमी है। हालांकि, बीजद और वाईएसआर कांग्रेस पहले ही कह चुके हैं कि

### विधेयक अनुच्छेद 123 का करता है उल्लंघन : ओवैसी

वहीं, यह कहते हुए कि विधेयक अनुच्छेद 123 का उल्लंघन करता है, आईयूएमएल सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि संविधान में एक साधारण विधेयक के साथ संशोधन नहीं किया जा सकता है। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भी विधायी क्षमता पर विधेयक का विरोध किया। उन्होंने कहा कि संसद में मंगलवार को दिल्ली (एनसीटी) अध्यादेश विधेयक का संक्षिप्त परिचय हुआ, इस पर बहस नहीं हुई। परिचय का विरोध करना हमारा अधिकार है और विपक्ष के 5-6 सदस्यों ने इसका विरोध करने की कोशिश की। इनमें से एक पार्टी ने विपक्ष के रूप में खड़े होकर सरकार का समर्थन किया, लेकिन अन्य ने कहा कि यह अवैध है।

# कुलगाम से लापता जवान का अब तक सुराग नहीं

## परिजनों को चिंता पहले अगवा सैनिकों की तरह न हो हश्र

**जम्मू,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। तीन दिन पहले कश्मीर के कुलगाम इलाके से जो सेना जवान जावेद अहमद वानी लापता हो गया था फिलहाल न ही वह मिला है और न ही उसके प्रति कोई खबर मिली है। ऐसे में रो-रो कर बेहाल हो चुके उसके परिजनों को आशंका है कि उसका हश्र पहले लापता हुए जवानों की तरह न हो जिनकी आतंकियों ने हत्या कर दी थी। जावेद वानी लेह में तैनात था और ईद की छुट्टी पर कश्मीर के कुलगाम स्थित अपने घर आया तो 30 जुलाई को उसका कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया। फिलहाल किसी आतंकी गुट द्वारा अपहरण की कोई जिम्मेदारी नहीं लिए जाने से असमंजस की स्थिति इसलिए भी है क्योंकि उसकी कार से खून के धब्बे मिले थे।

वैसे पुलिस का कहना है कि यह खून शायद उसके द्वारा अपने अपहरण का विरोध करते हुए चोट लगने से बहा होगा। तीन दिनों से सैंकड़ों सैनिक और डाग स्वाड के अतिरिक्त ड्रोन भी उसकी तलाश में लगाए जा चुके हैं पर किसी को अभी तक कामयाबी नहीं मिली है। समय के बितने के साथ-साथ आशंकाएं बढ़ती जा रही हैं। यह आशंकाएं इसलिए भी बढ़ी हैं



क्योंकि पिछले कुछ सालों में आतंकियों ने छुट्टी पर आने वाले कई जवानों को अगवा करने के बाद मार डाला था और कइयों को उनके घर के बाहर बुला कर हत्या कर दी थी। सरकार रिकार्ड के अनुसार, वर्ष 2017 में आतंकियों ने कश्मीर के पहले युवा सेनाधिकारी ले उमर फयाज को अपहृत कर मार डाला तो उसके बाद ऐसे अपहरणों और हत्याओं का सिलसिला रूका ही नहीं। सात सालों में 6 जवानों की हत्या की जा चुकी है। इनमें वर्ष 2018 में पुंछ के औरंगजेब, वर्ष 2020 में शाकिर मल्ला, वर्ष 2022 में समीर और मुख्तार अहमद भी शामिल हैं। हालांकि आतंकवाद के शुरूआत में आतंकियों ने वर्ष 1991 में भी सेना के ले कर्नल जीएस बाली को अपहृत कर मार डाला था जो सबसे अधिक दिल दहलाने वाली घटना थी।

## संसद से

### बड़ी संख्या में पंचायतों को कम्प्यूटर उपलब्ध कराए गए हैं : पाटिला

लोकसभा में मंगलवार को प्रश्न काल के दौरान मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के शोरगुल और नारेबाजी के बीच केंद्रीय पंचायतीराज राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिला ने बताया कि केन्द्रीय वित्त आयोग की सिफारिश और राष्ट्रीय ग्राम समाज अभियान के सहयोग से देश भर में पंचायत भवनों के निर्माण, पंचायतों के कम्प्यूटरीकरण की व्यवस्था की गई है और बड़ी संख्या में पंचायतों को कम्प्यूटर उपलब्ध कराये गये हैं। पाटिला ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में बताया कि पंचायतों को वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत बुनियादी सुविधाएं जैसे पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता आदि के लिए वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी पंचायतों को मजबूत करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि युवाओं को जैविक खेती से जोड़ने की योजना बनायी है। युवाओं को कृषि विज्ञान केंद्रों के अन्तर्गत जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए 40 पाठ्यक्रम बनाए गए हैं।

### राज्यसभा में प्रेस पंजीयन विधेयक पेश

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को राज्यसभा में प्रेस एवं पाक्षिक पंजीकरण विधेयक 2023 पेश किया। भोजन अवकाश के बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष के हंगामे के बीच प्रेस एवं पाक्षिक पंजीकरण विधेयक 2023 पेश कराया। इसके साथ ही विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन सिंह मेघवाल ने अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2023 विधेयक सदन के पटल पर रखा। भोजन अवकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया और मणिपुर पर चर्चा कराने की मांग की। कांग्रेस समेत विपक्ष के सभी सदस्य मणिपुर पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। इस बीच तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने मणिपुर पर का चर्चा कराने पर अपना पक्ष रखने का प्रयास किया लेकिन उन्हें सभापति ने अनुमति नहीं दी। इस बीच सभापति ने बहु राज्य सहकारी सोसायटी संशोधन अधिनियम 2023 पर चर्चा आरंभ करा दी।

### रास में बहुराज्य सहकारी सोसाइटी विधेयक पारित

राज्यसभा ने सहकारी संस्थाओं में कामकाज को प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने तथा सहकारी समितियों के प्रबंधन में एकाधिकार को समाप्त कर सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने वाले बहुराज्य सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक को मंगलवार को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया। सदन ने विधेयक को प्रवर समिति में भेजने के मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है, जिससे इस पर संसद की मुहर लग गई। राष्ट्रीय जनता दल के ए.डी.सिंह, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एलामारम करीम और जॉन ब्रिटास ने विधेयक के विभिन्न उपबंधों में संशोधन के भी प्रस्ताव दिये थे लेकिन इन सदस्यों के सदन में मौजूद नहीं रहने के कारण इन संशोधनों को पेश नहीं किया गया। सहकारिता राज्य मंत्री बी.एल.वर्मा ने विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विधेयक में सहकारी तंत्र में चुनावी प्रक्रिया में सुधार के लिए सहकारी सूचना अधिकारी चुनाव प्राधिकरण के गठन का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा सहकारिता समिति के कामकाज में पारदर्शिता, अनुशासन और जवाबदेही आएगी। उन्होंने कहा कि समितियों में महिला और अनुसूचित जाति के लिए एक-एक सीट के आरक्षण का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## सार संक्षेप

### धनखड़ ने शाहपुर दुर्घटना पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महाराष्ट्र के शाहपुर में एक दुखद दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने मंगलवार को यहां बताया कि धनखड़ ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए भी प्रार्थना की है। ट्वीट में उपराष्ट्रपति ने कहा कि महाराष्ट्र के शाहपुर में हुए दुखद हादसे में लोगों की मौत से बहुत दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूं।

### बारामूला में ड्रग तस्कर का निर्माणाधीन घर कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर के निर्माणाधीन घर को कुर्क करने के साथ ही एक अन्य व्यक्ति का वाहन जब्त कर लिया है। बताया कि गत 27 जून को बारामूला पुलिस ने सक्षम अधिकारियों से कानूनी मंजूरी प्राप्त करने के बाद ड्रग तस्का बरकत अली मेन के मुख्य मोहल्ला पट्टन में 10 मरला भूमि पर एक निर्माणाधीन घर को कुर्क कर लिया। वहीं पुलिस ने कंत्रा पाईन के अब्दुल रहमान मलिक का वाहन भी जब्त कर लिया। जांच से साबित हुआ है कि उक्त चल/अचल संपत्ति ड्रग तस्करों द्वारा अवैध तस्करी से जुटाई गई थी। इसके अलावा अन्य संपत्तियों की कुर्की के आदेश निकट भविष्य में पुष्टि के लिए एसएएफईएम (एफओपी) ए और एनडीपीएसए, नई दिल्ली को भेजे जाएंगे।

### मप्र में भांग का प्रसाद खाने से 40 की तबीयत बिगड़ी

**आगर-मालवा।** मध्य प्रदेश के आगर-मालवा जिले में सावन सोमवार के मौके पर निकाली जा रही महादेव की शाही सवारी में भांग के प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद खाने के बाद 40 लोगों की तबीयत बिगड़ गई इनमें से 15 को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि नलखेड़ा तहसील के ग्राम मोल्याखेड़ी में सोमवार की रात को शिव की शाही सवारी निकाली गई। इस मौके पर लोगों को प्रसाद बांटा गया, जिसे खाने के बाद लगभग 40 लोगों को नशा होने लगा। इनमें आठ बच्चे भी शामिल थे। जब तबीयत बिगड़ने लगी तो उन्हें नलखेड़ा अस्पताल ले जाया गया।

### एसटीएफ ने दो बांग्लादेशियों को किया गिरफ्तार

**अगरतला।** असम पुलिस की विशेष टास्क फोर्स (एसटीफ) ने मानव तस्करी रैकेट चलाने के आरोप में दो दिन पहले पश्चिम त्रिपुरा के सीमावर्ती गांव मोहनपुर से एक बांग्लादेशी नागरिक सहित दो लोगों की गिरफ्तारी के सिलसिले में सोमवार को उत्तरी त्रिपुरा और दक्षिणी त्रिपुरा से दो बांग्लादेशियों समेत छह और लोगों को गिरफ्तार किया।

# द्रौपदी मुर्मू करेंगी अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव का उद्घाटन



**भोपाल,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारत के सबसे समावेशी साहित्य उत्सव 'उन्मेष' का उद्घाटन तीन अगस्त को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में करेंगी। साहित्य अकादमी के सचिव के श्रीनिवासराव ने बताया कि आयोजन 3 से 6 अगस्त के बीच होगा। उन्होंने कहा कि 'उन्मेष' के हर संस्करण में नए विषयों को जोड़ने का प्रयास होता है, ताकि लेखकों के नए समूह को चर्चा में शामिल होने का अवसर मिल सके और उनकी सृजनात्मकता को नई दिशाएँ प्राप्त हो सकें। इस साहित्य उत्सव के साथ ही संगीत नाटक अकादमी द्वारा 'उत्कर्ष' शीर्षक से लोक एवं जनजातीय प्रदर्शनकारी कलाओं का राष्ट्रीय उत्सव भी आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दोनों समारोहों का उद्घाटन राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और विदेश एवं संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी भी उपस्थित रहेंगी। आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित हो रहे इस उत्सव को साहित्य अकादमी नई दिल्ली, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन संयुक्त रूप से आयोजित कर रहे हैं। उन्मेष उत्सव में 75 से अधिक कार्यक्रमों में 100 भाषाओं के 575 से अधिक लेखक सहभागिता कर रहे हैं। भारत के अतिरिक्त 13 अन्य देशों के लेखक भी उत्सव में शामिल होंगे। 'उन्मेष' का यह दूसरा संस्करण है।

# ओडिशा ट्रेन हादसे में 29 शवों की अभी तक नहीं हो पाई पहचान

**भुवनेश्वर,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। ओडिशा के बालासोर जिले में हुए ट्रिपल ट्रेन हादसे को दो महीने बीत चुके हैं। दुर्घटनास्थल से बरामद 29 शवों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई। एम्स, भुवनेश्वर के अधीक्षक दिलीप कुमार परिदा ने कहा कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भुवनेश्वर को दो चरणों में कुल 162 शव मिले थे, जिनमें से 133 शव उनके रिश्तेदारों और परिवार के सदस्यों को सौंप दिए गए हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय संस्थान ने कुल 81 अज्ञात शवों में से 52 शवों को उनके परिवारों के पास भेज दिया। परिदा ने कहा, कई दावेदारों और कुछ अन्य मुद्दों के कारण, शवों और दावेदारों के 103 डीएनए नमूने मिलान के लिए नई दिल्ली भेजे गए थे। डीएनए नमूने के मिलान के बाद, रेलवे की मदद से शवों को संबंधित परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया है। 29 अज्ञात शवों को एम्स, भुवनेश्वर में रखा गया है। अंतिम चरण की डीएनए सैंपलिंग की रिपोर्ट एक सप्ताह में आने की संभावना है। केंद्र और ओडिशा सरकार तय करेगी कि अंतिम चरण की डीएनए रिपोर्ट के बाद उन शवों का क्या किया जाए, जो लावारिस रह जाएंगे। बता दें कि 2 जून की शाम को ओडिशा के बालासोर जिले में बहनागा बाजार रेलवे स्टेशन के पास एक दुखद दुर्घटना में चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस, हावड़ा जाने वाली एसएमवीपी-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम 294 लोगों की मौत हो गई और 700 से अधिक लोग घायल हो गए थे।



- **एम्स ने 133 शव परिजनों को सौंपे**

# बिहार में सिंचाई की व्यवस्था हो सुनिश्चत : नीतीश

**पटना,** 1 अगस्त (देशबन्धु) बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किसानों को कृषि कार्य में सहूलियत के लिए अधिक से अधिक क्षेत्र में सिंचाई की व्यवस्था करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। कुमार ने मंगलवार को यहां एक, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में जल संसाधन एवं लघु जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिक-से-अधिक क्षेत्रों में सिंचाई की व्यवस्था कराएं ताकि किसानों को कृषि कार्य में सहूलियत हो। अल्प वर्षापात के कारण उत्पन्न स्थिति को ध्यान में रखते हुए सिंचाई के लिए जो भी जरूरी और उपयोगी कार्य हैं उस पर त्वरित कार्रवाई करें। पहाड़ी क्षेत्रों के निचले भागों में जल संचयन क्षेत्र विकसित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व से चलाई जा रही सिंचाई योजनाएं पूर्ण क्षमता से कार्य करे, यह सुनिश्चित कराएं। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से शुद्ध किए गए पानी का उपयोग भी कृषि कार्य के लिए कराएं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान 'खरीफ सिंचाई-2023' की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री को जल संसाधन एवं लघु जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। कुमार को जल संसाधन विभाग के अभियंता प्रमुख ईश्वरचंद्र ठाकुर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जल संसाधन विभाग के अंतर्गत किए जा रहे सिंचाई कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने सोन बराज, गंडक बराज, कोसी बराज एवं अन्य डैम, बियर से सिंचाई कार्य में लाभान्वित होनेवाले जिलों की स्थिति की जानकारी दी।



- **लघु जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**
- **अधिक सेअधिक क्षेत्रों में सिंचाई की व्यवस्था कराएं अधिकारी**

### नहरों की सफाई के कार्य पर दें ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा कि नहरों की सफाई के कार्य पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कार्य करें। हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंच जाएगा तो किसानों को काफी लाभ होगा। कुमार ने कहा कि लोगों की सुविधाओं और उनके हित में हम निरंतर कार्य करते रहते हैं। किसानों को कृषि कार्य के लिए डीजल अनुदान उपलब्ध कराने के साथ-साथ सिंचाई कार्य के लिए पर्याप्त विद्युत आपूर्ति भी की जा रही है।

# खतरे में है हिन्दुस्तान का लोकतंत्र व गंगा-जमुनी तहजीब : नीरज कुमार

**पटना,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। कटिहार के विनोदपुर स्थित अग्रसेन भवन में जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ तथा जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ का संयुक्त प्रमंडलीय प्रशिक्षण सह संवाद कार्यक्रम हुआ, जिसमें पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

इस मौके पर विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ ने कहा कि हम बिहार से इंडिया गठबंधन को लोकसभा की 40 की 40 सीटें देंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की धरती से भाजपा-मुक्त भारत का आह्वान किया है, उसे साकार किए बिना हम चैन से नहीं बैठेंगे। विधानपार्षद एवं जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि केन्द्र में बैठे फर्जी राष्ट्रवादियों के कारण हिन्दुस्तान का लोकतंत्र और गंगा-जमुनी तहजीब खतरे में है। आरएसएस के एजेंडे पर चलने वाले इस देश के इतिहास को ही बदल देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश को जातीय और साम्प्रदायिक उन्माद की ओर धकेल कर इन्हें नींद कैसे आ जाती है। हाल के वर्षों में इस कारण सबसे अधिक बार भारत में इंटरनेट सेवा बाधित की गई। डॉ.अमरदीप ने कहा कि हम बिहार से इंडिया को ज्यादा सीटें जीताने के लिए अपनी विचारधारा को तकनीक की ताकत दें और नई पीढ़ी को जोड़ने और उन तक अपने नेता का काम पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करें।



# जाति आधारित गणना पर रोक से इनकार स्वागतयोग्य : माले

**पटना,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) के राज्य सचिव कुणाल ने पटना उच्च न्यायालय के जाति आधारित गणना को जारी रखने के फैसले का स्वागत किया और कहा कि इससे सामाजिक न्याय की घोर विरोधी भारतीय जनता पार्टी को झटका लगा है। कुणाल ने कहा की वह तो चाहते हैं कि बिहार सहित पूरे देश में ही जाति आधारित गणना हो। उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि भाजपा शुरू से ही जाति आधारित गणना की विरोधी रही है। उसके लोग इसे रुकवाने के लिए उच्च न्यायालय गए थे, लेकिन आज उच्च न्यायालय ने जाति गणना पर रोक से साफ इनकार कर दिया।

भाकपा-माले के राज्य सचिव ने कहा कि यह और जरूरी इसलिए हो जाता है कि आज भी हमारे पास 1931 का ही डाटा है, जब देश में जाति गणना हुई थी। उसी आंकड़े के आधार पर सरकारी योजनाएं बनती हैं। दलित-पिछड़ी जातियों के लिए चल रही सरकारी योजनाओं को अद्यतन करने, आरक्षण को तर्कसंगत बनाने तथा सामाजिक स्तर में सुधार के लिए जाति गणना बेहद जरूरी है ताकि हमारे पास सही-सही आंकड़े हो।

**आदेश** — *जम्मू-कश्मीर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रशासन सख्त*

# सरकारी कर्मियों को तिरंगे के साथ डीपी लगाने के आदेश

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 1 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में इस बार 15 अगस्त के दिन होने वाले स्वतंत्रता समारोहों में आपको बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी व अधिकारी नजर आएंगें। ऐसा उनकी उपस्थिति पक्की करने के लिए निकाले गए आदेश से साबित होता है। यही नहीं सरकारी कर्मियों को अपने सोशल मीडिया अकांउट पर भी तिरंगे के साथ डीपी।**

लगाने का आदेश दिया गया है। पिछले कुछ सालों से हालांकि स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस समारोहों पर सरकारी कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य बनाने की खातिर ऐसे आदेश निकाले जाते रहे हैं पर हमेशा ही इसे हल्के तौर पर लिया जाता रहा है। पर इस बार यह आदेश 15 दिन पहले जारी कर प्रशासन ने सख्ती दिखाने का मूड भी बनाया है। पहली बार इसकी खातिर विभागाध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि उनके अधीन आने वाले सारे कर्मियों और अधिकारियों की उपस्थिति स्वतंत्रता दिवस समारोहों के दौरान दर्ज की जाए और गैर हाजिर होने वालों का वेतन काटने के साथ साथ उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाए। यह तो कुछ भी नहीं, प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को अपने सभी सोशल मीडिया खातों पर अपनी डीपी बदलने का फरमान भी सुनाया गया है। उन्हें तिरंगे के साथ फोटो डीपी की जगह लगाने के लिए कहा गया है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि यह डीपी कितने दिनों तक सोशल मीडिया खातों में लगी रहनी चाहिए। वैसे स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस पर समारोह स्थलों पर सरकारी कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य बनाए जाने संबंधी जारी सरकारी अध्यादेश कोई नया नहीं है। कश्मीर में आतंकवाद की शुरुआत के साथ ही यह विवाद आरंभ हुआ था जो आज भी जारी है। ऐसे आदेश को सख्ती से लागू करने का कार्य वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद की सरकार के दौरान हुआ था जिन्होंने तब स्थानीय विधायकों को भी सख्त ताकिद की थी कि अगर उनके इलाके के सरकारी कर्मचारी अनुपस्थित हुए तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

आजाद के ही मुख्यमंत्रित्व काल में ही आम नागरिकों को गणतंत्र व स्वतंत्रता दिवस सामारोहों की ओर आकर्षित करने के इरादों से मुफ्त सरकारी बसों की व्यवस्था आरंभ हुई थी और अखबारों तथा अन्य संचार माध्यमों में विज्ञापन देकर उनमें जोश भरने की कवायद भी। कश्मीर में आतंकवाद की शुरुआत के साथ ही 15 अगस्त तथा 26 जनवरी को होने वाले सरकारी समारोह सिर्फ और सिर्फ सुरक्षाबलों के लिए बन कर रह गए थे क्योंकि आतंकी चेतावनियों और धमकियों के चलते आम नागरिकों के साथ ही सरकारी कर्मियों की मौजूदगी नगण्य ही थी जबकि जो नागरिक इसमें शामिल होने की इच्छा रखते थे उन्हें लंबे और भयानक सुरक्षा व्यवस्था के दौर से गुजरना पड़ता था।



- **प्रशासन का तुगलकी फरमान उपस्थित होना ड्यूटी का हिस्सा है**

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

लड़की : अगर मैं मर जाऊ तो तुम क्या करोगे ?
लड़का : मैं भी मर जाऊंगा।
लड़की : पर क्यू ?
लड़का : तेरे चक्कर में उधारी इतनी हो गई है कि अब जीना मुश्किल है।

# दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाने को प्रतिबद्ध : शैली

## मेयर ने निगम मुख्यालय में कर्मचारियों के वेतन को लेकर किया संबोधित

**नई दिल्ली,**1 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम चुनावों से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से दी गई एक और गारंटी 'आप' की निगम सरकार ने पूरी कर दी है। एमसीडी के इतिहास में पहली बार 1 तारीख को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वेतन मिला है।

मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के इतिहास में सन 2010 के बाद पहली बार एक तारीख को सभी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान हुआ है। दिल्ली नगर निगम में 15 साल में जो काम नहीं हुआ, वह आम आदमी पार्टी की सरकार ने महज 6 माह कर पूरा कर दिया है। मैं दिल्ली की जनता को भरोसा देती हूं कि जो वादे किए हैं उन्हें पूरा किया जाएगा। ऐसा काम सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में सिर्फ पढ़ी लिखी सरकार ही कर सकती है। दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने मंगलवार को दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में कर्मचारियों के वेतन को लेकर महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि निगम के इतिहास में पहली बार 1 तारीख को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन का भुगतान हुआ है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का सपना है कि दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाया जाए। उनके सपने को साकार करने का काम दिल्ली नगर निगम की 'आप' सरकार कर रही है। दिल्ली नगर निगम में जो काम पिछली सरकार 15 साल में जो काम नहीं कर पाई, वह आम आदमी पार्टी की सरकार ने महज 6 माह कर पूरा कर दिया है। दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने मंगलवार को दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में कहा कि मैं कर्मचारियों को आश्वासन देती हूं कि जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा। दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने मंगलवार को दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में कह कि यह बेहद प्रसन्नता एवं गर्व का विषय है कि ए ग्रुप से लेकर डी ग्रुप तक के कर्मचारियों का वेतन एक तारीख को जारी किया जा रहा है। ऐसा काम सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में सिर्फ पढ़ी लिखी सरकार ही कर सकती है।



दिल्ली नगर निगम में आप की सरकार ने महज छह माह में कर्मचारियों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया में किया सुधार : **शैली ओबरॉय**

### कर्मचारियों के हितों के बारे में सोचती है सरकार : मुकेश गोयल

एमसीडी में नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि 'आप' सरकार हमेशा से कर्मचारियों के हितों के बारे में सोचती आई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में निगम की आप सरकार ने वो काम कर दिखाया है जो पिछली सरकारें 15 साल में भी नही कर पाई। दिल्ली नगर निगम ने समय से वेतन का भुगतान कर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक गारंटी पूरी की है। मुकेश गोयल ने कहा कि किसी भी संस्था को चलाने के लिए कर्मचारियों के वेतन का समय से भुगतान आवश्यक है तथा अब सभी कर्मचारी दुगुनी मेहनत से कार्य करेंगे। एमसीडी में नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि दिल्ली में पिछले दिनों दिल्ली में हुई भारी बारिश के चलते दिल्ली के माननीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सभी विभागों की मीटिंग कर डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए साझा प्रयास करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में निगम ने ड्रोन के माध्यम से लार्वा रोधक दवा का छिड़काव करने का सफल परीक्षण कर लिया है। अब ड्रोन की सहायता से उन इलाकों जैसे कि झील, नहर इत्यादि में दवा का छिड़काव संभव हो सकेगा, जहां कर्मचारी नहीं पहुंच सकते। दिल्लीी के डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने कहा कि आप पार्टी ने हमेशा कर्मचारियों के हितों के बारे में सोचा है। अब कर्मचारियों को अपने वेतन के लिए धरना प्रदर्शन नहीं करना पड़ेगा।

# नूंह में हुई सांप्रदायिक हिंसा बहुत परेशान करने वाली : केजरीवाल

## हिंसा प्रभावित इलाकों के लोगों से की शांति व भाईचारे की अपील

**नई दिल्ली,**1 अगस्त (देशबन्धु)। हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के बाद कई इलाकों में तनाव का माहौल बना हुआ है। इसी घटना को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बयान जारी किया है। उन्होंने अपने ट्विट हैंडल से ट्वीट करते हुए हिंसा प्रभावित इलाकों के लोगों से शांति और भाईचारे की अपील की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर नूंह हिंसा को लेकर कहा कि नूंह में हुई सांप्रदायिक हिंसा बहुत परेशान करने वाली है। मणिपुर के बाद हरिणाया में इस तरह की हिंसा का संकेत अच्छा नहीं है।

मैं हरियाणा की समस्त जनता से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। ऐसे नाजुक वक्त में हम शांति और आपसी भाईचार कायम रखें। अमन विरोधी ताकतों के खिलाफ हम सभी को मिलकर काम करना होगा। हरियाणा के नूंह (मेवात) में सांप्रदायिक हिंसा बेहद परेशान करने वाली है। पूर्वोत्तर में मणिपुर के बाद अब हरियाणा में इस तरह की वारदात अच्छे संकेत नहीं हैं। हरियाणा की समस्त जनता से मेरी हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि ऐसे नाजुक समय में हम शांति और आपसी भाईचार कायम रखें। अमन विरोधी ताकतों और हिंसा की सियासत को हम सभी को मिल-जुलकर हराना है।



हरियाणा के नूंह में दो गुटों के बीच हुए बवाल के बाद दिल्ली में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी थानाध्यक्षों व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को इलाके में गश्त करने व सुरक्षा बढ़ाने के आदेश दिए गए हैं। थानाध्यक्षों समेत सभी पुलिस अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। सभी को रात में थाने में रुकने क आदेश दिए गए हैं। संवेदनशील इलाकों में विशेष सुरक्षा बरती जा रही हैं।

इन इलाकों में अर्द्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। दिल्ली पुलिस अधिकारियों के अनुसार, नूंह बवाल के बाद दिल्ली में सोमवार देर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया। सभी थानाध्यक्षों को कहा गया है कि वह इलाके में स्टाफ के साथ पूरी तरह गश्त करेंगे। ये भी आदेश दिया गया है कि कोई भी पुलिसकर्मी रात के समय घर नहीं जाएगा।पुलिस अधिकारियों को इलाके के धार्मिक गुरुओं से बात करने के लिए कहा है।

## सार संक्षेप

### मॉनसून सीजन में अमेजन फ्रेश का शानदार ऑफर

**नई दिल्ली।** इस मानसून का सीजन में अमेजॅन फ्रेश ने अपने कस्टमर के लिए 1 से 7 अगस्त, 2023 तक सुपर वैल्यू डेज में अगस्त मेगा फेस्टिवल के दौरान आकर्षक ऑफर पेश किए हैं और 1 लाख रुपए का मेगा प्राइज जीतने का मौका पाएं। कस्टमर अपने मनपसंद व्यंजनों, किराने के सामान और रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की आसान खरीदारी करने में कस्टमर स्टेपल, पैकेज्ड खाद्य पदार्थ, पर्सनल केयर, बेबी एंड पेट केयर प्रोडक्ट पर 45 प्रतिशत तक की छूट का लाभ ले सकते हैं। इस मानसून में 1 से 31 अगस्त तक चलने वाले अगस्त मेगा फेस्टिवल के दौरान ऑफर्स की बौछार और बड़े प्राइज जीतने का मौका ग्राहकों के पास है। एक मासिक इस शॉपिंग इवेंट के दौरान, कस्टमर को लगभग एक लाख का फ्रेंच डोर रेफ्रिजरेटर जैसे मेगा पुरस्कार और साप्ताहिक विजेताओं को किचन अप्लायंसेज और अमेजॅन पे बैलेंस जीतने का मौका मिलेगा।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगाई गई सौर ऊर्जा इकाई

**नई दिल्ली।** वोल्वो कार इंडिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 10 केडब्लूपी की क्षमता वाली सौर ऊर्जा इकाई स्थापित की है। जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बिजली की जरूरतों को पूरा करेगी, साथ ही किसी भी असंभावित परिस्थिति के चलते बिजली नहीं रहने पर भी सामान्य कामकाज का सुचारू तरीके से संचालन सुनिश्चित होगा। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर के दादरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थापित इस इकाई का मेरठ-सहारनपुर कमिश्नरी के एमएलसी, श्रीचंद शर्मा ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर दादरी नगरपालिका की अध्यक्षा, गीता पंडित, तथा गौतमबुद्ध नगर के एसीएमओ, डॉ.ललित कुमार ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वॉल्वो कार इंडिया की ओर से कमर्शियल ऑपरेशंस के डायरेक्टर, कल्पित सिसोदिया भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस मौके पर ज्योति मल्होत्रा, मैनेजिंग डायरेक्टर, वॉल्वो कार्स इंडिया, ने कहा की वॉल्वो के लिए सस्टेनेबिलिटी सिर्फ अपने प्रोडक्ट्स तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हम समुदायों के लिए जो कुछ भी करते हैं उसमें भी सस्टेनेबिलिटी को शामिल करते हैं।

### भगवान झूलेलाल का चालीहा उत्सव का हुआ आयोजन

**नई दिल्ली।** सिंधी समाज दिल्ली द्वारा भगवान झूलेलाल के चालीहा कार्यक्रम का सोलहवां दिन भगवान झूलेलाल के भक्तो की उपस्तिथि में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सिंधी समाज दिल्ली के महासचिव नरेश बेलानी ने बताया की चालीहा कार्यक्रम में भगवान झूलेलाल को खुश करने के लिए भजन गायकों और भक्तों ने नाच गाकर चालीहा उत्सव मनाया। उन्होंने आगे बताया मंगलवार को सिंधी समाज हिंदू सनातनी हैं इसलिए मंगलवार को हनुमान जी का सिंधी भवन के हनुमान मंदिर में चालीसा पाठ होगा। नरेश बेलानी ने बताया कि शनिवार को 125 से अधिक सिंधी समाज के लोग सिंधी तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर सिंधी तीर्थ यात्री के प्रमुख और प्रगतिशील सिंधी समाज के मुख्य संयोजक विजय इसरानी ने पत्रकारों को बताया यह तीर्थ यात्रा दिल्ली से चलकर शिरडी, हिंगलाज माता, शनि शिंगणापुर और पुणे में दादा जे पी वासवानी का जन्मदिन मनाने के बाद 4 अगस्त 2023 को दिल्ली वापस आयेंगे। इस तीर्थ यात्रा में विजय इसरानी सहित महेश हिंगोरानी, श्रीकांत भाटिया, भीष्म टेकचंदानी के साथ साथ 125 से अधिक यात्री साथ जा रहे हैं।

# डीबीसी कर्मचारियों की हड़ताल को पूर्व महापौर ने दिया समर्थन



**नई दिल्ली,**1 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के पूर्व महापौर जय प्रकाश ने निगम मुख्यालय के बाहर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों का समर्थन किया है। अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों के बीच पहुंचे पूर्व महापौर ने कहा कि दिल्ली सरकार के खिलाफ डीबीसी कर्मचारी 2 दिन से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं दिल्ली की मुख्यमंत्री और महापौर उसका कुछ भी संज्ञान नहीं ले रहे हैं जो कि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है एक पूरी दिल्ली जल जनित बीमारियों के प्रकोप से परेशान है वहीं प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है पूर्व महापौर जय प्रकाश ने मांग की है कि उनके कार्यकाल के दौरान जो निगम ने आदेश जारी किया था उसको लागू कर के कर्मचारियों की मांगों को पूरा किया जाए ताकि हड़ताल खत्म हो सके और दिल्ली जल जनित बीमारियों पर लगाम लगाई जा सके जय प्रकाश ने कहा कि हम हमेशा कर्मचारियों के साथ हैं और जल्द इस विषय पर निगम आयुक्त से भी मिलेंगे ताकि समाधान निकाला जा सके।

# अन्नाभाउ साठे को मिले भारत रत्न : केसीआर

**नई दिल्ली,**1 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने वाटेगांव में मंगलवार को आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के प्रख्यात कवि अन्नाभाउ साठे को मरणोपरांत भारत रत्न देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखूंगा। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से अपील करता हूं कि अन्नाभाउ साठे को भारत रत्न मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री केसीआर ने साठे की 103वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को महाराष्ट्र के वाटेगांव में आयोजित जनसभा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि उनकी कृतियों का भारत की सभी भाषाओं में अनुवाद किया जाना चाहिए। केसीआर ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से भी अनुरोध किया कि वे अन्नाभाउ साठे को भारत रत्न देने के लिए पत्र लिखकर प्रधानमंत्री से इसकी अनुशंसा करें। मुख्यमंत्री केसीआर ने जनसभा में उपस्थित भारी भीड़ से अन्नाभाउ को भारत रत्न दिलाने के प्रस्ताव का समर्थन करने कहा। भारी जनसमूह ने ताली बजाकर इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया। केसीआर ने कहा कि मतंग समाज भारतवासियों का मूल समाज है। ये मतंग महामुनि के वंशज हैं। इस समाज का वर्णन महाकवि कालिदास ने किया है। मतंग समाज का वर्णन पुराणों में भी है। लेकिन इस समाज का आदर नहीं होता है। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) मतंग समाज के लोगों को पार्टी में अच्छे पदों पर स्थापित करेगी। बीआरएस पार्टी मतंग समाज को साथ लेकर चलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री केसीआर को उनके परिवार के सदस्यों ने अन्नाभाउ साठे की प्रतिमा और साहित्य भेंट किया। जनसभा में अन्नाभाउ साठे के पोते सचिन साठे और सचिन साठे की मां सावित्रीभाई साठे मौजूद थे। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र बीआरएस पार्टी के प्रभारी के वंशीधर राव, हरिबाव राठौड़, कादिर मौलाना, भानुदास मुरकुटे, घन श्याम शेलार, भागीरथ बाल्के, बीजे देशमुख, शंकरन्ना डोंगे, मलिक कदम, विधायक जीवन रेड्डी, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रविंदर सिंह ने भाग लिया।



- साठे की जयंती पर आयोजित जनसभा को किया संबोधित
- अन्नाभाउ की कृतियों का देश की सभी भाषाओं में अनुवाद किया जाना चाहिए
- केसीआर ने साठे को भारत रत्न देने का प्रधानमंत्री से किया आग्रह

### अन्नाभाउ को कहा जाता है मैक्सिम गोर्की

इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि अन्नाभाउ साठे को मैक्सिम गोर्की कहा जाता है, यह तुलना उनके विशाल व्यक्तित्व का परिचय देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साठे को रूस जैसे देश ने मान्यता दी थी और वहां के प्रधानमंत्री ने उन्हें आमंत्रित कर सम्मानित किया था। उन्होंने कहा कि रूसी लाइब्रेरी में साठे की एक मूर्ति है। साठे को भारतीय मैक्सिम गोर्की के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि यह अफसोस की बात है कि भारत के शासकों ने साठे को मान्यता नहीं दी और उनके साहित्य को दुनिया के सामने लाने की पहल नहीं की। केसीआर ने कहा कि उनके कृतियों का भारत की सभी भाषाओं में अनुवाद किया जाना चाहिए और इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेश किया जाना चाहिए।

# डेंगू से बचाव को अस्पताल में बनेंगे प्रोटोकॉल

**नई दिल्ली,**1 अगस्त (देशबन्धु)। डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए दिल्ली के अस्पतालों में बचाव के लिए प्रोटोकॉल बनाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा गया है कि हर मरीज को बेहतर उपचार दिया जाए। मंगलवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने लोकनायक सहित अन्य अस्पताल के प्रमुख के साथ बैठक कर डेंगू को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया। बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच अस्पतालों को निपटने के लिए प्रोटोकॉल बनाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि जो भी स्कूल डेंगू पर निर्देशों का उल्लंघन कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि वह खुद बुधवार को कुछ स्कूलों का दौरा करेंगे। साथ क्षेत्र के डीएम को भी निरीक्षण के लिए बोला जाएगा। मंत्री ने बताया कि इस बार सामान्य से अधिक बारिश हुई है। बारिश के कारण वेक्टर जनित बीमारियां बढ़ रही हैं। यहीं कारण है कि इस बार डेंगू के मामले भी बढ़े हैं। ऐसे में कोरोना महामारी की तरह इससे निपटने के लिए प्रोटोकॉल तैयार करने का निर्देश दिया गया है। मंत्री ने कहा कि मंगलवार को लोकनायक अस्पताल का निरीक्षण किया और कुछ खामिया पाई गई, जिन्हें ठीक करने को कहा गया। दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के अस्पतालों में डेंगू को लेकर पूरी तैयारियां की गई है। साथ ही बचाव को एमसीडी आयुक्त को निर्माणाधीन इमारतों वाले क्षेत्रों और अन्य स्थानों पर ड्रोन का उपयोग करके फॉगिंग कराने का निर्देश दिया है।



- अस्पताल प्रमुख के साथ स्वास्थ्य मंत्री ने की समीक्षा बैठक
- स्कूलों का दौरा करेंगे, बच्चों को पूरे बाजू के कपड़े पहनने का आदेश

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की सलाह

डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी सलाह जारी की है। इसमें कहा गया है कि यदि किसी में डेंगू के लक्षण दिखाई देते हैं तो तुरंत जांच करवाए। साथ ही डेंगू से बचाव के लिए विशेष ध्यान दें।

# भारत में जल परिवहन पुस्तक को राजभाषा सम्मान

**नई दिल्ली,**1 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने राजभाषा शील्ड एवं मौलिक पुस्तक योजना के तहत वरिष्ठ पत्रकार और लेखक अरविंद कुमार सिंह को उनकी पुस्तक भारत में जल परिवहन के लिए सम्मानित किया गया। विज्ञान भवन में आयोजित मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में यह पुरस्कार दिया गया। इस समारोह में कई सांसद, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और सभी बंदरगाहों के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे। उनकी लिखी पुस्तक भारत में जल-परिवहन भारत में नौवहन के गौरवशाली अतीत के साथ मौजूदा परिदृश्य में भविष्य की सम्भावनाओं की पड़ताल करती है। इस पुस्तक का प्रकाशन नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया ने किया है। सदियों तक जल परिवहन हमारे सामाजिक-आर्थिक विकास में मददगार रहा। ताकतवर जलमार्गों के तट पर वैभवशाली नगर बसे।




- हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में दिया गया पुरस्कार

करार | *ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने को बढ़े कदम*

# एम्स ने निजी भागीदारी से लगाया सोलर पैनल

**नई दिल्ली,1 अगस्त (देशबन्धु)। अग्रणी ऊर्जा एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी जैक्सन ग्रुप ने एम्स दिल्ली के साथ एक साझेदारी की है। कंपनी ने इस साझेदारी के तहत पर्यावरण के लिहाज से अनुकूल उपाय अपनाते हुए एम्स के डायरेक्टर के बंगले की छत पर सोलर पैनल लगाए हैं। जैक्सन ग्रुप की सीएसआर इकाई जैक्सन वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में 9 किलोवॉट का ये प्रोजेक्ट लगाया गया है। इस सोलर प्लांट से हर साल 13,140 यूनिट बिजली का उत्पादनहोने की उम्मीद है, इससे खपत की 100 फीसदी बिजली तैयार हो जाएगी। कंपनी ने अपने सबसे नए और सबसे बेहतर हेलिया सीरीज के सोलर पैनल लगाए हैं,जो हाफ-कट मोनोपीईआरसी सोलर सेल।**

की ए प्लस कैटेगरी पर बनाए गए हैं और कम एलसीओई प्रोवाइड करते हैं, जिससे परफॉर्मेंस बेहतर हो जाता है। इस प्रोजेक्ट का उद्घाटन एम्स के डायरेक्टर डॉक्टर एम श्रीनिवास और आईआरईडीए के चेअरमन एवं मॅनेजिंग डिरेक्टर ल पी.के.दास द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मंत्रालय, एम्स, कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री और जैक्सन ग्रुप के प्रमुख लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर एम्स निदेशक ने कहा कि पर्यावरण से जुड़े हमारे उद्देश्यों को हासिल करने की दिशा में रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट बनाना एक महत्वपूर्ण कदम है।

हम न केवल अपने परिचालन को बेहतर बनाने में, बल्कि बड़े पैमाने पर पर्यावरण के हित में योगदान देने के लिए भी ग्रीन एनर्जी की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचान रहे हैं।

जैक्सन ग्रुप के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डाइरेक्टर समीर गुप्ता ने कहा की हमें इस परियोजना के लिए एम्स, दिल्ली के साथ सहयोग करके खुशी हो रही है। एक डायवर्स ऊर्जा कंपनी के रूप में जैक्सन नवीकरणीय ऊर्जा के विभिन्न समाधानों के माध्यम से पूरे देश में नेट जीरो मिशन का समर्थन करने के लिए मजबूती से प्रतिबद्ध है और एम्स के साथ हमारी साझेदारी यही प्रतिबद्धता दिखाती है।

हम एम्स को उनकी ग्रीन जर्नी शुरू करने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता के अभियान में अन्य प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों को शामिल होने के लिए प्रेरित करने वाला उदाहरण स्थापित करने की बधाई देते हैं।




- एम्स डायरेक्टर डॉक्टर एम श्रीनिवास ने किया प्रोजेक्ट का उद्घाटन
- जैक्सन ग्रुप ने एम्स दिल्ली के साथ की साझेदारी

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने चावड़ी बाजार में खोली अपनी शाखा

**नई दिल्ली,**1 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली और एनसीआर उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड यूएसएफबीएल ने दिल्ली के चावड़ी बाजार में अपनी शाखा का उद्घाटन किया। इसके साथ, बैंक की दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 29 शाखाओं के साथ देश में 852 शाखाएं हैं। चावड़ी बाजार के के ग्राहक अब बैंक के उत्पादों और सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, जिसमें बचत बैंक खाता, चालू खाता, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित अन्य सुविधाएं शामिल हैं। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा की दिल्ली एनसीआर एक महत्वपूर्ण राज्य है। इस बैंकिंग शाखा की शुरुआत करते हुए, हम एक समृद्ध समुदाय के लिए आधार तैयार कर रहे हैं, जहां व्यक्ति अवसरों का लाभ उठा सकते हैं, उनकी वित्तीय जरूरतों को आसान बना सकते हैं, और उपलब्धि व प्रगति के लिए संभावनाओं का उपयोग कर सकते हैं। बैंक अपने ग्राहकों को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करने की स्थिति में है, जिसमें बचत और चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा के साथ-साथ आवास ऋण, व्यवसाय ऋण और संपत्ति के खिलाफ ऋण जैसे विभिन्न ऋण उत्पाद शामिल हैं। अपनी शाखा संरचना, डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं और एटीएम नेटवर्क के साथ, बैंक एकीकृत ग्राहक सेवा प्रदान करता है।



# कैपिटल ज़ोन

उवाच

"तय समय में वाहन का रोड टैक्स जमा करना अनिवार्य है। अन्यथा उस पर जुर्माना लगने लगता है। अलग-अलग वाहनों के अनुसार जुर्माना तय है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे वाहन मालिक हैं, जिन्होंने वाहन को कबाड़ में कटवा लिया है, लेकिन पंजीकरण निरस्त नहीं कराया है।

**सियाराम वर्मा, एआरटीओ प्रशासन**

## जन स्वास्थ्य विभाग के साथ सीईओ ने की बैठक, दिए निर्देश



**नोएडा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम द्वारा जन स्वास्थ्य विभाग एवं स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर समीक्षा बैठक की गई। इस मौके पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रभास डीजीएम, आरपी सिंह डीजीएम, एसपी सिंह वह श्रीपाल भाटी के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गो के उत्पादों की टाइल्स की मरम्मत आदि का कार्य 10 दिनों में पूर्ण किया जाए। फुटपाथ की पाइपों से मिट्टी की सफाई व जंगल सफाई को लेकर विशेष अभियान चलाकर 7 दिन में काम पूरा किया जाए। नोएडा के समस्त बरात घरों बैंकटहॉल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पूर्ण रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया जाए। प्रयोग करते पाए जाने पर जुर्माना लगाया जाए। नोएडा प्राधिकरण के समस्त कार्यालयों में भी सिंगल यूज प्लास्टिक और पैक्ड वाटर बोतल जैसे बिसलेरी आदि के प्रयोग पर प्रतिबंधित किया गया है। जिन सोसाइटी में एसटीपी कार्यशील नहीं है वहां पर पेनल्टी लगाते हुए कठोर कार्रवाई की जाए। नोएडा के क्षेत्र में बल्क वेस्ट जनरेटर स्थापित नहीं है उनके विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई में पेनल्टी लगाई है। सेक्टर 54 में लिखे सी वेस्ट को समाप्त करने के बाद बनाए गए वेटलैंड में पानी की गुणवत्ता सुधारते हुए उसमें ए रोटर मशीन लगाई जाए। जन स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारियों को प्रतिदिन वर्दी सेफ्टी जैकेट के साथ काम करने के निर्देश दिए गए।

### 15 अगस्त तक स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए केंद्रीय टीम कर सकती है दौरा

**नोएडा।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के लिए सफाई की हकीकत जानने केंद्र सरकार की टीमों ने दौरा शुरू कर दिया है। नोएडा में 15 अगस्त के आसपास टीम के आने की संभावना है। पहले चरण में टीम कूड़ा रहित शहर के बिंदुओं पर जांच करेगी। अलग-अलग तीन चरण में टीम सर्वे करने आएंगी। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि कूड़ा रहित शहर के अंतर्गत घरों से लोग पृथक-पृथक कूड़ा दे रहे हैं या नहीं, कंपनी के कर्मचारी उसको अलग-अलग रख रहें या नहीं की प्रक्रिया को देखा जाएगा। इसके अलावा सड़क पर कहीं कूड़ा तो नहीं फैला है। मुख्य जगह कूड़े के ढेर तो नहीं लगे हुए हैं, आदि बिंदुओं पर सर्वेक्षण टीम शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर जायजा लेगी। इसके बाद कूड़ा निस्तारण प्लांट पर जाकर कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से हो रहा है या नहीं, यह भी टीम देखने जाएगी। इसके अलावा लोगों से भी कूड़े के प्रबंधन को लेकर राय लेगी। दूसरे व तीसरे चरण में शौचालयों और नालों की सफाई, वाटर प्लस श्रेणी में सीवेज ट्रीटमेंट पानी के प्रयोग की व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं पर हकीकत देखेगी। अधिकारियों ने बताया की टीम के आने से पहले जरूरी तैयारी शुरू कर दी गई है। शहर में पहले से ही सफाई को लेकर बेहतर सिस्टम बना हुआ है। अब उनमें जो कमियां हैं उनको दूर किया जाएगा। गौरतलब है कि वर्ष 2022 में नोएडा ने पूरे देश में स्वच्छ सर्वेक्षण में 11 वां स्थान पाया था जबकि यूपी में पहला स्थान था।

## दो चीनी नागरिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। एसटीएफ ने दो चीनी नागरिकों व एक भारतीय कंपनी के खिलाफ थाना सेक्टर-63 में मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में पूर्व में एसटीएफ ने थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज कराया था। जांच पड़ताल में पता चला था कि आरोपियों के तार सेक्टर-63 की एक कंपनी से जुड़े हुए हैं। एसटीएस के इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने थाना सेक्टर-63 में चीनी नागरिक लीय रूई, लीय युआन व रोशून इलेक्ट्रॉनिक कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी, विदेशी विषयक अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में एसटीएफ ने थाना बीटा-2 क्षेत्र में इस पूरे गोरखधंधे का पर्दाफाश करते हुए करीब डेढ़ दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

प्रारंभिक जांच में पता चला था कि मोबाइल डाटा स्क्रैप को फर्जी कंपनियों के जरिए चीन निर्यात कर सरकार को करोड़ों रुपए राजस्व का चूना लगाया जा रहा था। इस मामले की जांच पड़ताल के दौरान एसटीएफ को थाना सेक्टर-63 के डी ब्लॉक की एक कंपनी के बारे में भी जानकारी मिली। इस कंपनी के द्वारा फर्जी तरीके से मोबाइल डाटा स्क्रैप को चीन भेजा जाता था।

## संभव जनसुनवाई के अंतर्गत जनसमस्याओं को सुना



**गाजियाबाद,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्य कार्यालय में समस्त विभागीय अधिकारियों सहित अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने संभव जनसुनवाई के अंतर्गत जनसमस्याओं को सुना। संभव के दौरान 15 संदर्भ प्राप्त हुए जिनमें निर्माण, उद्यान, स्वास्थ्य, जलकल तथा संपत्ति विभाग से संबंधित संदर्भों पर शिकायतें प्राप्त हुई।

गाजियाबाद नगर निगम महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ के नेतृत्व में शहर वासियों की समस्याओं के समाधान हेतु कार्रवाई कर रहा है। संभव में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा दिए गए साथ ही कार्रवाई आख्या शाम तक प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिए। अरुण कुमार यादव ने बताया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार समस्त विभागीय

**■ संभव में प्राप्त हुए 15 संदर्भ, अधिकारियों को मौके पर कार्रवाई के निर्देश**

अधिकारियों के साथ जनसुनवाई संभव में आए हुए आगंतुकों से उनकी समस्याओं को समझा गया। नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए। संपत्ति विभाग से संबंधित संदर्भ पर नियम से कार्रवाई कराने हेतु भोलानाथ संपत्ति अधीक्षक को आदेशित किया गया, घूकना, नंदग्राम, लोहिया नगर, विजयनगर, पटेल नगर, कवि नगर, से शिकायतकर्ता आए जिनकी समस्याओं के समाधान हेतु तत्काल कार्रवाई कराई गई, कई माननीय पार्षदों द्वारा भी अपने क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गई जिस के क्रम में संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।

## सार संक्षेप

### जेईई व एनईईटी की सावित्रीबाई फूले की छात्राओं को मिलेगा निःशुल्क कोचिंग




**ग्रेटर नोएडा।** सावित्री बाई फूले बालिका इंटर कॉलेज, ग्रेटर नोएडा में जेईई व एनईईटी की निःशुल्क कोचिंग के लिए छात्राओं का चयन किया गया। स्कूल की उप प्रधानाचार्या प्रीती फोगाट ने कहा कि यह हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे विद्यालय की कक्षा 11 व 12 की आर्थिक रूप से कमजोर व होनहार छात्राओं का चयन अभ्युदय योजना के अंतर्गत पंचशील बालक इंटर कॉलेज में निःशुल्क जेईई व एनईईटी की कोचिंग हेतु हो गया है। यह योजना मुख्यमंत्री द्वारा गरीब व प्रतिभावान युवाओं को लाभान्वित करने हेतु चलाई जा रही है। यह कक्षाएं प्रतिदिन दोपहर 2-30 से 4 बजे तक आयोजित होती हैं। सभी छात्राएं विद्यालय व सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क कोचिंग सुविधा से अत्यंत उत्साहित है तथा अपने उज्जवल भविष्य निर्माण हेतु तत्पर हैं।

### हरियाणा में सब्जी बेचने गए दो भाइयों के साथ मारपीट

**जेवर।** रेहड़ी पर लहसुन प्याज बेचने गए जेवर के दो भाईयों ने पलवल के गांव बरौली में लोगों द्वारा पिटाई करने व लूटपाट करने का आरोप लगाया है। राहगीरों की मदद से दोनो पीड़ितों ने पलवल के चांदहट थाना पहुंचकर पुलिस से मामले की शिकायत की है। सूचना पर पुलिस द्वारा मामले की सूचना पीड़ितों के परिवार को दी गई। स्वजनों ने दोनों को जेवर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के बाद मंगलवार को दोनो को छुट्टी दे गई। आरोप है कि 10-15 अज्ञात लोगों ने दोनो भाइयों के साथ मारपीट शुरू कर दी तथा 10 हजार रुपए की नगदी लूटकर फरार हो गए। पीड़ितों ने बताया कि आरोपित उनके बेहोश होने पर फरार हो गए।

### निपुण टूल किट क्विज प्रतियोगिता में जिले का शानदार प्रदर्शन

**नोएडा।** परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के मानसिक विकास और गुणवत्तापरक शिक्षा को हुई निपुण टूल किट क्विज प्रतियोगिता में गौतमबुद्ध नगर का शानदार प्रदर्शन रहा। जिले के शत प्रतिशत शिक्षकों ने ना सिर्फ प्रतिभाग किया बल्कि सारे सवालों का जवाब देकर प्रदेश के टॉप 5 जिलों में अपनी जगह बनाई। निपुण भारत मिशन के तहत राज्य परियोजना की तरफ से ऑनलाइन निपुण टूलकिट क्विज प्रतियोगिता होती है। इसमें परिषदीय विद्यालयों में चल रहे निपुण मिशन से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं, जिसमें परिषदीय विद्यालयों में तैनात सभी शिक्षक शामिल होते हैं। इसमें लिंक के माध्यम से शिक्षकों से 2 सवाल पूछे गए थे। प्रश्न 1 में 8 बिंदु और 2 में 7 बिंदु पर जानकारी मांगी गई थी। जिसने गौतमबुद्ध नगर के लगभग 2700 शिक्षकों ने ना सिर्फ प्रतिभाग किया बल्कि बेहतर अंक भी हासिल किया। प्रथम सवाल का शत प्रतिशत सही जवाब देने वाले जिलों में गौतमबुद्ध नगर के अलावा अलीगढ़, वाराणसी, भदोही व प्रयागराज भी शामिल है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने बताया कि यह निपुण टूल किट क्विज में गौतमबुद्ध नगर प्रदेश के टॉप 5 जिले में शुमार है। जिले के शिक्षकों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसके लिए सभी शिक्षक, एआरपी, एसआरजी व शिक्षक संकुल सरहाना के पात्र है।

## किसानों का धरना जारी महिलाओं ने की नारेबाजी

**नोएडा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय किसान सभा की अगुवाई में प्राधिकरण के बाहर किसानों का धरना मंगलवार को भी जारी रहा। धरने में महिलाओं ने अफसरों के खिलाफ नारेबाजी की और मांगों को पूरा करने की मांग की। वहीं, किसान सभा की कमेटियां अपने गांवों में भूमिहीनों की सूची तैयार कर रही हैं, ताकि उन्हें भूखंड दिलाया जा सके।

किसान सभा का धरना मंगलवार को 76वें दिन जारी रहा। धरने की अध्यक्षता ओमवती और संचालन अजय पाल रामपुर ने किया। किसान सभा के प्रवक्ता डॉ. रूपेश वर्मा ने कहा कि 10 प्रतिशत आबादी प्लॉट के लिए जमीन का आंकड़ा तैयार किया जा रहा है। रोजगार और भूमिहीनों के संबंध में किसान सभा की कमेटियां अपने गांवों में सूची तैयार कर रही हैं। किसान सभा के नेता निशांत रावल ने कहा कि जब तक समस्याएं हल नहीं होतीं, तब तक आंदोलन चलता रहेगा। अमित यादव ने कहा कि किसान सभा लोकतांत्रिक और बराबरी में

**■ भूमिहीनों की सूची तैयार कर भूखंड दिलाए जाने की मांग**

विश्वास करने वाला संगठन है। एकता हमारी ताकत है। उसी के दम पर आंदोलन इस मुकाम पर पहुंचा है। किसान सभा के जिला सचिव जगबीर नंबरदार ने कहा कि दलालों से सावधान रहें। अमित भाटी ने कहा कि वह पूरे क्षेत्र के नौजवानों को संगठित कर रहे हैं। मोहित भाटी ने कहा कि लड़ाई आर-पार की है। प्रेमवती ने कहा कि भूमिहीन किसानों के हक और समझौते के अनुसार 40 वर्ग मीटर का प्लॉट लेकर रहेंगे। सुनील फौजी ने कहा कि नए कानून का उल्लंघन प्राधिकरण द्वारा कानून के लागू होने के दिन से ही किया जा रहा है। धरने में मुकेश रावल, सुशील, सुरेश यादव, गवरी मुखिया, बुध पाल यादव, मोनू मुखिया, राजेंद्र भाटी, मदनलाल भाटी, बिजेंद्र नागर, सतीश यादव, यतेंद्र सुनपुरा, सुशील, राजवती, पूजा, महेश प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## सूरत नगर निगम पहुंचे महापौर व नगर आयुक्त गाजियाबाद

**गाजियाबाद,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। महापौर सुनीता दयाल व नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ कर निर्धारण योजना तथा ठोस अपशिष्ट निस्तारण को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिरकत की। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गुजरात के सूरत एवं अहमदाबाद नगर निगम में किया जा रहा है। महापौर तथा नगर आयुक्तों के लिए 1 अगस्त से दिनांक 5 अगस्त तक ट्रेनिंग का आयोजन हुआ है। ट्रेनिंग के पहले दिन कर निर्धारण योजना तथा ठोस अपशिष्ट निस्तारण हेतु विस्तार से चर्चा हुई।

नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने बताया कि पांच दिवसीय ट्रेनिंग का कार्यक्रम जिसमें इमर्जिंग गुड प्रैक्टिस इन अरबन प्लानिंग एंड मैनेजमेंट थीम पर ट्रेनिंग दी जाएगी। गुजरात की सूरत एवं अहमदाबाद नगर निगम अर्बन इन्फ्राट्रक्चर के क्षेत्र में देश की अग्रणी



**■ कर निर्धारण व ठोस अपशिष्ट निस्तारण पर हुई चर्चा**

नगरीय निकायों में से एक है। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत बेहतर योजनाएं ठोस अपशिष्ट निस्तारण व अन्य कार्यों में बनाई जा सके, गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर हित में प्रयासरत है सूरत में आयोजित कार्यक्रम में नगर आयुक्त ने गाजियाबाद की योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

## अर्चना सोलंकी बरेली में बेस्ट बॉक्सर घोषित

**बुलंदशहर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। चोला थाना क्षेत्र के गांव नगला वंशी की बेटी अर्चना सोलंकी पुत्री पप्पू सोलंकी उर्फ हेमसिंह सोलंकी जो मध्यम परिवार से हैं अर्चना सोलंकी उत्तर प्रदेश पुलिस जून 2021 में भर्ती हुई। जो बरेली में सिपाही के पद पर तैनात हैं अर्चना सोलंकी ने बरैली की 26वीं अंतर्जनपदीय कबड्डी भारोत्तोलन बॉक्सिंग बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता- 2023, 48-50 किलो भार में भाग लिया और गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में आठ जिले शाहजहांपुर, बिजनौर, अमरोहा, रामपुर, बदायूं, मुरादाबाद, बरेली, पीलीभीत से भाग लिया अर्चना सोलंकी को बरैली जॉन की तरफ से प्रथम घोषित कर ऑल इंडिया लेवल पर खेलने के लिए चुना गया। जिसके साथ इन्होंने गांव व क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है



**■ ऑल इंडिया पुलिस में खेलने के लिए चुना गया**

अर्चना सोलंकी के घर खुशी का माहौल है अर्चना सोलंकी के सभी सखी सहेली कॉल के मध्यम से बधाई दे रही है और घर पर समाज के बड़े बुजुर्ग और सभी साथ की लड़कियों को माता पिता द्वारा मिष्ठान खिला कर खुशी जाहिर की।

## तीन हजार लोगों ने वाहनों का पंजीकरण नहीं कराया निरस्त

**नोएडा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में वाहन को कबाड़ में कटवाने के बाद भी करीब तीन हजार लोगों ने पंजीकरण निरस्त नहीं कराया। इसके चलते टैक्स और उस पर कई गुना जुर्माना लग गया और नोटिस आ गए। इसके बाद लोग परिवहन विभाग के चक्कर लगा रहे हैं।

निजी वाहनों का एक मुश्त रोड टैक्स जमा होता है, जबकि व्यवसायिक गाड़ियों का तीन माह, छह माह और वार्षिक रोड टैक्स जमा करने की व्यवस्था है। वाहन मालिक अपनी सुविधानुसार अवधि चुन सकता है। परिवहन विभाग के अनुसार करीब 20 हजार वाहन मालिकों का रोड टैक्स बकाया है। इनमें से लगभग तीन हजार लोग ऐसे हैं, जिन्होंने वाहन को कबाड़ में कटवा दिया, लेकिन उसका परिवहन विभाग में पंजीकरण निरस्त नहीं कराया।

एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा ने कहा कि तय समय में वाहन का रोड टैक्स जमा करना अनिवार्य है। अन्यथा उस पर जुर्माना लगने लगता है। अलग-अलग वाहनों के अनुसार जुर्माना तय है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे वाहन मालिक हैं, जिन्होंने वाहन को कबाड़ में कटवा लिया है, लेकिन पंजीकरण निरस्त नहीं कराया है। यही कारण है कि वाहन पर लगातार टैक्स बन रहा है।

## साइबर ठग ने ट्रेजरी बाबू बनकर सेवानिवृत्त दरोगा के खाते से 10 लाख रुपए उड़ाए

**नोएडा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। साइबर ठग ने खुद को ट्रेजरी बाबू बताकर रिटायर्ड दरोगा के खाते से तीन बार में 10 लाख रुपए निकाल लिए। खाते से पेंशन का पैसा निकलने के बाद पीड़ित और उसका परिवार सदमे में है। बुलंदशहर से मामला अब नोएडा के सेक्टर-36 स्थित साइबर क्राइम थाने में आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साइबर क्राइम थाने में दी शिकायत में बुलंदशहर के सिकंदराबाद के किशन पाल सिंह ने बताया कि वह बीते साल 31 अक्तूबर को पुलिस सेवा से बतौर दरोगा रिटायर हुए थे। उसी दिन उनके खाते में पेंशन के 10 लाख रुपए आए। किशन पाल की अंतिम तैनाती गाजियाबाद के टीला मोड़ थाने में थी। 12 नवम्बर को किशन पाल के पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को ट्रेजरी बाबू बताकर पीड़ित से बैंक संबंधी जानकारी हासिल की। कॉल करने के कुछ समय बाद ही किशन के खाते से तीन बार में 10 लाख रुपए निकल गए। अगले दिन जब उन्होंने मोबाइल चेक किया तो खाते से 10 लाख रुपए निकालने का मैसेज आया मिला। जालसाज ने पहली बार में चार लाख 50 हजार, दूसरी बार में तीन लाख, जबकि अंतिम बार में दो लाख 50 हजार रुपए निकाले। पीड़ित ने सबसे पहले ठगी की शिकायत बुलंदशहर पुलिस लाइन में दी। वहां से मामला सिकंदराबाद थाने पहुंचा। ठगी की राशि पांच लाख रुपये से अधिक होने के कारण अब साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज हुआ है। साइबर क्राइम थाने की प्रभारी रीता यादव ने बताया कि जालसाज के मोबाइल नंबर और खाते में गई रकम के आधार पर पुलिस जालसाजों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### 92 हजार रुपए हुए थे फ्रीज

पीड़ित ने बताया कि ठगी के बाद बैंक से संपर्क करने पर 92 हजार रुपये को फ्रीज कर दिया गया था। हालांकि, वह पैसा अभी तक पीड़ित को नहीं मिला है। पीड़ित ने बताया कि पेंशन की रकम को उसने व्यापार में लगाने की सोची थी, ताकि आगे का जीवन अच्छा बीत सके। ठगी के बाद से वह मानसिक स्तर पर पूरी तरह से टूट गया है। परिवार को तमाम तरह की आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दर-दर भटकने के बाद भी अभी तक उसे ठगी की रकम वापस नहीं मिली है। पीड़ित का यह भी दावा है कि उसने अनजान कॉलर से ओटीपी साझा नहीं किया था।

**कार्यक्रम** | किसानों को जागरुक करने के लिए कृषक गोष्ठी का आयोजन

## 'कृषि की नवीनतम तकनीकी अपनाकर खेती करें कृषक'

**ग्रेटर नोएडा, 1 अगस्त (देशबन्धु)। किसानों को जागरुक करने को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में कृषि विज्ञान केंद्र छोलस में कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सदस्य विधान परिषद श्रीचंद शर्मा, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह एवं कृषि विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा जनपद की भौगोलिक स्थिति एवं दिल्ली के नजदीक होने के कारण फल, फूल, सब्जी की खेती करते हुए मूल्य सम्बर्द्धन के लिए कृषकों को प्रोत्साहित किया गया।**

मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह द्वारा कृषकों को कृषि की नवीनतम तकनीकी अपनाकर खेती किये जाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर विनोद कुमार ने कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे सोलर फोटो वोल्टेक पम्प, मिलेटस योजनाओं में वितरित मिनिकिटस, कृषि में नैनो यूरिया के प्रयोग को बढावा दिये जाने पर अपने विचार व्यक्त किये। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. विपिन कुमार ने श्री अन्न जैसे रागी, सांवा, बाजरा आदि की खेती को बढ़ावा दिये जाने पर अपने विचार व्यक्त किये गये।

डॉ. कुंवर घनश्याम ने पशुओं को टीका लगाने एवं उनके खान-पान पर विशेष ध्यान दिये जाने पर विचार व्यक्त किए गए। डॉ. विनीता ने जन सामान्य के स्वास्थ्य एवं फलों-सब्जियों की खेती के लिए कृषकों प्रोत्साहित किया। डॉ. मयंक राय ने कृषि विज्ञान केन्द्र पर संचालित कार्यक्रमों में प्रतिभाग के लिए कृषकों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में जनपद के लगभग 500 कृषक उपस्थित रहे। विभिन्न विभागों ने अपने उत्पादों के स्टाल लगवाकार उनके बारे में जानकारी कृषकों को दी गई। कार्यक्रम का संचालन अम्बा प्रकाश शर्मा, अपर जिला कृषि अधिकारी ने किया।



**■ किसानों को फल, फूल, सब्जी की खेती करने के लिए किया गया प्रोत्साहित**

## सेक्टर-119 में फहराया जाएगा एनसीआर के हाउसिंग सोसाइटी का सबसे ऊंचा तिरंगा

**नोएडा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। सेक्टर-119 में स्थित एल्डेको आमंत्रण सोसाइटी में इस स्वतंत्रता दिवस को एनसीआर की किसी भी हाउसिंग सोसायटी में अब तक फहराए गए ध्वजों में सबसे ऊंचा तिरंगा फहराने और अपना इतिहास रचने की तैयारी की है।

राष्ट्रभक्ति और गर्व के एक अद्भुतप्रदर्शन के तौर पर, नोएडा में स्थित एल्डेको आमंत्रण सोसाइटी ने एनसीआर में किसी भी सोसाइटी में देखे गए अब तक के सबसे ऊंचे तिरंगे को फहराने की तैयारी की है। स्वतंत्रता दिवस के नजदीक आते ही, इस सोसाइटी के सदस्य राष्ट्र के प्रति अटल आस्था के प्रतीक रूप में 31 मीटर ऊंचे भव्य ध्वज को फहराने के लिए तैयार हैं, जो राष्ट्रीय इतिहास और धरोहर के प्रति उनके अटल प्रेम का प्रतीक होगा।

राष्ट्र के 77वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर एल्डेको आमंत्रण सोसाइटी का एनसीआर में सबसे ऊंचे तिरंगे को फहराने की यह अनोखी पहल राष्ट्रभक्ति और एकता का एक मिसाल बनेगा।

एल्डेको आमंत्रण एओए के अध्यक्ष निखिल सिंघल ने बताया कि हम स्वतंत्रता दिवस के शुभअवसर पर इस महत्वपूर्ण इवेंट के लिए सभी तैयारियां जोर-शोर से कर रहे हैं और सोसाइटी के निवासियों में भी इस ध्वज को फहराने के लिए काफी उत्साह है। यह तिरंगा 31 मीटर (बुनियाद और मास्ट के साथ लगभग 108 फीट) होगा और हमें यकीन है कि इसे फहराने से यह राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय गर्व का एक शक्तिशाली प्रतीक बनेगा। साथ ही हम धौला कुआं आर्मी हेडक्वार्टर्स से एक आर्मी बैंड प्रदर्शन के लिए अनुमति प्राप्त करने का भी प्रयास कर रहे हैं। हम आर्मी अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं और हमें उम्मीद है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस झंडे को फहराया जाने के वक्त आर्मी हेडक्वार्टर्स की बैंड भी यहां राष्ट्रगान की धुनबजाएगी। उन्होंने कहा कि यह ध्वज हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानो और भारत की आजादी के बाद के विकास का अविसमर्णीय प्रतीक बनेगा और यह ध्वजारोहण सोसाईटी के निवासियों के लिए भी गर्व का अविस्मरणीय पल बनेगा।

उवाच “

अभी तक सेक्टर-10 में लैदर पार्क, प्लास्टिक पार्क, इलेक्ट्रिक व्हीकल पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क 100-100 एकड़ भूमि पर बनाए जाने थे। जबकि इसी सेक्टर में 75 हेक्टेयर में पहले ट्रांसपोर्ट नगर बनाया जाना प्रस्तावित था। मगर अब इस योजना को बदल दिया गया है और ट्रांसपोर्ट नगर को सेक्टर-33 में बनाया जाएगा।

डॉ. अरुणवीर सिंह, यमुना प्राधिकरण सीईओ

# कैपिटल ज़ोन

## यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में सेमीकंडक्टर उत्पादन की लगेगी इकाई

### हीरानंदानी ग्रुप ने इकाई लगाने के लिए 100 एकड़ जमीन के लिए किया आवेदन

**ग्रेटर नोएडा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में सेमीकंडक्टर उत्पादन की दिशा में कदम बढ़ गए हैं। प्रदेश सरकार के बाद अब हीरानंदानी ग्रुप ने केंद्र सरकार के पास आवेदन भेजा है। इसके लिए 100 एकड़ जमीन मांगी गई है। इसमें 91 एकड़ में सेमी कंडक्टर और 9 एकड़ में अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर का उत्पादन होगा। हीरानंदानी ग्रुप के सीईओ दर्शन हीरानंदानी ने यमुना प्राधिकरण से अपनी योजना साझा की थी। इसके लिए 100 एकड़ जमीन मांगी है। दो साल में उत्पादन शुरू करने की योजना है। प्राधिकरण ने सेक्टर-28 में जमीन देने की तैयारी की है। हीरानंदानी ग्रुप ने केंद्र सरकार को भी अपना आवेदन भेजा है। कंपनी ने अपनी जरूरतों के बारे में भी प्राधिकरण को बताया है। पहले चरण में प्रति घंटे दो लाख लीटर और तीसरे चरण में 7.5 लाख लीटर पानी की जरूरत होगी। साथ ही 50 मेगावाट की बिजली की जरूरत पड़ेगी। केंद्र सरकार इस इंडस्ट्री के लिए सब्सिडी और कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनाने के लिए मदद करता है। यही कारण है कि केंद्र में भी आवेदन किया गया है। यमुना प्राधिकरण के क्षेत्र में 247 तरह के उद्योग लगाए जा सकते हैं। इसमें अभी सेमी कंडक्टर शामिल नहीं है। अब प्राधिकरण ने अपनी सूची में इसे भी शामिल करेगा।

### औद्योगिक विकास के लिए यमुना प्राधिकरण को जल्द मिलेगा 1300 एकड़ जमीन पर कब्जा

यमुना प्राधिकरण ने औद्योगिक नगरी का सपना साकार करने के लिए सेक्टर-10 में 1300 एकड़ भूमि अधिग्रहण करने की सामाजिक समाघात निर्धारण समिति की बैठक ने रिपोर्ट शासन को भेज दी है। अब जल्द ही जमीन अधिग्रहण की धारा- 11 की प्रक्रिया शुरू होगी। इस जमीन पर लैदर पार्क, प्लास्टिक पार्क, इलेक्ट्रिक व्हीकल पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क 100-100 एकड़ भूमि पर बनाए जाने थे। मगर इसी सेक्टर में 500 एकड़ में सेमीकंडेक्टर हब के रूप में विकसित किया जाएगा। यूपी में पहली बार सेमीकंडेक्टर का इतना बड़ा हब बनाया जाएगा। हालांकि इससे पहले गुजरात में इसे बनाया गया था और वहां पर सफल नहीं हो पाया था। इसलिए इसे देश का पहला सेमीकंडेक्टर प्रोजेक्ट भी कहा जा सकता है। दरअसल, यीडा ने 1300 एकड़ भूमि पर सेक्टर-10 औद्योगिक सेक्टर के रूप में विकसित करने की योजना बनाई थी। इसमें किसानों से सीधे जमीन क्रय की गई थी। जबकि जिन किसानों ने प्राधिकरण को सीधे जमीन नहीं दी थी। उनकी जमीन को अधिग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके लिए प्रशासन ने जीबीयू और दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसरों की टीम से सामाजिक समाघात निर्धारण (एसआईए) का सर्वे कराया गया था। इस संबंध में एसआईए कमेटी ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी है और यह रिपोर्ट अब शासन को भेजी जाएगी। इसके बाद शासन से अधिग्रहण प्रक्रिया के तहत धारा-11 की कार्रवाई कराई जाएगी। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि अभी तक सेक्टर-10 में लैदर पार्क, प्लास्टिक पार्क, इलेक्ट्रिक व्हीकल पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क 100-100 एकड़ भूमि पर बनाए जाने थे। जबकि इसी सेक्टर में 75 हेक्टेयर में पहले ट्रांसपोर्ट नगर बनाया जाना प्रस्तावित था। मगर अब इस योजना को बदल दिया गया है और ट्रांसपोर्ट नगर को सेक्टर-33 में बनाया जाएगा।

## चार दिन में ग्रेनो के 210 फ्लैट खरीदारों के नाम हुई रजिस्ट्री

- निबंधन विभाग को 3.35 करोड़ का राजस्व मिला
- फ्लैट खरीदारों की सहूलियत के लिए जारी रहेगा शिविर



**ग्रेटर नोएडा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की पहल पर निबंधन विभाग के सहयोग से परिसर के अंदर ही फ्लैटों की रजिस्ट्री के लिए शिविर लगाया जा रहा है। बीते चार दिनों में 210 फ्लैटों की रजिस्ट्री हुई, जिससे इनके खरीदारों को मालिकाना हक मिल गया है। इससे निबंधन विभाग को लगभग 3.35 करोड़ का राजस्व भी प्राप्त हुआ है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओसएडी सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण की तरफ से परिसर में ही लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बीते चार दिनों (26, 27, 28 और 31 जुलाई) में शिविर के जरिए 210 फ्लैटों की रजिस्ट्री की गई। ये रजिस्ट्री श्रीधारा इंफ्राटेक, कामरूप इंफ्राबिल्ड, सोलरिश रियलटेक, पिजन बिल्डहोम, एसजेपी होटल्स, स्टार सिटी रियल एस्टेट, गौड़ रियलटी, गौड़ संस हाईटेक, यूपी टाउनशिप, आस्था इंफ्रासिटी, न्यूवे होम्स, सिद्धार्थ इफ्राटेक, नंदी इंफ्रा, इनटाइसमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, पंचशील बिल्डटेक, गौड़ संस प्रमोटर्स, हवेलिया बिल्डर, एआईजी इंफ्राटेक, ओमकार नेस्ट, एम्स गोल्फ टाउन, डोमोस, सुरदीप इंफ्रा, रतन बिल्डटेक प्रोजेक्ट के फ्लैटों की हुई है। ओएसडी ने कहा कि फ्लैट खरीदारों के हक के लिए प्राधिकरण की तरफसे हर संभव कोशिश जारी रहेगी। खरीदारों की सुविधा को देखते हुए प्राधिकरण भी शिविर का आयोजन लगातार करता रहेगा।

### सार संक्षेप

#### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जहरीला पदार्थ खाने से एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना का कारण पारिवारिक क्लेश बताया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा लिखित शिकायत मिलने पर जांचोपरांत कार्रवाई की बात कह रही है। जानकारी अनुसार गांव नगला श्रीगोपाल निवासी महिला ने सोमवार देर शाम पारिवारिक क्लेश के चलते कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया। आनन फानन में परिजनों ने उसे ग्रेनो के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है मामले में अभी कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। अगर तहरीर आती है तो मुकदमा दर्ज कर जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

#### दिव्यांग उपकरण मापन कैंप का आयोजन




**जेवर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र जेवर में मंगलवार को दिव्यांग बच्चो के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में उपकरण मापन कैम्प का आयोजन किया गया। उपकरण मापन के लिए भारत के कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर से आए विशेषज्ञों द्वारा अस्थिबाधित, मानसिक मंदित, दृष्टिबाधित, मूकबधिर व सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित 145 बच्चो का परीक्षण किया गया। जिसमें कुल 95 बच्चों को 112 उपकरणों के लिए चिन्हित किया गया। कैम्प में आये हुए बच्चो को परीक्षण के उपरांत टोकन का वितरण किया गया। अब इनको 13 व 14 अक्टूबर को उपकरणो का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी राशिद खान, समन्वयक समेकित शिक्षा अरविंद कुमार पाठक, स्पेशल एजुकेटर वर्तिका शुक्ला, अनिल कुमार, राकेश कुमार, रोहतास, अशोक कुमार मौजूद रहे।

## मंत्रिमंडल के फैसले से एयरपोर्ट के लिए 28 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा मिलने का रास्ता साफ



- शोर भूमि के पट्टे पर संक्रमणीय भूमिधर का अधिकार किसानों को मिला

**ग्रेटर नोएडा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कैबिनेट की बैठक में 2016 के उस शासनादेश के प्रभाव को समाप्त कर दिया जो प्रदेश के किसानों को किए गए शोर भूमि के पट्टे पर संक्रमणीय भूमिधर अधिकार से रोकता था। इस फैसले से किसानों को शोर की जमीन का मुआवजा मिल सकेगा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के अधिग्रहण के समय करीब 28 हेक्टयर भूमि शोर श्रेणी की आ गई। शासन ने किसानों को मुआवजा देने पर रोक लगाई थी। इस समस्या को लेकर जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पिछले साल 12 अक्टूबर को जेवर के किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री से उनके कालिदास स्थित आवास पर मिला। जेवर विधायक ने किसानों का पक्ष रखा। काफी समय बीत जाने के पश्चात भी जब कोई डिसीजन शासन स्तर से नहीं हुआ, तब जेवर विधायक ने सांसद व विधायकों की मुख्यमंत्री के साथ हुई एक बैठक में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। मंगलवार को कैबिनेट के फैसले के बाद उस आदेश को शून्य कर दिया गया है, जो किसानों को शोर भूमि पर उनके अधिकार को प्राप्त करने से रोकता था। इससे एयरपोर्ट के निर्माण में आ रही अंतिम बाधा भी दूर हो गई। अब इसके निर्माण में तेजी आ जाएगी।

## एयरपोर्ट की आरएंडआर कॉलोनी में कंपोजिट अभ्युदय विद्यालय का शुभारंभ

### जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया विद्यालय शुरू



**ग्रेटर नोएडा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट निर्माण में अपनी जमीन देने वाले किसानों के बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कंपोजिट अभ्युदय विद्यालय का निर्माण किया जाएगा। मंगलवार को जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने आर.एंड.आर. कॉलोनी में फीता काटकर कंपोजिट अभ्युदय के निर्माण का शुभारंभ किया। 77 लाख रूपए की लागत से विद्यालय का निर्माण कराया जाएगा। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक विकास के बाद, अब जेवर में शिक्षा व्यवस्था को उन्नत बनाने के लिए प्रयास जारी है। जिसके अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सौजन्य से, इसके अधिसूचित क्षेत्र में आने वाले ग्रामों में, कम्पोजिट अभ्युदय विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। पहले फेस में ग्राम चौरौली, आर.आर. कॉलोनी, जेवर खादर, कलूपुरा, जॉनचाना, पचोकरा आदि ग्रामों को, कम्पोजिट विद्यालय बनाए जाने की श्रेणी में शामिल किया गया है। इस दौरान जेवर विधायक ने धीरेंद्र सिंह ने कहा कि धीरे-धीरे जेवर में काफी बड़ी तादाद में, कम्पोजिट अभ्युदय विद्यालयों के माध्यम से, बेसिक और जूनियर शिक्षा को सुधारे जाने की दिशा में, एक ऐसा मील का पत्थर साबित होगा, जिससे यहां पढ़ने वाले निर्धन बच्चों को, वह सभी सुविधाएं मिलेंगी, जो बड़े प्राइवेट स्कूलों में मिलती है। जैसे-स्मार्ट क्लास की व्यवस्था, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब। चूंकि उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को मौजूदा और आधुनिक आवश्यकता को देखते हुए, सुधारे जाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसी को लेकर कंपोजिट अभ्युदय विद्यालयों का जाल बिछाया जा रहा है। जहां योग्य शिक्षकों के माध्यम से दूरस्थ बच्चों को आधुनिक परिवेश की शिक्षा देकर, उनके जीवन का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। इसी कड़ी में मंगलवार जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने जेवर के पास स्थित आर.आर. कॉलोनी और ग्राम चौरोली में कम्पोजिट अभ्युदय विद्यालयों का शुभारंभ कराया।

## अधिवक्ता की हालत में सुधार, आईसीयू में उपचार जारी



**जेवर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के जेवर जहांगीरपुर मार्ग पर सोमवार देर शाम गांव गढ़ी के समीप अधिवक्ता की कार दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद आग लगने से कार जलकर राख हो गई थी। राहगीरों की मदद से कार में सवार अधिवक्ता मुकेश प्रताप सिंह को कस्बे के कैलाश अस्पताल में गंभीर अवस्था में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों द्वारा मंगलवार को अधिवक्ता की सर्जरी की गई तथा चिकित्सकों ने उनकी हालत मे सुधार बताया। ज्ञात हो कि जहांगीरपुर कस्बे के रहने वाले अधिवक्ता मुकेश प्रताप सिंह सिविल न्यायालय जूनियर डिवीजन जेवर में प्रैक्टिस करते हैं। सोमावर देर शाम वह अपनी वैगरआर कार से वह अपने घर जा रहे थे। उसी दौरान जेवर खुर्जा रोड पर गांव गढ़ी के समीप अज्ञात स्विफ्ट कार की टक्कर के बाद उनकी कार में आग लग गई थी। राहगीरों की मदद से उन्हें कार से निकाल कर कैलाश अस्पताल में आईसीयू में भर्ती कराया गया था। सर्जरी के बाद मंगलवार को उन्हें आईसीयू में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। चिकित्सकों का कहना है उनकी हालात में सुधार हो रहा है।

## मलेशिया के प्रतिनिधिमंडल ने गलगोटिया विश्वविद्यालय का किया दौरा



**ग्रेटर नोएडा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। गलगोटिया विश्वविद्यालय में एआईएमएसटी यूनिवर्सिटी मलेशिया के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया। निदेशक मंडल के चार सदस्य, दातो पी. अमरंदन, दातुक पी. केमलनाथन, डॉ. एसके देवमणि, डॉ. एस अनंतन, दो उपकुलपति डॉ. कथिरेसन, डॉ. रमेश कुमारेसन और डॉ. हरिंद्र प्रसाद, डीन इंजीनियरिंग और वर्चुअल रियलिटी के उपाध्यक्ष एआईएमएसटी विश्वविद्यालय, मलेशिया के नविदरन मगेश्वरन ने अनुसंधान, छात्र आदान-प्रदान, शैक्षणिक संवर्धन और अंतरराष्ट्रीय विपणन में सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए गलगोटियास विश्वविद्यालय का दौरा किया। आगंतुक गलगोटियास विश्वविद्यालय के बुनियादी ढांचे और ‘छात्र प्रथम’ नीति से प्रभावित हुए। विचारों के सार्थक आदान-प्रदान के बाद दोनों विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि निकट भविष्य में सहयोग के और अधिक तरीकों को अंतिम रूप देने पर सहमत हुए।

## दहेज आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर कमिश्नर कार्यालय पर शव रखकर किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। दादरी कोतवाली क्षेत्र में दहेज लोभियों ने एक बेटी को मार डाला, महिला के परिजनों ने मंगलवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर शव रखकर प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने परिजनों को गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। राजू लोहिया की पुत्री तन्नु की शादी 2020 में सुमित पुत्र कृष्ण भाटी निवासी ग्राम कटहेरा थाना दादरी के साथ हुई थी। मंगलवार सुबह थाना दादरी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि तन्नु को मृत अवस्था में कैलाश हास्पिटल ग्रेटर नोएडा में उसके ससुराल वालों द्वारा दाखिल करवाया गया है।



राजू लोहिया की तहरीर पर थाना दादरी पुलिस ने आरोपी पति सुमित भाटी, ससुर कृष्ण भाटी, सास वीन, देवर विनीत, ननद काजल और चचेरा ससुर सतपाल के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया। नोएडा के सेक्टर 108 पुलिस कमिश्नर ऑफिस पर परिजनों ने महिला का शव रखकर हंगामा काटा। परिजनों का आरोप था कि ससुराल वालों ने दहेज के खातिर हत्या की है। हंगामे की सूचना पर दादरी थाना प्रभारी खुद मौके पर पहुंच गए और किसी तरह से मामले को शांत कराने की कोशिश की। थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सब्जी विक्रेता को गोली मारने वाले बदमाशों का नहीं लगा सुराग

- सब्जी विक्रेता की इलाज के दौरान हुई मौत, लूट का किया था विरोध

**ग्रेटर नोएडा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। कासना कोतवाली क्षेत्र के डाढ़ा गांव के पास रविवार देर रात लूट का विरोध करने पर सब्जी विक्रेता को गोली मारने वाले बदमाशों का पुलिस अभी तक सुराग नहीं लगा सकी है। गंभीर रूप से घायल सब्जी विक्रेता की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मारकर हत्या करने वाले बदमाशों का पुलिस सुराग नहीं लगा सकी है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली, लेकिन अब तक पुलिस के हाथ कोई ठोस सबूत नहीं लगा। बदमाशों की तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं। पुलिस की शुरुआती जांच के यह भी पता चला है कि घटना से दो दिन पूर्व सब्जी विक्रेता का गांव के कुछ युवकों से झगड़ा हुआ था। कहीं बदला लेने की नीयत से तो हत्या नहीं की गई। पुलिस इसकी भी जांच पड़ताल कर रही है। ज्ञात हो कि मूलरूप से बदायूं के रहने वाले कोमिल (50) ग्रेटर नोएडा के डाढ़ा गांव में किराये पर रहते थे। वह गांव के पास ही सोसायटी के सामने सब्जी बेचते थे। रविवार देर रात सब्जी बेचने के बाद वह वापस डाढ़ा गांव की तरफ जा रहे थे। तभी गांव के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने कोमिल को ओवरटेक करके लूटपाट की कोशिश की। पीड़ित के विरोध करने पर बदमाशों ने गोली मार दी थी। उपचार के दौरान सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। बदमाश लूट करने में नाकाम रहे थे। कोतवाली प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है। बदमाशों की तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं। पुलिस की शुरुआती जांच के यह भी पता चला है कि घटना से दो दिन पूर्व सब्जी विक्रेता का गांव के कुछ युवकों से झगड़ा हुआ था। तमाम बिंदुओं पर मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## भारत के पहले स्टेनलेस-स्टील एक्सपो में लगभग आठ हजार स्टेकहोल्डर लेंगे हिस्सा : आईएसएसडीए

- 150 से अधिक कंपनियां मेजबानी के लिए तैयार

**ग्रेटर नोएडा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय स्टेनलेस स्टील डेवलपमेंट एसोसिएशन (आईएसएसडीए) इस्पात मंत्रालय के तत्वावधान में इंडिया स्टेनलेस-स्टील एक्सपो (आईएसएसई) 2023 का पहला संस्करण तीन दिवसीय कार्यक्रम 3 अगस्त से ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में हो रहा है। एक्सपो में इस्पात एवं नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम.सिंधिया मुख्य अतिथि होंगे। मेगा शो का आयोजन आईएसएसडीए द्वारा वाणिज्य मंत्रालय, भारतीय मानक ब्यूरो, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, नीति आयोग, इन्वेस्ट इंडिया, रेल मंत्रालय, विश्व स्टेनलेस स्टील, निकल इंस्टीट्यूट और आईएसएसएमए के सहयोग से किया जा रहा है। स्टेनलेस-स्टील उद्योग को जुड़ने, सहयोग करने और व्यवसाय संचालित करने के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ स्टेनलेस स्टील एक्सपो 2023 में 150 से अधिक कंपनियां मेजबानी के लिए तैयार है। इसमें स्टेनलेस-स्टील उद्योग के साथ सीधे तौर पर जुड़े 8000 उद्योग पेशेवरों को आकर्षित करने की उम्मीद है। स्टेनलेस-स्टील क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण इनपुट सामग्री, प्रसंस्करण मशीनरी, तैयार उत्पाद और आवश्यक माध्यमिक प्रसंस्करण तकनीकों को शामिल करते हुए यह आयोजन नवाचार और विचारों का एक मिश्रण बनने का वादा करता है। आईएसएसडीए के अध्यक्ष राजमणि कृष्णमूर्ति ने कहा कि आईएसएसई 2023 स्टेनलेस-स्टील मूल्य श्रृंखला स्टील व्यापार से जुड़े लोग विचारों का आदान-प्रदान करें और सहयोग बनाएं जो उद्योग को नवाचार और सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। सम्मेलन के मुख्य आकर्षणों में से एक 7 गोलमेज सम्मेलन हैं जो रेलवे, बुनियादी ढांचे, बर्तन, तेल, गैस, ऊर्जा, रसायन और पेट्रोकेमिकल जैसे प्रमुख क्षेत्रों में स्टेनलेस स्टील की खपत को बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवा, वास्तुकला, भवन एवं निर्माण आदि पर चर्चा करेंगे। भाग लेने वाले वक्ताओं में अनिल कुमार लाहोटी, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, अमरेंदु प्रकाश, सीएमडी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), रुचिका चौधरी गोविल, इस्पात मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, भारत सरकार, अभ्युदय जिंदल, जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड के सीएमडी, मार्कस मोल, प्रबंध निदेशक, एसएमआर जीएमबीएच, टिम कोलिन्स, महासचिव, वर्ल्ड स्टेनलेस और आईएसएसडीए के अध्यक्ष राजमणि कृष्णमूर्ति उपस्थित रहेंगे।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4 ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर।
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बी0एच0एस0-16 योजना में Flat No-3FF, Block-154, Sector-MU-2, Area-29.76 Sqm. Allotment No-BHS162428 जो Late Babita Sharma D/o Sh. Jay Prakash, Add- G-154, Sector- Alpha-2, Greater Noida, G.B. Nagar (U.P.) के पक्ष में आवंटित / पंजीकृत है। Late Babita Sharma की मृत्यु दिनांक 30.01.2022 को हो गई है। उक्त भवन को मृतक आंवटी Late Babita Sharma D/o Sh. Jay Prakash के स्थान पर उनकी माता Nirmala Devi W/o Jay Prakash R/o G-154, Sector-Alpha-2, Greater Noida G.B. Nagar (U.P.) ने उपरोक्त भवन अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन किया गया है। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Late Babita Sharma D/o Sh. Jay Prakash के स्थान पर उनकी माता Nirmala Devi W/o Jay Prakash का नाम पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (सम्पत्ति )
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4 ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर।
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बी0एच0एस0-16 योजना में Flat No-1TF, Block-269, Sector-MU-2, Area-29.76 Sqm. Allotment No-BHS167670 जो Late Babita Sharma D/o Sh. Jay Prakash, Add- G-154, Sector- Alpha-2, Greater Noida, G.B. Nagar (U.P.) के पक्ष में आवंटित / पंजीकृत है। Late Babita Sharma की मृत्यु दिनांक 30.01.2022 को हो गई है। उक्त भवन को मृतक आंवटी Late Babita Sharma D/o Sh. Jay Prakash के स्थान पर उनकी माता Nirmala Devi W/o Jay Prakash R/o G-154, Sector-Alpha-2, Greater Noida G.B. Nagar (U.P.) ने उपरोक्त भवन अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन किया गया है। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Late Babita Sharma D/o Sh. Jay Prakash के स्थान पर उनकी माता Nirmala Devi W/o Jay Prakash का नाम पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (सम्पत्ति )
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 2 अगस्त 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# नफ़रत की धांय-धांय...

देश अंततः उस मुकाम पर खड़ा दिखाई देने लगा है जहां उसे पहुंचाने की सुनियोजित योजना पिछले एक दशक से बनाई और क्रियान्वित की गई है। वैसे तो इसका खाका लगभग एक शताब्दी से बनाकर समाज के आगे रख दिया गया था परन्तु उसे राज्य की शक्ति और सत्तारुढ़ पार्टी का समर्थन हालिया 8-9 वर्षों में मिला है। इस शक्ति और समर्थन के रक्तरंजित प्रतिफल की एक झलक जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस में देखने को मिली जब एक कांस्टेबल ने सियासी बहस से बौखलाकर 4 लोगों को गोलियों से भूनकर रख दिया। इनमें तीन एक सम्प्रदाय विशेष के थे तो चौथा व्यक्ति आरक्षक का वरिष्ठ अधिकारी ही था। इतना ही नहीं, उसने लहू से तरबतर लाशों के सामने बाकायदा भाषण दिया और अन्य यात्रियों को समझाया कि 'जिसे भी भारत में रहना है, उन्हें किसे वोट देना चाहिये।' हत्या के तुरन्त बाद लोगों के समक्ष जो उद्बोधन कांस्टेबल ने दिया वह पिछले कुछ समय से लगाये जा रहे नारों की ही प्रतिध्वनि है जो चेतावनियों व धमकियों की शक्ल में सुनाई देती रहती है। देश के ज्यादातर हिस्सों में कभी एकाकी तो कभी समवेत स्वर में ऐसी धमकियां उन सभी को मिल रही हैं जिन्हें अलग समाज का हिस्सा मान लिया गया है और उन्हें बहुसंख्यकों से दोयम नागरिक का दर्जा दे दिया गया है। इन नारों के शिकार वे भी होते हैं जो इससे असहमत होते हैं और मानते हैं कि यह देश अल्पसंख्यकों का भी उतना ही है जितना अन्य लोगों का।

12956 क्रमांक की यह ट्रेन सोमवार की सुबह जब मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर पालघर में थी, एएसआई टीकाराम मीणा व दो अन्य आरक्षक साथियों के साथ आरोपी कांस्टेबल चेतन कुमार चौधरी कोच की एस्कॉर्ट ड्यूटी पर था। मीणा की किसी राजनैतिक टिप्पणी से वह एकाएक तैश में आ गया। उसने अपनी आटोमेटिक राइफल से मीणा एवं उसके साथ बैठे अब्दुल कादिर भानपुरवाला पर फायरिंग कर दी। फिर वह पेंट्री कार में गया। वहां उसने सदर मोहम्मद को गोलियों से उड़ाया। तत्पश्चात बी-6 कोच में जयपुर के असगर अली को मार डाला जो काम की तलाश में मुंबई आ रहा था। फिर करीब 6 बजे चेतन ने चेन खींचकर ट्रेन रोकी व उतरकर भागने लगा। जीआरपी ने उसे मुंबई के समीपवर्ती उपनगर मीरा रोड व दहिसर के बीच हथियारों के साथ पकड़ लिया।

बताया जा रहा है कि चेतन गुस्सैल है और इन दिनों अवसाद में था। सवाल सिर्फ यह खड़ा नहीं होता कि ऐसी मानसिक अवस्था में उसे क्यों ड्यूटी पर तैनात किया गया बल्कि घटनाक्रम से परे जाकर यह देखा जाना चाहिये कि जिन केन्द्रीय बलों के जवानों को हमेशा से धर्मनिरपेक्ष माना जाता रहा है, उसका एक सदस्य एक वर्ग विशेष को निशाना बनाकर एक-दो नहीं पूरे 12 राउंड फायर करता है। साथ ही मृत शरीरों के पास खड़े होकर एक खास तरह की विचारधारा के अनुरूप बातें करता है। वह साफ संदेश देता है कि अगर लोगों को इस देश में रहना है तो उन्हें किन-किन लोगों को वोट देना होगा यानी किस पार्टी और लोगों को समर्थन देना होगा। साफ है कि अल्पसंख्यकों को दिया जाने वाला यह संदेश देश भर के अल्पसंख्यकों को भयभीत करेगा; और ऐसा करना ही उसका मकसद है।

ऐसा नहीं है कि देश में कोई पहली बार चलते-फिरते या बस-ट्रेन में सफर करते हुए सहयात्रियों के बीच राजनैतिक विचार-विमर्श हुआ हो। नुक्कड़ों, चौक-चौराहों, चाय, पान, नाई की दुकानों से लेकर सभागारों व सभाओं तक हमेशा से हर तरह की बहसें होती आई हैं। इनमें सियासती बहसें भी शामिल हैं। विचारों से असहमति के बीच भी ऐसी तक़रीरें होती रहती हैं। हाल के वर्षों की राजनैतिक फिज़ा कुछ ऐसी बदली है कि अब असहिष्णुता चरम पर है। वैचारिक विरोधियों व दूसरे धर्मावलम्बियों को देश का दुश्मन बतलाना, गद्दार कहना, पाकिस्तान-अफगानिस्तान भेजना, नक्सली, धर्मविरोधी साबित करना संवाद कला का नवाचार है जिसने सहिष्णु व सभ्य लोगों को इस वैचारिक प्रक्रिया से बाहर कर दिया है। अब बहस का क्षेत्र अंधभक्ति में लीन, तर्क -विवेक से विहीन तथा कुपढ़ों के अधीनस्थ हो गया है। वहां तथ्यों व यथार्थ पर आधारित विचार-विमर्श कम और गाली-गलौज से सनी भाषावली मुखर है। बड़ी संख्या में लोग उस नयी संस्कृति का हिस्सा हैं जो राष्ट्रभक्ति के नाम पर ट्रोल आर्मी के सदस्य बन गये हैं।

देश के ही कुछ वर्गों को अपने दुश्मन मान लेने वाले ये लोग हिंसा व घृणा से लबरेज़ हैं जो हथियारों से लैस होने पर अगर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं तो आश्चर्य ही क्या है? यह वही राह है जिस पर चलकर हमारे राजनैतिक पुरखों ने आजादी लेने से तक इंकार कर दिया था और तय किया था कि भारत को खून से लथपथ रास्तों पर चलना मंजूर नहीं है वरन वह बुद्ध, महावीर और गांधी के बताये रास्ते पर चलकर स्वतंत्र देश बनेगा चाहे उसके लिये उसे कितना भी इंतज़ार क्यों न करना पड़े। दुर्भाग्य से वह विचारधारा लोगों के मनो-मस्तिष्क और सत्ता पर कुछ इस कदर काबिज हो गई कि अब अहिंसा कायरता है और धर्मनिरपेक्षता एक वर्ग विशेष का तुष्टिकरण। समावेशी समाज की अवधारणा उपहास का विषय बन गया है तो समानता का सिद्धांत कूड़ेदान में फेंके जाने योग्य बतलाया जा रहा है।

नफ़रत की बोली और हिंसक व्यवहार पर लगाम न लगी तो समाज उस बिन्दु पर जाकर खड़ा हो जायेगा जहां से उसे वापस बुलाना असम्भव हो जायेगा। हथियारों की धमक जिन्हें कर्णप्रिय लगती हो और अगर इसे ही वे शक्ति का प्रतीक मानते हैं तो शायद वे यह नहीं समझते कि बारूद फटने के पहले न तो समीप खड़े व्यक्ति की जाति पूछता है और न ही बंदूक-तमंचे से निकली गोली की दिलचस्पी किसी का धर्म जानने में होती है। बुलेट के आगे अब्दुल, सदर, असगर और टीकाराम एक सरीखे हैं।

# मजबूरी नहीं, जरूरी है गठबंधन

अभी 'इंडिया' के गठन को भी पक्का और फाइनल नहीं मानना चाहिए। लेकिन नीतीश कुमार ने जब दोबारा भाजपा का साथ छोड़ते हुए अपने लिए विपक्ष को एक करने की भूमिका तय की तब से बात काफी आगे बढ़ चुकी है। और इस सफलता के लिए नीतीश कुमार को बधाई बनती है। सिर्फ उन्हें ही नहीं लगभग सारे विपक्ष वालों को बधाई बनती है कि उन्होंने मतभेद के अनगिनत प्रसंगों को दरकिनार करके इस पहल को आगे बढ़ाया है और अरविन्द केजरीवाल द्वारा पहले दौर में उठाए गए हंगामे को भी संभाल लिया है। दूसरे दौर में अन्य बड़े हंगामे तो नहीं दिखे लेकिन कुछ खटर-पटर हुई। तय मानिए ऐसा अंत तक चलेगा क्योंकि राज्यों की राजनीति में आमने -सामने के दल भी इस खूबसूरत नाम वाले गठबंधन का हिस्सा बन गए हैं। जब चुनाव होगा तो लड़ना तो होगा ही। फिर मुद्दे और एजेंडा तय करना है, केन्द्रीय नेता न सही राज्यों के नेता या प्रमुख दल की स्वीकार्यता मुद्दा है, संसाधन जुटाने और बांटने का सवाल होगा। समन्वय का मुश्किल काम है। अब सुरजीत और जार्ज फर्नांडीस नहीं हैं लेकिन उनकी भूमिका तो बची है और जो भी निभाएगा उसे दंडवत-प्राणायाम करना ही होगा। फिर सामने बैठा ताकतवर शासक जमात भी चुप क्यों बैठेगा। उसने भी तोड़-फोड़ शुरू कर दी है और आगे और सक्रिय होगा ही।

जिस तरह से नरेंद्र मोदी और भाजपा ने इस 'इंडिया' गठबंधन को लेकर प्रतिक्रिया दी है वह ठीक उसी उम्मीद वाली नहीं है जो मोदी-शाह की ताकतवर जोड़ी या सत्ता और संसाधन से लैस भाजपा या फिर विशाल संघ परिवार के कार्यकर्ताओं की फौज के हर हाल के समर्थन के लिए आश्वस्त दल से की जा रही थी। किसी पासवान, किसी सहनी, किसी मांझी, किसी राजभर जैसों को फिर से जोड़कर अपना एनडीए खड़ा करना और उसमें अकाली दल और अजीत सिंह की पार्टी को ही नहीं केसीआर की पार्टी और जगन मोहन रेड्डी को लाने की कोशिश करना तो बहुत स्वाभाविक कदम हैं और अगर मोदी तथा शाह जुटेंगे तो उनके गठबंधन में 38 क्या बावन दल होने में देर नहीं लगेगी। और अगर गठबंधन का नेतृत्व भाजपा करेगी, नरेंद्र मोदी नेता होंगे तो न कार्यक्रम/एजेंडे को लेकर कोई गिला-शिकवा होगा न संसाधनों को लेकर। पर मोदी जी ही नहीं पूरी भाजपा मंडली, खासकर आज पार्टी को निर्णायक दिशा देने में प्रभावी लोगों और प्रवक्ताओं की जो प्रतिक्रिया दिखती है उसे लेकर बहुत कुछ कहने की जरूरत नहीं है। उसमें कहीं न कहीं डर है, खीझ है, कुंठा है। कुल मिलाकर वह भाजपा और खुद मोदी जी के पक्ष को हल्का बनाती है। अब 'इंडिया' को लेकर इतने तरह की बात करने की जरूरत नहीं थी।

लेकिन उससे ज्यादा गंभीर बात भाजपा द्वारा इस तथ्य को सार्वजनिक रूप से



अरविन्द मोहन

> भाजपा द्वारा इस तथ्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार न करना है कि गठबंधन भारतीय राजनीति का बहुत बड़ा सच है, जरूरत है और आज कोई भी नेता या दल पूरे मुल्क की राजनीति करने में सक्षम नहीं है। यह बात उस नेता और उसकी राजनीति की आलोचना से ज्यादा भारतीय समाज की सच्चाई को बताता है, भारतीय लोकतंत्र के जवान होने की पुष्टि करता है।

स्वीकार न करना है कि गठबंधन भारतीय राजनीति का बहुत बड़ा सच है, जरूरत है और आज कोई भी नेता या दल पूरे मुल्क की राजनीति करने में सक्षम नहीं है। यह बात उस नेता और उसकी राजनीति की आलोचना से ज्यादा भारतीय समाज की सच्चाई को बताता है, भारतीय लोकतंत्र के जवान होने की पुष्टि करता है, कमजोर से कमजोर सामाजिक समूह और क्षेत्रीय आबादी द्वारा अपना नेता सामने करने, अपनी आकांक्षाओं को सामने रखने और वोट की राजनीति द्वारा उनको आगे बढ़ाने की पुष्टि करता है। शुरुआती कांग्रेसी राजनीति में प्रो. रजनी कोठारी जिस 'रेनबो कॉलिशन' को देखते थे और जिसकी वास्तविकता और कमजोरियों को भी गिनाते थे वह बाद की राजनीति में गठबंधनों द्वारा ही हासिल किया जाता रहा है। ऐसा 67 के गैर कांग्रेसवाद के समय भी हुआ और 77 के जनता पार्टी प्रयोग के समय भी। बाद में भी यह काम एनडीए और यूपीए ही नहीं वाम मोर्चा या रामो-वामो जैसे नामों से होता रहा है। यह अलग बात है कि कांग्रेस और बड़ी पार्टियों को ही नहीं विचारधाराओं और एक नेता से ज्यादा मजबूती से जुड़ी पार्टियों को खुले रूप में इसे स्वीकार करने में मुश्किल होती रही है। कांग्रेस अपने चंडीगढ़ अधिवेशन तक अकेले चलाने का प्रस्ताव करती रही तो वाम दल बिना अपना दबदबा मनवाए गठबंधन करने से परहेज की रणनीति अपनाए रहे।

राष्ट्रीय स्तर पर खुला गठबंधन अटलबिहारी वाजपेयी के दौर में बना और उसे बनाने के लिए धारा 370 की समाप्ति, राममंदिर और तीन तलाक जैसे मुद्दों को भी भाजपा ने ताक पर रख दिया। फिर कांग्रेस का नखरा भी गया और वाम दल भी माने। व्यावहारिक राजनीति में सिद्धांतों-विचारों का जोर काम होने का भी फर्क पड़ा। इसकी कीमत नेता का कद अव्यावहारिक रूप से बढ़ना और उसे हथियाने के लिए सारे कुकर्म के रूप में सामने आया। देश भर में जोर नहीं चला तो अपने प्रदेश या इलाके भर में ऐसा हुआ। और ऐसा दौर आया जब अधिकांश प्रदेशों से कथित राष्ट्रीय पार्टियों की तो विदाई हुई ही केंद्र सरकार में भी क्षेत्रीय दलों के नेता निर्णायक भूमिका में आ गए। ममता, जयललिता और मायावती ने अटल जी को 'पानी पिला दिया' तो लालू, बादल, चौटाला, पंवार, चंद्रबाबू, करुणानिधि और मुलायम केंद्र सरकारों के भी 'भाग्यविधाता' बने। और अटल जी या नरसिंह राव और मनमोहन सिंह की सरकार बाकी किसी से खराब चली हो यह भी नहीं कहा जा सकता। लालू जी पर्याप्त काबिल रेल मंत्री साबित हुए।

यह दौर लोक सभा और संसद की बनावट पर भी रंग छोड़ने वाला हुआ। एक समय ऐसा आया कि कथित राष्ट्रीय पार्टियों(या चुनाव आयोग से मान्यता प्राप्त) के सांसदों की संख्या पीछे रहने लगी और क्षेत्रीय दलों के सांसद ज्यादा होने लगे। नरेंद्र मोदी के उदय के साथ यह क्रम कुछ बदलता दिखा-क्षेत्रीय दलों का वोट प्रतिशत तो 2014 में बढ़ा लेकिन सीटों में गिरावट आई। 2019 में दोनों में कमी हुई तो कई राजनैतिक पंडित कहने लगे कि क्षेत्रीय राजनीति या पारिवारिक पार्टियों या जाति आधारित पार्टियों की राजनीति के गिरने की शुरुआत हो चुकी है। मोदी जी का व्यक्तित्व और भाजपा-संघ का एजेंडा नेतृत्व और वैचारिक बिखराव को पलटने के तर्क भी तैयार करने लगा। दूसरी ओर रामविलास की पार्टी को मटियामेट करने, मुकेश सहनी की पार्टी को समाप्त करने, जीतनराम मांझी की पार्टी को दुरदुराने, ठाकरे की पार्टी को तोड़ने, चौटाला पार्टी को बिखराने, पवार पार्टी को विभाजित करने जैसे काम हुए या खुद से हो गए। पर विपक्षी एकता का मजाक उड़ना भी जारी रहा। 'इंडिया' का स्वरूप उभरते ही (जिसमें अभी भी कई मजबूत गैर-भाजपा दल नहीं आए हैं) भाजपा और मोदी-शाह के इस अभिमान का अंत भी दिखता है। इसकी प्रतिक्रिया में एनडीए को पुनर्जीवित करना तो स्वाभाविक कदम लगता है पर खुद भी गठबंधन सरकार चलाते हुए( जी हां, अभी की मोदी सरकार भी गठबंधन वाली ही है) गठबंधन की राजनीति को कोसना असल में अपनी बेचैनी और कुंठा को दिखाता है। अपने सर्वमान्य और सर्वकालीन महान नेता बनाने के सपने के टूटने की बौखलाहट दिखती है।

# इंडिया ने मोदी और एनडीए का बहुत कुछ दांव पर चढ़वा दिया

■ एस. सेतुरमन

भारत में एक स्पष्ट रूप से प्रभावी विपक्षी गठबंधन के उद्भव के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने तीसरे कार्यकाल को सुनिश्चित करने के लिए लोकसभा में आवश्यक संख्या को लेकर अधिक उत्साहित नजर आ रहे हैं।

भाजपा सरकार के मुखिया 2024 के लिए बने नये 26-पार्टियों वाले विपक्षी गठबंधन को 'कट्टर भ्रष्ट समूहों के सम्मेलन' कहते हुए कहा कि उससे तो 'वंशवाद/ पारिवारिक शासन' को ही बढ़ावा मिलेगा, और उसके देश का कोई भला नहीं होगा। वह जिस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं वह इस बात का खुलासा करता है कि भाजपा वास्तव में मूलभूत रूप से बदलते राजनीतिक परिदृश्य के कारण कितना चिंतित हो उठी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जिन्होंने अपनी विदेश यात्राओं और सरकारों के प्रमुखों तथा जी-20 के वर्तमान अध्यक्ष को गले लगाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कद हासिल किया है, को भी अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करनी होगी। फिर यह ऐसे समय में हो रहा है जब मणिपुर जैसी देश में होने वाली घटनाएं, और एक प्रशंसित लोकतंत्र में नागरिकों के अधिकारों के अतिक्रमण को विदेशों में प्रतिकूल ढंग से नोटिस लिया जा रहा है। भारत के विश्व के केंद्र में होने के बड़े दावों के संदर्भ में लोकसभा चुनाव-2024 को एक भू-रणनीतिक घटना के रूप में भी देखा जा सकता है।

> मोदी सरकार ने देश में बढ़ती बेरोजगारी और गरीबी के स्तर को कम करने की प्रमुख समस्या को छोड़कर बड़े व्यवसाय के स्तर को बढ़ाने के लिए मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे में सुधार किये। आम तौर पर बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने के साथ, श्री मोदी मानते हैं कि भारत पहले से ही एक विकसित देश है और अब देश के डिजिटलीकरण पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

परिदृश्य में भारी बदलाव हो रहा है इसमें कोई संदेह नहीं है। नवगठित 26-पार्टियों वाले गठबंधन- खुद को इंडिया घोषित करने वाली कांग्रेस और मजबूत क्षेत्रीय पार्टियां- भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन - अधिक आशाजनक आर्थिक और राजनीतिक कार्यक्रम तैयार करेगी, यह भी तय है। परन्तु इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें पूरे देश में सीट-बंटवारे का समायोजन करना होगा।

इंडिया गठबंधन के साझेदारों की सितंबर में मुंबई में बैठक होने वाली है ताकि भाजपा के राजनीतिक आख्यान के मुकाबले एक विपक्षी राजनीतिक आख्यान तैयार करने में प्रगति हो सके। देश को बढ़ते रोजगार और सामाजिक न्याय के साथ सतत आर्थिक विकास सुनिश्चित करने की सख्त जरूरत है। भाजपा का 2014 का 'अच्छे दिन' का वायदा मोदी सरकार के नौ साल बाद भी आम लोगों के हित में नजर नहीं आ रहा है।

मोदी सरकार ने देश में बढ़ती बेरोजगारी और गरीबी के स्तर को कम करने की प्रमुख समस्या को छोड़कर बड़े व्यवसाय के स्तर को बढ़ाने के लिए मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे में सुधार किये। आम तौर पर बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने के साथ, श्री मोदी मानते हैं कि भारत पहले से ही एक विकसित देश है और अब देश के डिजिटलीकरण पर अधिक जोर दिया जा रहा है। 'हम बड़ा सोचते हैं, बड़े सपने देखते हैं और बड़े काम करते हैं' यह प्रधानमंत्री का दावा है जो शेष राजनीतिक भारत को 'भ्रष्ट' कहकर खारिज करता है।

भाजपा जीतने के जोखिमों को भी जानती है और उसने खुद को हाई गियर में डाल लिया है। पहले तो उसे तीन राज्यों - मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ - जहां 2023 के अंत से पहले विधानसभा चुनाव होने हैं, पर जीत हासिल करनी है। शिवराज सिंह के नेतृत्व वाले मध्य प्रदेश को बनाये रखने के लिए भाजपा अपेक्षाकृत आश्वस्त है, परन्तु यह कांग्रेस के कब्जे वाले राजस्थान में अधिक कठिन लड़ाई में सामने आई है, जहां पार्टी को अभी भी अपनी आंतरिक दरारों से उबरना बाकी है।

भाजपा 'सामूहिक नेतृत्व' की पेशकश कर रही है। अपनी पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे को यह स्वीकार्य नहीं है, जो मैदान में उतरने के लिए अपने चेहरे पर जोर देती हैं। भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा एक स्वीकार्य समाधान खोजने का प्रयास कर रहे हैं, शायद लोकसभा सीटों के लिए 'मोदी फेस' की तरह। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ही मजबूत दिख रहा है।

दक्षिण में कर्नाटक में अपनी हार के बाद भाजपा उत्तर और पश्चिम (उत्तर प्रदेश और गुजरात के अलावा) में अपनी संख्या में कमी की भरपाई करना चाहती है। इस प्रकार, लोकसभा में अपनी 39 सीटों के साथ तमिलनाडु को पहले से कहीं अधिक महत्व मिला है और भाजपा द्रमुक को उसकी मजबूत पकड़ से उखाड़ने की साजिश रच रही है। 2019 में, एम के स्टालिन (अब सीएम) के नेतृत्व वाली द्रमुक (तब सत्ता में नहीं थी) ने 25 सीटें हासिल की थीं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह यह सुनिश्चित करने के लिए तमिलनाडु की देखभाल कर रहे हैं कि डीएमके की सीटों में भारी कमी आये।

अमित शाह द्वारा स्टालिन सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए एक मजबूत द्रमुक विरोधी अभियान शुरू किया गया था, क्योंकि उन्होंने रामेश्वरम में श्री अन्नामलाई की 'पदयात्रा' को हरी झंडी दिखाई थी, जो एक पूर्व पुलिस अधिकारी हैं जो अब तमिलनाडु भाजपा के प्रमुख हैं। यह पहली बार है कि मोदी सरकार अपने गृह मंत्री अमित शाह के माध्यम से एक गैर-भाजपा राज्य सरकार को 'भ्रष्ट' करार देती है जिससे नया तनाव पैदा हो गया है। द्रमुक के एक मंत्री ने गृह मंत्री की कटु आलोचना की कि वह 'बिना किसी आधार के' ऐसे आरोप लगा रहे हैं।

यह सब, पार्टी और मोदी सरकार दोनों स्तरों पर, अपने चुनावी बहुमत के बावजूद, तमिलनाडु में 'द्रविड़' सरकार से जल्द से जल्द छुटकारा पाने के लिए दृढ़ संकल्पित भाजपा के अभियान का हिस्सा है। राज्यपाल आरएन रवि द्रविड़ विचारधारा पर सवाल उठाते रहे हैं और स्टालिन सरकार के साथ कई तरह से गंभीर विवाद में रहे हैं। भाजपा ने अपने नेताओं की कुछ टिप्पणियों के माध्यम से अपने सहयोगी अन्नाद्रमुक को नाराज करके कुछ गलतियां की हैं, लेकिन पार्टी इंडिया गठबंधन को चुनौती देने के लिए और अधिक सहयोगी जुटाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु में नरेंद्र मोदी बनाम एम के स्टालिन है।

## पावन प्रसंग

# अपनी क्षमता बढ़ाएं चुनौतियों से लड़ें

प्रकृति पहेलियां पूछने में माहिर हैं। उसकी पहेली बड़ी अबूझ एवं रहस्यमयी होती हैं। इन पहेलियों का हल जीवन के व्यापक अनुभव में ही खोजा-पाया जा सकता है- जो ढूंढेगा, पाएगा अवश्य। प्रकृति में ऐसा कुछ भी नहीं है,जिसका समाधान नहीं है और जिसे पाया नहीं जा सकता। बस, इस गूढ़ता को जानने और वांछित फल की प्राप्ति के लिए हम सदा तत्पर बने रहना चाहिए। जो ऐसा कर पाते हैं अंतर्निहित क्षमताओं में अभिवृद्धि होती है और उनके व्यक्तित्व का निरंतर विकास होता है। उन्हें नवीन बोध मिलता है और उनके जीवन में उपलब्धियों के नए प्रसून फूलते हैं। ये सब प्रकृति की नई चुनौतियों को स्वीकार करने से ही होता है। चुनौतियां जीवन में अनायास भी आती हैं और इन्हें योजनाबद्ध तरीके से आमंत्रित भी किया जाता है। जो इन चुनौतियों से भागते हैं, पलायन करते हैं, उनका जीवन सामर्थ्यहीन, डरपोक एवं कमजोरियों से घिर जाता है; क्योंकि ऐसे चुनौती को देखते ही तनावग्रस्त हो जाते हैं, तनाव से भर जाते हैं और उनकी शारीरिक एवं मानसिक शक्तियां काम करना बंद कर देती हैं। आधुनिक शोधों से पता चलता है कि तनाव वस्तुतः चुनौतियों की समुचित व्याख्या का अभाव एवं अपनी क्षमताओं का सही आकलन न कर पाने के कारण जन्म लेता है। परिस्थितिजन्य एवं स्वयं के बुलावे पर आई चुनौतियों को हम ठीक-ठीक जान नहीं पाते हैं। जब हम इन्हें नहीं जान पाते हैं तो इनसे जूझने का साहस नहीं होता है और हम ऐसी चीजों से भाग खड़े होते है, तब हमें तनाव देने वाले कारक डराते हैं, और हम उनसे डर जाते हैं।

तनाव एक और कारण से भी जीवन में पनपता है और वह है कि हम अपनी क्षमताओं और सामर्थ्यों से अनभिज्ञ बने रहते हैं। हमें विश्वास ही नहीं रहता कि हम इन चुनौतियों को स्वीकार कर सकते हैं और इनसे पार भी पा सकते हैं; जबकि वास्तविकता कुछ और है। वास्तविकता है कि कुदरत ने हम सबको असीम सामर्थ्यों से युक्त बनाया है। बस, इन्हें हम जानते नहीं हैं, पहचान नहीं पाते हैं। हम तो ऐसे हैं जैसे विराट सुवासित चंदन के वनों के मालिक होकर भी चंदन की कीमत नहीं जानते और सामान्य लकड़ी के मोल उसे बेचने को विवश होते हैं। हम ऐसे हैं कि हीरे की खान में छिपे कोयले के साथ हीरे को चमकीला पत्थर मानकर कौड़ी के मोल बेचते चले जा रहे हैं। जिस दिन हम उसे पहचान लेंगे, हमें अपनी सामर्थ्य का सही बोध हो जाएगा, हम चुनौतियों से भागेंगे नहीं, बल्कि उनसे खिलौने के समान खेलने में आनंद उठायेंगे।

हमारे पास अनगिनत सामर्थ्य है। इनमें से प्रमुख है हमारी भावना, ज्ञान एवं व्यवहार की शक्ति। जो चुनौतियों का सामना करते हैं, उनके पीछे उनकी शक्तियों की आधारशिला है। वे अपनी सामर्थ्यों की खुदाई करते हैं और उनमें से एक नई सामर्थ्य की खुदाई करते हैं जिनमें ऐसी सामर्थ्य पैदा हो जाती है, वे जीवन में तनाव में घिरकर भी तनावमुक्त होते हैं, क्योंकि वे तनाव से निजात पाने के तरीके ईजाद कर लेते हैं। उनके जीवन में सवालों का हल होता है, समस्याओ का समाधान होता है और वे चुनौतियों से बेहतर ढंग से जूझ लेते हैं तथा नई-नई चुनौतियों को आमंत्रित करके उनसे अपनी सामर्थ्यों की धार पैनी करते रहते हैं।

चार्ल्स डार्विन बीस वर्षों तक बुखार से पीड़ित थे, परंतु इस बुखार को नजरअंदाज करके उन्होंने संसार में पाए जाने वाले जीव-जंतुओं की प्रजातियों की कष्टसाध्य खोज-बीन की और इसी का परिणाम था कि वे 'ओरिजिन ऑफ न्यू स्पेशिज' नामक कालजयी ग्रंथ की रचना कर सके। महान आयुर्वेदाचार्य ऋषि यदि चुनौतियों को न स्वीकारते तो सामान्य व्यक्ति की तरह अपने रोग से आक्रांत रहते, परंतु अपने शरीर पर असाध्य घाव एवं उसकी असहनीय पीड़ा से पीड़ित वन-वन भटके और बिना ठहरे समाधान खोजते रहे। अंततः उनकी पीड़ा से संवदित होकर सारे वनस्पति-जगत अपने गुण-धर्मों को स्वतः प्रकट करने लगे और उन्होंने चरक संहिता का रूप लिया, जो चिकित्सा के क्षेत्र में प्रकाशस्तंभ के समान खड़ा सर्वज्ञ आलोक फैला रहा है। इन्होंने चुनौतियों को स्वीकारा और उनसे ऊबरने एवं जूझने की कुशलता पाई तथा औरों को भी इससे परिचित कराया।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# क्यों लड़कों की तरह पढ़ नहीं सकती लड़कियां?

क्या लड़की होना पाप है? कोई गुनाह है? आखिर क्यों लड़की को यह बार-बार एहसास दिलाया जाता है कि वह एक लड़की है? लड़कियों को बचपन से ही इस तरह से ढाला जाता है कि वह सिर्फ घर के कामों के लिए ही बनी है। बाहर की दुनिया से उनका कोई वास्ता दूर-दूर तक नहीं है। लड़के और लड़कियों में बचपन से ही भेदभाव किया जाता है। लड़के और लड़कियों दोनों को यह सिखाया जाता है कि तुम कौन सा काम कर सकते हो और कौन-सा नहीं? बचपन से ही कामों को बांट दिया जाता है। लड़कियों को बहुत से खेलों में भाग लेने से मना किया जाता है कि तुम एक लड़की हो, यह खेल तुम्हारे लिए नहीं है, समाज क्या कहेगा? पितृसत्तात्मक समाज में लड़कियों का कोई वजूद ही नहीं है। वह खुद के लिए कोई फैसला भी नहीं कर सकती है जबकि लड़का अपना फैसला खुद ले सकता है। लड़कियां वही करेंगी जो घर के मर्द बोलेंगे, पढ़ाई-लिखाई भी घरवालों की मर्जी से करेगी। यहां तक कि एक लड़की अपनी पसंद का कपड़ा भी नहीं पहन सकती है। उक्त बातें कहते-कहते गांव की किशोरियों के चेहरे उदास व रूआंसू हो जाते हैं।

यूनिसेफ की रिपोर्ट की मानें तो दुनिया भर में, 129 मिलियन लड़कियां स्कूल से बाहर हैं। इनमें क्रमशः 32 मिलियन प्राथमिक स्कूल की उम्र की, 30 मिलियन निम्न-माध्यमिक स्कूल की, 67 मिलियन उच्च-माध्यमिक स्कूल की उम्र की लड़कियां शामिल हैं। लड़कियों की शिक्षा में गरीबी, बाल विवाह, लैंगिक असमानता, हिंसा एवं शिक्षा में निवेश करते समय गरीब परिवार अक्सर लड़कों को प्राथमिकता देते हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों में गांव भी तेजी से बदल रहे हैं। लोग जागरूक व आधुनिक सोच के हो रहे हैं। लड़कियों की शिक्षा को महत्त्व दिया जा रहा है लेकिन दूसरी ओर आज भी कुछ ऐसे दलित-महादलित व पिछड़े परिवार हैं जहां लड़कियां पढ़ाई से महरूम हैं। ऐसे परिवार के लिए दो वक्त की रोटी जुटाने में बच्चे से लेकर बूढ़े तक मजदूरी पर निर्भर हैं। परिणामतः शिक्षा की लौ नहीं जल पाती है। अशिक्षा के कारण ऐसे परिवार आंडबरों व सामाजिक कुरीतियों व कुचक्रों में जकड़े होते हैं। इन समुदायों में आज भी लड़कियों की शिक्षा के प्रति घोर उदासीनता है।

प्रश्न यह उठता है कि आखिर क्यों हमारा समाज महिलाओं और किशोरियों को शिक्षा जैसे मौलिक अधिकारों से वंचित रखता है? क्या यह समाज केवल पुरुषों से बनता है? ग्रामीण इलाकों में ऐसे टोले-कस्बों की कमी नहीं जहां लड़कियों के प्रति दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है। लड़कियों को सांस भी लेने के लिए परिवार के पुरुषों पर निर्भर रहना पड़ता है। हमारा समाज जितना ज्ञान लड़कों को देने के लिए व्याकुल रहता है, उतना ही अगर लड़कियों को दी जाए तो वह न केवल सशक्त होंगी बल्कि देश से महिलाओं पर अत्याचार और शोषण का खात्मा भी मुमकिन हो सकता है। हालांकि राज्य से लेकर केंद्र सरकार तक किशोरियों की शिक्षा के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्हें मैट्रिक, इंटर, यूजी, पीजी आदि करने के लिए प्रोत्साहन राशि और स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड भी दिए जा रहे हैं। इसके अलावा सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण तथा पंचायती राज में 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कर दी गई है। इसके बावजूद यदि ऐसे समुदायों में सरकार की योजनाएं एवं नीतियां दम तोड़ रही हैं तो इनके क्रियान्वयन पर फिर से समीक्षा करने की ज़रूरत है।

**सिमरन कुमारी, मुजफ्फरपुर, बिहार**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## जापान में खानून तूफान के कारण 510 उड़ानें रद्द

**टोक्यो।** दक्षिणी जापान में शक्तिशाली तूफान खानून के कारण कम से कम 510 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। जापानी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एनएचके ब्रॉडकास्टर ने बताया कि ओकिनावा द्वीप पर नाहा हवाई अड्डे और क्यूशू द्वीप के दक्षिणी हिस्से में कागोशिमा को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाली उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और नौकाएं रोक दी गई हैं। इससे पहले सोमवार को खानून के रुख के कारण सोमवार को 260 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। वर्तमान में चक्रवात का दबाव 935 हेक्टोपास्कल है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के पूर्वानुमान के अनुसार चक्रवात मंगलवार शाम तक और तीव्र हो जाएगा और इसके केंद्र में दबाव घटकर 925 हेक्टोपास्कल हो जाएगा।

# देश विदेश

# अमेरिका ने बांग्लादेश में जारी राजनीतिक हिंसा पर चिंता जताई

**ढाका,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका ने बंगलादेश में जारी राजनीतिक हिंसा पर चिंता व्यक्त की है। अमेरिका की ओर से यह चिंता बंगलादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) की स्थायी समित के सदस्य गायेश्वर चंद्र रॉय पर हुए हमले को लेकर व्यक्त की गई है।

अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने स्थानीय समय के अनुसार सोमवार को नियमित संवाददाता सम्मेलन के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा, हम हिंसक कार्रवाई की पारदर्शी और निष्पक्ष जांच तथा अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करते हैं। अमेरिका के विदेश मंत्रालय की बेवसाइट पर इस संवाददाता सम्मेलन को विस्तृत रूप से प्रकाशित किया गया है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक पत्रकार ने श्री मिलर से सवाल किया कि बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर लाखों लोगों ने ढाका में प्रदर्शन किया है। स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया की रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इस दौरान पुलिस और सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों ने शनिवार को शांति पूर्वक प्रदर्शन कर रहे लोगों तथा विपक्षी दल के



बीएनपी की स्थायी समित के सदस्य गायेश्वर चंद्र रॉय पर हुए हमले की निंदा की

नेताओं पर बर्बर तरीके से हमला किया। इस हमले में विपक्ष के शीर्ष नेता रॉय के साथ सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। विपक्ष के खिलाफ बढ़ती पुलिस की बर्बरता और इस मामले पर स्पष्ट रूप से सरकार के सख्त रुख को देखते हुए आप स्थिति का आकलन कैसे करते हैं? बंगलादेश में विश्वसनीय और शांतिपूर्ण चुनाव की संभावना सुनिश्चित करने के लिए अमेरिकी विदेश विभाग क्या कदम उठाएगा? इसके जवाब में श्री मिलर ने कहा, हम बंगलादेश में इस सप्ताह के शुरू में हुई राजनीतिक हिंसा की निंदा करते हैं। हम बंगलादेश की सरकार से इस मामले में पारदर्शी तथा निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हैं और इस हिंसक कार्रवाई में शामिल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही हम सुरक्षित माहौल बनाने की मांग करते हैं, ताकि बंगलादेश के लोग शांतिपूर्वक एकत्रित हो सकते और अपनी चिंताओं को व्यक्त कर सके। हम सभी पक्षों से मौलिक अधिकारों और कानून व्यवस्था का आदर करने और हिंसा, उत्पीड़न तथा धमकी के कृत्यों से दूर रहने की मांग करते हैं। इस दौरान एक अन्य पत्रकार ने सवाल किया कि हर कोई जानता है कि बंगलादेश में राष्ट्रीय चुनाव हुए थे। अमेरिका ने बंगलादेश में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करने के लिए एक वीज़ा नीति की घोषणा की है। इसके अलावा मौजूदा प्रधानमंत्री ने अमेरिका और यूरोपीय संघ को आश्वासन दिया है कि बंगलादेश स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होंगे, लेकिन मुख्य विपक्षी दल ने पिछले सप्ताह देश की राजधानी में आगजनी, आतंक और बर्बरता फैलाई है।

# आंग सान सू ची की जेल की सजा कम हुई

**यांगून,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। म्यांमार की राज्य प्रशासन परिषद ने मंगलवार को अपदस्थ नेता आंग सान सू ची और पूर्व राष्ट्रपति यू विन म्यिंट की सजा कम कर दी, जबकि 7,000 से अधिक कैदियों को माफी भी दे दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, परिषद ने कहा कि सू ची की सजा छह साल और यू विन म्यिंट की चार साल कम कर दी गई है।

नोबेल पुरस्कार विजेता और पूर्व राष्ट्रपति को 1 फरवरी, 2021 को सैन्य तख्तापलट के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया था।

माफी से सू ची की 33 साल की जेल की सजा छह साल कम हो जाएगी। समय-समय पर माफी की घोषणा पहले भी की जा चुकी है, लेकिन यह पहली बार है जब अपदस्थ नेता और माइंट को शामिल किया गया है। इस बीच, आदेश के अनुसार, परिषद ने 7,749 घरेलू कैदियों और 125 विदेशी कैदियों की सजा भी माफ




कर दी, जबकि कुछ की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। इसके अलावा, परिषद ने जातीय सशस्त्र समूहों के 22 सदस्यों की सजा माफ कर दी और 72 व्यक्तियों से संबंधित मामलों को भी खारिज कर दिया, जो जातीय सशस्त्र समूहों के संबंध में थे। सू ची, जो तख्तापलट के बाद से घर में नजरबंद थीं, को पिछले साल राजधानी ने पी ताव की एक जेल में एकान्त कारावास में ले जाया गया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो वर्षों में उनकी लगभग कोई खबर सामने नहीं आई है और उनके बीमार होने की भी अफवाह थी, लेकिन सेना ने इन खबरों का खंडन किया है।

## सुडोकू 6272

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 1 | | 5 | | |
| 4 | | | | | 3 | | 2 | 9 |
| 5 | | 9 | | | | | | |
| 2 | | | | 7 | | | | |
| 9 | 1 | | | | | | 6 | 3 |
| | | | | 6 | | | | 8 |
| | | | | | | 6 | | 7 |
| 7 | 3 | | 6 | | | | | 2 |
| | | 8 | | 5 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 2 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 15**

### राशिफल

मेष -व्यावसायिक क्षेत्र में सहकर्मियों और भागीदारों के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी। आपकी किसी परियोजना को सरकारी लाभ मिलने की संभावना है। कार्यालय से जुड़े कामों के लिए यात्रा के भी योग हैं।

वृषभ -विदेश में रहने वाले स्नेहीजन तथा मित्रों के समाचार आपको खुशी देंगे। विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति के लिए अच्छा अवसर है। लंबे प्रवास का आयोजन हो सकता है। धार्मिक स्थल की यात्रा से आपका मन खुश रहेगा।

मिथुन -आज आपको काफी सावधानी रखने की जरुरत है। आज इलाज या शल्यचिकित्सा टालना बेहतर होगा। क्रोध से खुद की हानि कर लेंगे। दिमाग को शांत रखें। मानहानि न हो, इसका ध्यान रखिएगा।

कर्क -आज का दिन दोस्तों और स्वजनों के साथ आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे। मनोरंजक प्रवृत्तियों का भी आनंद प्राप्त होगा। व्यापार में भी लाभ होने की संभावना अधिक है। भागीदारों से भी लाभ होगा।

सिंह -मानसिक चिंता से मन चिंतित रहेगा। शंका और उदासी भी मन पर छाई रहेगी, इसलिए आज मन भारी रहेगा। किसी कारणवश दैनिक कामों में विघ्न आ सकते हैं। व्यवसाय में सहकर्मियों का सहयोग आज नहीं के बराबर मिलेगा।

कन्या -आज विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। संतान के विषय में आपको चिंता बनी रहेगी। शेयर-सट्टे से संभलकर चलिएगा। मन में खिन्नता का अनुभव होगा। आज बौद्धिक चर्चाओं में न उतरना आपके लिए हितकारी रहेगा।

तुला -आज आप शारीरिक रुप से शिथिलता और मानसिक रुप से चिंता का अनुभव करेंगे। माता के विषय में चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति से संबंधित कामों में सावधानी बरतें।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आज आर्थिक लाभ होने के साथ-साथ भाग्य वृद्धि भी होगी। स्नेहीजनों के साथ संबंधों में प्रेम की अधिकता रहेगी। नए काम का शुभारंभ करने के लिए समय शुभ है।

धनु -आज आपका मन दुविधा में फंसा रहेगा। पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण रहेगा। निर्धारित कामों को पूर्ण न कर पाने से मन में हताशा भी बनी रहेगी। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना आपके लिए बेहतर होगा।

मकर -आज दिन की शुरूआत ईश्वर स्मरण से होने के कारण मन प्रफुल्लित रहेगा। पारिवारिक वातावरण मंगलमय रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों से आपको उपहार प्राप्त होंगे। नौकरी और व्यापार के स्थान पर आपका प्रभाव बना रहेगा।

कुंभ -आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता बनी रहेगी। परिजनों के साथ कलह होने की संभावना है। धन के लेनदेन या पूंजी निवेश करते समय ध्यान रखें। अदालती कार्यवाही में संभलकर चलें।

मीन -आज आकस्मिक धनलाभ की संभावना अधिक है। संतान के विषय में शुभ समाचार प्राप्त होंगे। बचपन के या पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। नए मित्रों से भी संपर्क होगा, इसका आपको भविष्य में लाभ होगा।


**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# ओआईसी की सिफारिशों की जांच करेगा स्वीडन

**स्टॉकहोम,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। स्वीडन यूरोपीय देशों में कुरान जलाने के विरोध प्रदर्शनों की श्रृंखला के इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की ओर से अपनाए गए प्रस्ताव की सावधानीपूर्वक जांच करेगा। विदेश मंत्री टोबियास बिलस्ट्रॉम ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि स्टॉकहोम संगठन के साथ घनिष्ट सहयोग में रुचि रखता है। श्री बिलस्ट्रॉम ने ट्वीट किया, 57 ओआईसी सदस्य देशों ने अब एक प्रस्ताव अपनाया है जिसमें कई सिफारिशें हैं। हम इनकी सावधानीपूर्वक जांच करेंगे और ओआईसी और इसके सदस्य देशों के साथ अपनी महत्वपूर्ण बातचीत जारी रखेंगे। हमें घनिष्ट सहयोग में रुचि है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वीडिश सरकार ने देश में इस्लाम विरोधी प्रदर्शनों से 'खुद को दूर रखने का स्पष्ट रुख' अपनाया। उन्होंने कहा कि स्वीडिश न्याय मंत्रालय देश के सार्वजनिक व्यवस्था कानून सहित कानूनी विश्लेषण कर रहा था। उल्लेखनीय है कि हाल के सप्ताहों में, डेनमार्क और स्वीडन में कुरान जलाने के कई प्रदर्शन हुए। गत 28 जून को, ईद उल-अज़्हा छुट्टी के पहले दिन, स्टॉकहोम की मुख्य मस्जिद के बाहर हुए विरोध प्रदर्शन में कुरान की एक प्रति जला दी गई। जनवरी में स्वीडन में भी ऐसा ही प्रदर्शन हुआ था। अधिकांश मुस्लिम देशों ने इन विरोध प्रदर्शनों की निंदा की।

# चुनाव जांच को रद्द करने संबंधी ट्रंप के प्रयास खारिज

**वाशिंगटन,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अदालत से उस समय झटका लगा, जब एक अदालत ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में जॉर्जिया प्रांत उनके (श्री ट्रम्प) कथित हस्तक्षेप की जांच को रद्द करने के प्रयासों को खारिज कर दिया।




स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक फुल्टन काउंटी सुपीरियर कोर्ट के न्यायाधीश रॉबर्ट मैकबर्नी ने जॉर्जिया जिले के वकील को उन (श्री ट्रम्प) पर मुकदमा चलाने और मामले की जांच में एकत्र किए गए कुछ सबूतों का उपयोग करने से रोकने के लिए श्री ट्रम्प की कानूनी टीम के प्रयासों को खारिज कर दिया।

श्री मैकबर्नी ने अपने फैसले में कहा कि फुल्टन काउंटी के जिला अटॉर्नी फानी विलिस को जांच को आगे बढ़ाने से रोकने का कोई आधार नहीं है। सुश्री विलिस ने सुझाव दिया है कि वह आने वाले हफ्तों में मामले में आरोप की मांग कर सकती है। जॉर्जिया में श्री ट्रम्प की कानूनी टीम ने पहले राज्य में विशेष ग्रैंड जूरी की संवैधानिकता और अभियोजक के कार्यालय के बारे में चिंताओं का हवाला देते हुए अदालत से विशेष प्रयोजन ग्रैंड जूरी जांच से सभी सबूतों को बाहर निकालने और सुश्री विलिस को अयोग्य घोषित करने के लिए की अपील की थी।

### सिफारिशों के साथ अंतिम रिपोर्ट जारी

श्री ट्रम्प की ओर से कहा गया था कि विशेष ग्रैंड जूरी के पास अभियोग लगाने की शक्ति नहीं थी, लेकिन उसने सम्मन जारी किया और गवाहों से सुनवाई की और सुश्री विलिस के लिए सिफारिशों के साथ एक अंतिम रिपोर्ट जारी की।

## वर्ग पहेली 6272



**बायें से दायें:-**

१. बहुत दूर तक देख सकने वाली तेज नज़र (उपमा)
३. ऊपर लिखा या बताया गया
५. व्यापारी
६. दुविधा,असमंजस
७. वाल्मीकि का मूल नाम
९. घटना-वाकया
१०. सागर-मंथन से निकला एक वृक्ष
१२. मां, जन्मदायिनी
१३. ठगना, छल करना
१४. मोर की पूंछ, समूह
१६. प्राय: अधिकांश
१८. जो कभी बटा न हो
२०. सुग्रीव का राज्य
२१. जलयात्रा पर चलने वाली नौका
२३. नगरवासी

**ऊपर से नीचे:-**

१. श्रीकृष्ण
२. पक्का इरादा
३. पारिश्रमिक (उर्दू)
४. रोकने वाला
५. बरगद का पेड़
८. एक सुगंधित फूल, उसका पौधा
१०. कड़वे स्वाद का
११. बिच्छू
१२. महोदय, श्रीमान (उर्दू)
१३. के कुल में उत्पन्न
१४. दागदार
१५. वेशभूषा, लिबास
१७. सूरत, शक्ल का ब्यौरा
१८. असीमित, बेहद
१९. धोना, रंगना
२२. सरिता, तटिनी

### वर्ग पहेली-6271



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# चीन के हेबई प्रांत में मूसलाधार वर्षा से नौ लोगों की मौत, छह लापता



**बीजिंग,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के उत्तरी प्रांत हेबेई में मंगलवार दोपहर तक मूसलाधार वर्षा के कारण नौ लोगों की मौत हो गई और छह लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आज दोपहर तक हेबेई में मूसलाधारी बारिश से अचानक आई बाढ़ और तूफान से 87 काउंटियों और जिलों में से कुल 5,40,703 लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि आपदा से हुए आर्थिक नुकसान की अभी भी जांच की जा रही है। अब तक, करीब 8,47,400 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा चुका है। मुख्य प्रांतीय मौसम विज्ञान वेधशाला के अनुसार, शनिवार से हेबेई प्रांत में मूसलाधार बारिश जारी है। ज़ुओझोउ शहर हेबेई का एक क्षेत्र है जो बारिश के कारण आई बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह 10 बजे तक ज़ुओझोउ के 146 गांवों के कुल 1,33,913 लोग भारी बारिश से प्रभावित हुए हैं।

### चीन में इमारत ढहने से चार लोगों की मौत

हार्बिन। पूर्वोत्तर चीन के हेइलोंगजियांग प्रांत के नानचा काउंटी में सोमवार को एक इमारत के ढह जाने से चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि इमारत के ढहने के कारण की जांच की जा रही है।

# ट्विटर ने मुख्यालय में लगा नया 'एक्स' लोगो हटाया

**वाशिंगटन,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। ट्विटर ने अमेरिका में कैलीफोर्निया प्रांत के सैन फ्रांसिस्को स्थित अपने मुख्यालय की इमारत के ऊपर से बिना अनुमति के लगाए गए 'एक्स' लोगो को हटा दिया है। एनपीआर न्यूज ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक सैन फ्रांसिस्को के भवन निरीक्षण विभाग को इस लोगो को लेकर संरचनात्मक सुरक्षा से संबंधित 24 शिकायतें मिली थी। सैन फ्रांसिस्को बिल्डिंग इंस्पेक्शन विभाग के प्रवक्ता पैट्रिक हन्नान ने कहा कि बिना अनुमति स्थापना के लिए संपत्ति के मालिक से शुल्क का आकलन किया जाएगा। यह शुल्क संरचना की स्थापना और हटाने के लिए इमारत परमिट के लिए होगा। भवन निरीक्षण विभाग और योजना विभाग की जांच की लागत को कवर करने के लिए होगा। पिछले सप्ताह, ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने ट्विटर का नाम और लोगो बदलकर 'एक्स' कर दिया। शुक्रवार को एक ट्वीट में श्री मस्क ने एक के बाद एक कंपनियों के चले जाने के बावजूद शहर को कभी नहीं छोड़ने की कसम खाई।

## आज का इतिहास

1763- मुर्शिदाबाद पर कब्जे के बाद ब्रिटिश सेना ने गिरिया की लड़ाई में मीर कासिम को हराया।
1790- अमेरिका में पहली बार जनगणना की गई। उस समय अमेरिका की जनसंख्या 39 लाख के आसपास थी, जिसमें से करीब 7 लाख बंदी लोग थे।
1831- नीदरलैंड की सेना ने दस दिन के अभियान के बाद बेल्जियम पर कब्जा किया।
1858- ब्रिटिश सरकार ने गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट पारित किया, जिसके बाद भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटिश राजशाही के हाथ में चला गया। भारत में ब्रिटिश सरकार के शीर्ष प्रतिनिधि के रूप में वायसराय का ओहदा बनाया गया।
1870- लंदन में थेम्स नदी के नीचे दुनिया के पहले अंडरग्राउंड रेलवे की शुरुआत हुई।
1878- भारत के राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' की रचना करने वाले पिंगली वेंकैया का जन्म।
1922- चीन में समुद्री तूफान से लगभग साठ हजार लोगों की मौत।
1943- दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान जापानी नौसेना ने अमेरिकी जहाज पीटी-109 को डुबा दिया। यही घटना विश्वयुद्ध में अमेरिका के शामिल होने की वजह बनी।
1944- तुर्की ने जर्मनी के साथ राजनयिक संबंध तोड़े।
1955- सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।।
1984- यूरोप की मानवाधिकार अदालत ने ब्रिटेन के एक नागरिक की फोन टैपिंग को यूरोपीय संधि का उल्लंघन बताया।1987- विश्वनाथ आनंद ने विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप जीती।
1990- इराक ने कुवैत पर हमला किया।
1990- इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने कुवैत पर हमला करके खाड़ी युद्ध की शुरुआत की। जवाबी कार्रवाई में अमेरिका ने ऑपरेशन डेजर्ट स्टॉर्म लॉन्च किया, जिसके बाद इराक ने कुवैत पर कब्जा छोड़ा।

**परेशानी** *इस साल आत्मघाती हमलों में 200 लोगों की मौत हुई*

# पाकिस्तान में इस साल अब तक हुए 18 आत्मघाती हमले

**इस्लामाबाद, 1 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) द्वारा प्रकाशित एक नई रिपोर्ट से पता चला है कि देश में इस साल अब तक 18 आत्मघाती हमले हुए हैं, जिनमें कम से कम 200 लोगों की मौत हुई है और 450 से अधिक लोग घायल हुए हैं। पिछले साल पाकिस्तान में 15 आत्मघाती हमले हुए थे। आत्मघाती हमलों की नवीनतम बढ़ोतरी ने पहले ही 2022 की तुलना में आत्मघाती हमलों की कुल संख्या को पार कर लिया है।**

पीआईसीएसएस रिपोर्ट में कहा गया है, सबसे गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के आदिवासी जिले रहे हैं, जहां 2023 में आधे आत्मघाती हमले हुए। यहां हुए 9 हमलों में लगभग 60 लोगों की जान चली गई, जबकि 150 से अधिक लोग घायल हो गए। रविवार को केपी के बाजौर जिले में जमीयत उलेमा इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) कार्यकर्ता सम्मेलन में आत्मघाती हमले में 20 से ज्यादा नाबालिगों सहित 54 लोग मारे गए।

रिपोर्ट में कहा गया, %%खैबर पख्तूनख्वा को तबाही झेलनी पड़ी, चार आत्मघाती हमलों में 110 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और 245 घायल हो गए। उस समय, पेशावर पुलिस लाइन पर हमला देश में सबसे घातक हमला था,



**हमलों में 450 से अधिक लोग हुए घायल**

जिसमें 100 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। बलूचिस्तान दूसरा सबसे अधिक प्रभावित प्रांत है, जहां कम से कम चार आत्मघाती हमलों में 14 लोगों की जान चली गई, जबकि 27 अन्य घायल हो गए। सिंध ने एक आत्मघाती हमले की सूचना दी, जिसमें पांच लोग मारे गए और 18 अन्य घायल हो गए। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) आतंकवादी संगठन ने इनमें से अधिकतर हमलों की जिम्मेदारी ली है। टीटीपी तेजी से एकजुट हो रहा है और देश में नागरिक और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहा है।

हालांकि, बाजौर में रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत के आतंकवादी संगठन ने ली और टीटीपी ने इसकी निंदा की है।

## दुनिया को जानें

# न्यूयॉर्क में एकल-उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध

**न्यूयॉर्क,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के सबसे अधिक आबादी वाले शहर न्यूयॉर्क में टेकआउट ऑर्डर में एकल-उपयोग प्लास्टिक कचरे को कम करने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। नए नियमों के तहत शहर में रेस्तरां और डिलीवरी सेवाओं को टेकआउट और डिलीवरी ऑर्डर में प्लास्टिक के बर्तन, मसाला पैकेट, नैपकिन या अतिरिक्त कंटेनर प्रदान करने की अनुमति नहीं है, जब तक कि ग्राहक उनके लिए न पूछें।इसका मतलब है कि रेस्तरां अब ग्राहक के अनुरोध के बिना स्वचालित रूप से प्लास्टिक के कंटेनर, चाकू और कांटे, मेयो के पैकेट, ड्रेसिंग, साथ ही केचप को शामिल नहीं करेंगे। एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक कचरे को कम करने के उद्देश्य से नए उपाय इस साल की शुरुआत में न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स द्वारा हस्ताक्षरित 'स्किप द स्टफ' कानून के तहत लागू हुए हैं। नियमों के लिए चेतावनी की अवधि 30 जून 2024 को समाप्त हो रही है, फिर उल्लंघन के लिए जुर्माना जारी किया जाएगा। प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों को दंड के तौर पर पहले अपराधी के लिए 50 अमेरिकी डॉलर, दूसरे के लिए 150 डॉलर और तीसरे के लिए 250 डॉलर जुर्माना देना होगा।

# प्रादेशिकी

## नूंह घटना की उच्च न्यायालय की निगरानी में जांच हो: सैलजा


**चंडीगढ़।** कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा नूंह की घटना को राज्य की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की विफलता का परिणाम बताते हुये इसकी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराने की मांग की है। सुश्री सैलजा ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि इस घटना में सरकारी एजेंसियां पूरी तरह नाकाम साबित हुईं। उन्होंने दावा किया कि नूंह की घटना के बाद भी सरकार ने सक्रियता नहीं दिखाई। इस पूरे घटनाक्रम की जांच उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में होनी चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार के पास तमाम तरह के सूचना तंत्र और कई तरह के नेटवर्क होते हैं। लेकिन वह नूंह के मामले में अनजान बनी रही। जब नूंह में बवाल हो गया तो भी सरकार के स्तर पर कोई ऐसा कदम नहीं उठाया गया, जिससे इसे और अधिक फैलने से रोका जा सके।

# गडकरी, सुक्खू ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया

शिमला, 1 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि प्रदेश में भारी बारिश एवं भू-स्खलन से सड़कों, पुलों और अन्य सम्पदा का भारी नुकसान हुआ है और आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार की ओर से प्रभावितों को हरसम्भव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां लोगों को बहुत अधिक नुकसान हुआ है जोकि उनकी कल्पना से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि मरम्मत एवं बहाली का कार्य युद्ध स्तर पर सुनिश्चित करने के दृष्टिगत केंद्र सरकार की ओर से सीआरआईएफ के अंतर्गत 400 करोड़ रुपए उपलब्ध करवाये जायेंगे।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज कुल्लू जिला में हाल ही में आई आपदा से हुए नुकसान का मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ संयुक्त रूप से जायजा लिया। दोनों ने जिले के सर्वाधिक प्रभावित बड़ा भुईन, देवधार, शिरड़, कलाथ और आलू ग्राउंड मनाली का दौरा भी किया। उन्होंने आपदा प्रभावितों से संवाद किया और इस चुनौतीपूर्ण समय में उनकी आवश्यकताओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

इसके उपरांत केंद्रीय मंत्री के साथ एक संयुक्त पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सेब उत्पादक क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों के आस-पास एक किलोमीटर तक सम्पर्क मार्गों की मरम्मत का व्यय भी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण वहन करेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नदी के बहाव से कई स्थानों पर सड़कें बह गई हैं और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को न्यून करने के दृष्टिगत एक तकनीकी दल का गठन किया गया है। यह दल आगामी तीन-चार दिनों में प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर, स्थिति का जायजा लेगा। उन्होंने कहा कि नदी किनारे चट्टानों और सिल्ट के जमा होने से इसके बहाव में दिशा परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे बचाव के दृष्टिगत नदी किनारों को दो से तीन मीटर गहरा खोद कर कंकरीट से इसे भरा जाएगा तथा यहां उपलब्ध चट्टानों से एक मजबूत दीवार निर्मित करने की सम्भावनाएं भी तलाशी जायेंगी। उन्होंने इसमें प्रदेश सरकार से भी सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत निर्मित सड़कों की मरम्मत का पूरा खर्च केंद्रीय मंत्रालय वहन करेगा।



- नदी किनारे आपदा नुकसान न्यून करने के लिए तकनीकी दल का गठन
- सीआरआईएफ के अंतर्गत 400 करोड़ रुपए उपलब्ध करवाए जाएंगे

नितिन गडकरी ने कहा कि प्रदेश में 12,500 करोड़ रुपये की लागत से 68 सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कीरतपुर-मनाली फोरलेन सड़क का मरम्मत कार्य आगामी दो से तीन माह में पूरा कर, शीघ्र ही इसका लोकार्पण कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली महादेव रोप-वे के निर्माण के लिए 250 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है और इसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शाहपुर-सिहुंता सड़क के निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और इस पर सीआरआईएफ के अंतर्गत 52 करोड़ रुपये व्यय किए जायेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहाड़ों से चट्टानें इत्यादि गिरने की समस्या हमेशा बनी रहती है और इससे पार पाने के लिए एक अध्ययन कर इसकी सिफारिशों से राज्य सरकार को भी अवगत करवाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में इतनी बड़ी आपदा प्रथम बार देखी गई है जिसने राज्य को बुरी तरह से प्रभावित किया है। उन्होंने राज्य के सीमित संसाधनों के दृष्टिगत केंद्र से इस आपदा से उबरने में हिमाचल को उदार सहायता प्रदान करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गत माह 7 से 11 जुलाई के मध्य हुई भारी बारिश से प्रदेश में सम्पति के साथ-साथ सड़कों और पुलों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है।

# नूंह की घटना बड़े षड़यंत्र का हिस्सा उपद्रवियों को बख्शेंगे नहीं: खट्टर

**चंडीगढ़,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और गृह मंत्री अनिल विज ने नूंह की घटना को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताते हुये कहा है कि यह किसी बड़े षडयंत्र का हिस्सा प्रतीत होती है। दोनों नेताओं ने मंगलवार को यहां वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक में स्थिति की समीक्षा करते हुये यह बात कही तथा स्पष्ट किया कि सरकार उपद्रवियों को किसी सूरत में नहीं बख्शेगी एवं कड़ी कानूनी कार्रवाई करेगी। उन्होंने लोगों से शांति बहाल करने में सरकार के प्रयासों में मदद करने की अपील की। वहीं आधिकारिक तौर पर नूंह हिंसा और आगजनी की घटनाओं में दो पुलिसकर्मियों समेत पांच लोगों की मौत हुई है। श्री खट्टर ने कहा कि नूंह में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। सालों से हर वर्ष सामाजिक यात्रा निकलती रही है और गत 31 जुलाई को भी इस यात्रा का आयोजन किया गया। कुछ लोगों ने न केवल यात्रा पर आक्रमण कर इसे भंग किया बल्कि पुलिस पर हमला किया। दंगाईयों ने आगजनी की और अनेक वाहन जला दिये। पूरी घटना किसी बड़े षड़यंत्र का हिस्सा लगती है।



**सरकार उपद्रवियों को किसी सूरत में नहीं बख्शेगी एवं कड़ी कानूनी कार्रवाई करेगी। उन्होंने लोगों से शांति बहाल करने में सरकार के प्रयासों में मदद करने की अपील : मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री हरियाणा**

उन्होंने कहा कि नूंह में बाहर के आये लोगों की पहचान की जा रही है। अब तक 44 एफआईआर दर्ज कर 70 लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच के बाद जो भी दोषी पाये जाएंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी उपद्रवी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि इस घटनाओं में दो पुलिसकर्मियों समेत पांच लोगों की मृत्यु हुई है। जिनका जान-माल का नुकसान हुआ है, उन्हें सरकार मुआवजा देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने इस पूरे घटनाक्रम पर संयम से काम लिया। गत 31 जुलाई की दोपहर जैसे ही घटना की जानकारी मिली तो उसी समय पुलिस महानिदेशक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक(कानून एवं व्यवस्था) को मौके पर भेजा गया। केंद्र से केंद्रीय पुलिस बल की कम्पनियों की तैनाती के लिए अनुरोध किया। इस समय 16 कम्पनियां नूंह और आसपास के इलाकों में तैनात हैं। इसके अलावा राज्य पुलिस की 30 कम्पनियां भी मौके पर मौजूद हैं। आस-पास के जिलों से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है।

## सार संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस पर विस उपाध्यक्ष जालंधर में फहराएंगे तिरंगा

**जालंधर।** पंजाब विधानसभा के उपाध्यक्ष जय किशन रोड़ी 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को स्थानीय गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों के संबंध में अतिरिक्त उपायुक्त (आर) मेजर अमित महाजन ने मंगलवार को जिला प्रशासनिक परिसर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान यातायात व्यवस्था, उचित सफाई और सड़कों के सौंदर्यीकरण के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूली छात्रों और आम लोगों के आगमन को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। अतिरिक्त उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्कूली विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को समय पर अंतिम रूप देने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि रिहर्सल पांच अगस्त से शुरु होगी और फुल ड्रेस रिहर्सल 12 अगस्त को गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में होगी। उन्होंने कहा कि रिहर्सल के दौरान बच्चों और अन्य कर्मचारियों के लिए स्वच्छ पेयजल की विशेष व्यवस्था की जाए। यदि आवश्यक हो तो प्राथमिक उपचार सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग इस दौरान और कार्यक्रम के दिन स्वास्थ्य टीमों को तैनात करेगा।

### होशियारपुर में बनने वाले नए मेडिकल कॉलेज से होगा क्षेत्र का विकास : जिम्पा

**चंडीगढ़।** पंजाब के राजस्व मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा ने मंगलवार लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ के साथ होशियारपुर में बनने वाले नये मेडिकल कालेज के बारे एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे। जिम्पा ने कहा कि होशियारपुर में बनने वाले नये मेडिकल कालेज और अस्पताल की इमारत के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया तेज़ की जाये। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसका नाम शहीद ऊधम सिंह स्टेट इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज़ रखने का एलान किया था। जिम्पा ने कहा कि इस कालेज से सिर्फ़ दोआबा क्षेत्र की ही नहीं बल्कि होशियारपुर के लिए यह तरक्की के नये मील पत्थर भी स्थापित करेगा। जिम्पा ने कहा कि होशियारपुर में बनने वाले कालेज से मेडिकल शिक्षा हासिल करने के इच्छुक विद्यार्थियों को विदेशों में नहीं जाना पड़ेगा और इस मेडिकल कालेज में ही उनको अव्वल दर्जे की मानक डाक्टरी शिक्षा मुहैया करवाई जायेगी। इसके साथ ही लोगों को घरों के नज़दीक ही बेहतर और विश्व स्तरीय सेहत सहूलियतें मिलेंगी। जिम्पा ने बताया कि इस साल के बजट में नये मेडिकल कालेज के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 412 करोड़ रुपए रखे हैं।

### सुडोकू 6274 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 3 | 2 | 9 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 |

# कांग्रेसी नेता सेब मामले में प्रधान, किसान और उपप्रधान को धमका रहे हैं : संदीपनी

**शिमला,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा शिमला जिला के किसान यशवंत सिंह की गाथा सुन करके बहुत पीड़ा हुई, जब एक किसान को मजबूरी में अपने फल, सेब और नाशपती को नदी में बहाना पड़ा उसकी दर्द और पीड़ा तो केवल किसान ही समझ सकता है। लेकिन देश की डेमोक्रेसी में किसानों को अपनी आवाज़ उठाने के लिए मौलिक अधिकार मिलता है, जब टमाटर की कीमत कम हुई थी तो सड़कों पर फेंकने पड़े थे, जब दूध की कीमत कम हुई तो किसानों ने दूध को सड़कों पर बहाया था और जब प्याज की कीमत कम हुई तो किसानों को अपने प्याज पर ट्रैक्टर चलाना पड़ा गया था। हमारे किसान भाई यशवंत ने भी यही किया। उन्होंने कहा जब हमारे किसान भाई का सेब मंडियों तक नहीं पहुंच पाया और मंडियों में उसका दाम कम मिल रहा था, तो उन्हें इस सेब को बहाना पड़ा। यह इतिहास में पहली बार ही हुआ है कि हिमाचल प्रदेश के सेब बागबान अपना सेब मंडियों तक नहीं पहुंचा पाए। उसका कारण सड़कों की दुर्दशा और भरी बारिश थी। पडसारी जेबली रोड को बनाने में सरकार नाकाम रही, 4 जुलाई से यह सड़क बंद थी और इसी कारण सेब की गुणवत्ता गिरने के कारण उसे सेब को नदी में परवाह करना पड़।

**झूठ बोलने में माहिर है कांग्रेस सरकार**

दुर्भाग्यपूर्ण तो यह है कि अगर उस किसान को अपना सेब पानी में भरना पड़ा तो सरकार उसको सांत्वना देती, पर उसके बजाय सरकार ने उस पंचायत के प्रधान और उपप्रधान व किसान को धमकाना शुरू किया। उनको डराया गया और कहा गया कि उन पर एफआईआर दर्ज की जाएगी, भाजपा इसकी घोर निंदा करती है। भाजपा इस कांग्रेस सरकार के रवैया का खंडन करती है, हालत यह है कि मुख्यमंत्री ने शिमला जिला का प्रवास बनाया था जब उनका उड़न खटोला नहीं उड़ सका तो उन्हें किसानों का दुख दर्द बांटने के लिए सड़क मार्ग से जाना चाहिए था ना कि अपने द्वारा कैंसिल करना चाहिए था। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर किसानों के बीच में गए और उन्होंने उनका दुख बांटा, उनकी स्थिति को देखने के लिए वह जहां जुब्बल कोटखाई गए वहां से रोहड़ू भी गए। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से कुछ बातें जरूर सीखनी चाहिए। भाजपा किसान यशवंत की संवेदना को समझती है और उनके साथ खड़ी है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के राजनैतिक पार्टी में शामिल होने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश

**चंडीगढ़,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ बलजीत कौर द्वारा पंजाब के ज़िला श्री मुक्तसर साहिब में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा राजनैतिक पार्टी में शामिल होने पर गंभीर नोटिस लेते हुए ज़िला प्रोग्राम अफ़सर श्री मुक्तसर साहिब को कार्रवाई करने के लिए हिदायत की गई है। डॉ कौर ने मंगलवार को बताया कि ज़िला श्री मुक्तसर साहिब में तैनात आंगनवाड़ी वर्कर हरगोबिन्द कौर के राजनैतिक पार्टी में शामिल होने का मामला ध्यान में आया है। उन्होंने कहा कि सरकार के नियमों अनुसार सरकारी खजाने में से वेतन/मानभत्ता लेने वाले व्यक्ति का किसी भी राजनैतिक पार्टी में शामिल होना सरकारी नियमों का उल्लंघन है। मंत्री ने बताया कि आगणवाड़ी वर्कर हरगोबिन्द कौर के राजनैतिक पार्टी में शामिल होने पर बनती कार्रवाई करने के लिए ज़िला प्रोग्राम अफ़सर श्री मुक्तसर साहिब को हिदायत की गई है। डॉ कौर ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की ड्यूटी और ज़िम्मेदारी आंगनवाड़ी सर्विसेज स्कीम के अधीन विभाग की तरफ से महिलाओं और बच्चों की भलाई के लिए चलाईं जा रही स्कीमों का लाभ आम लोगों तक पहुंचाना होता है। उन्होंने यह भी कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों को आंगनवाड़ी सेंटरों के निर्धारित समय के दौरान ज़रूरी कामों का भुगतान करने के लिए अपनी ड्यूटी निभानी लाज़िमी होती है।

# पंजाब को नशे की समस्या से मुक्त करने के लिए व्यापक रणनीति तैयार: डॉ बलवीर

**चंडीगढ़,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ बलबीर सिंह ने मंगलवार को 15 जून से 19 जुलाई, 2023 तक चलाए गए एक अभियान के निष्कर्षों पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यालय में एक अंतर-विभागीय उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। अभियान के निष्कर्षों का खुलासा करते हुए डॉ बलबीर सिंह ने कहा कि अभियान के दौरान कुल 33682 कैदियों की एसटीआई, 24404 की सिफलिस, 23879 की एचआईवी, 33576 की टीबी, 20904 की हेपेटाइटिस बी और 21299 कैदियों की हेपेटाइटिस सी के लिए जांच की गई। निष्कर्षों से पता चला कि कुल 916 कैदियों (2.7 प्रतिशत) को एसटीआई, 168 (0.7 प्रतिशत) को सिफलिस, 923 (3.9 प्रतिशत) को एचआईवी, 34 (0.1 प्रतिशत) को टीबी, 143 (0.7 प्रतिशत) को हेपेटाइटिस बी और 4846 (23 प्रतिशत) को हेपेटाइटिस सी की बीमारी थी। डॉ. बलबीर सिंह ने कहा, 'त्वरित कार्रवाई करते हुए, हमने एसटीआई, टीबी, सिफलिस, एचआईवी और हेपेटाइटिस सी के लिए सकारात्मक परीक्षण करने वाले 100 प्रतिशत कैदियों को तुरंत उचित उपचार पर रखा है।

मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बड़े पैमाने पर समुदाय तक अपनी पहुंच बढ़ाने और मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकारों से पीड़ित व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने के लिए और अधिक सख्ती से काम करने और विभिन्न अन्य विभागों के साथ सहयोग करने की सलाह दी। बैठक के दौरान, विशेष सचिव स्वास्थ्य डॉ. कार्तिक अदापा ने जेलों, किशोर गृहों और नशीली दवाओं के उपचार और पुनर्वास केंद्रों में साक्ष्य-आधारित रोकथाम और उपचार सेवाओं को बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार के पद पर पूर्व मुख्य सचिव राम सुभग की नियुक्ति पर सवाल उठाए

**शिमला,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार के पद पर पूर्व मुख्य सचिव राम सुभग सिंह की नियुक्ति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को यह स्पष्ट करना चाहिए कि किस हैसियत से उनको प्रधान सलाहकार नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, तो विपक्ष में रहते हुए सुक्खू ने राम सुभग सिंह की नियुक्ति पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि राम सुभग सिंह पर आरोप लगने के बाद भाजपा सरकार ने उनको मुख्य सचिव पद से हटा दिया था। उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री बनने के बाद सुखविंदर सिंह सुक्खू को राम सुभग सिंह प्यारे लगने लगे हैं या फिर वर्तमान सरकार ने उनका गंगाजल से शुद्धिकरण कर लिया है। त्रिलोक कपूर यहां पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार अपनी आंतरिक लड़ाई से कभी भी गिर सकती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री कुर्सी को बचाने के लिए यारी को निभाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि राम सुभग सिंह को मिलाकर ओ.एस.डी., सलाहकार व कैबिनेट रैंक की फेहरिस्त में 11 नाम जुड़ गए हैं, जिनके ऊपर मोटी राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में भी इतनी बड़ी राशि इस तरह के पदों पर खर्च नहीं हो रही है। इसी तरह अब वाटर सैस के नाम पर सेवानिवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी अमिताभ अवस्थी को अध्यक्ष तथा 3 अन्य को सदस्य बनाया गया है। इतना ही नहीं सी.पी.एस. की फौज खड़ा करके जनता पर अलग से बोझ डाला गया है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री ने आरोप लगाया कि प्रदेश में तबादला उद्योग चरम पर है। इसके आरोप खुद कैबिनेट मंत्री के पुत्र लगा रहे हैं। इतना ही नहीं सरकार में विरोधाभास की स्थिति है, जिसमें मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री, विधायक और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री कार्यालय पर छोटी सी अवधि में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं।

त्रिलोक कपूर ने कहा कि आपदा के समय केंद्र सरकार ने तुरंत वित्तीय मदद उपलब्ध करवाई है, जिसको सरकार में बैठे नेता झूठा बता रहे हैं। इतना ही नहीं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने कुल्लू दौरे के दौरान प्रदेश को कई बड़ी सौगातें एवं वित्तीय मदद को उपलब्ध करवाया है।

# जुलाई में कृषि बुनियादी ढांचा फंड में शानदार वृद्धि दर्ज : जौड़ामाजरा

चंडीगढ़, 1 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के बाग़बानी मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने मंगलवार को बताया कि राज्य द्वारा जुलाई महीने के दौरान कृषि बुनियादी ढांचा फंड (ए.आई.एफ) में शानदार वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि ए.आई.एफ स्कीम पंजाब की उद्यमी भावना को उत्साहित करने में सहायक साबित हुई है, जिससे राज्य के कृषि बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण विकास हुआ है। जौड़ामाजरा ने बताया कि जुलाई महीने तक राज्य भर में इस स्कीम के तहत कुल 8411 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो खेती आधारित विभिन्न प्रोजेक्ट स्थापित करने में निवेश के लिए कृषि से सम्बन्धित लोगों और किसानों की गहरी रुचि और उत्साह को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इन प्रोजेक्टों की कुल लागत 4579 करोड़ रुपए बनती है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि बाग़बानी विभाग ए.आई.एफ स्कीम के लिए राज्य की नोडल एजेंसी है, जो आवेदकों को सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करके इस प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा है। बाग़बानी मंत्री ने बताया कि लाभार्थियों ने 2481 करोड़ रुपए की कर्ज़ राशि के लिए अप्लाई किया है, जिसमें से अब तक 4745 पात्र प्रोजेक्टों के लिए 1395 करोड़ रुपए मंज़ूर किए जा चुके हैं और 980 करोड़ रुपए बाँटे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह वित्तीय सहायता निश्चित रूप से किसानों और उद्यमियों को अपनी कृषि सम्बन्धी पहलकदमियों को और प्रभावी ढंग से लागू करने और समूची उत्पादकता को बढ़ाने के लिए और ज्यादा सहायक सिद्ध होगी। जौड़ामाजरा ने बताया कि ए.आई.एफ स्कीम के अंतर्गत पंजाब ने इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के दौरान भी बढ़िया प्रदर्शन करते हुए 117 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। पिछले वित्तीय वर्ष के 3480 आवेदनों के मुकाबले इस पहली तिमाही तक 7547 आवेदन प्राप्त हुए हैं।



# लोक निर्माण विभाग की संपत्तियों के सर्वोत्तम प्रयोग को सुनिश्चित बनाने के लिए रणनीति तैयार: हरभजन

**चंडीगढ़,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने मंगलवार को यहाँ कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने लोक निर्माण विभाग की संपत्तियों के सर्वोत्तम प्रयोग को सुनिश्चित बनाने के लिए रणनीति बनायी है जिससे इनसे प्राप्त होते राजस्व को बढ़ाने के साथ-साथ सैलानियों की सुविधा के लिए पर्यटन केन्द्रों में नये गेस्ट हाउसों के निर्माण और मौजूदा की मरम्मत, ग्रामीण क्षेत्रों में हरे मैदान विकसित करने और विभाग के कर्मचारियों के लिए सरकारी रिहायशों के निर्माण जैसे कदम उठाये जा सकें। यहाँ लोक निर्माण विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुये हरभजन सिंह ई. टी. ओ ने कहा कि लोक निर्माण विभाग की देहरादून, हरिद्वार, वृन्दावन, दिल्ली और पंजाब से बाहर कई स्थानों पर संपत्तियां हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि दूसरे राज्यों में विभाग की संपत्तियों की मौजूदा स्थिति की समीक्षा और रिपोर्ट करने के लिए विभागीय कमेटियाँ बनाई जाएँ। राज्य में स्थित विभाग की संपत्तियों की स्थिति का जायज़ा लेते हुए लोक निर्माण मंत्री ने सभी अप्रयुक्त या कम प्रयोग वाली संपत्तियों को जनहित में बरतने के लिए एक संपूर्ण योजना बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सैलानियों को आकर्षित करने के लिए अमृतसर, पठानकोट और रूपनगर आदि जिलों में लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाऊसों के निर्माण या मौजूदा गेस्ट हाऊसों की मुरम्मत करने की तरफ विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने यह भी हिदायतें दीं कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी या अधिकारी पी. डब्ल्यू. डी गेस्ट हाऊस में बिना किराया दिये ठहर रहा है, तो सम्बन्धित विभाग से किराया वसूला जाये। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि अलग-अलग शहरों में विभाग की खाली पड़ी ज़मीनों का प्रयोग विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए ज़रूरत अनुसार सरकारी भवन विकसित करने के लिए किया जाये।



# अब राजस्थान का युवा बना 'गांधीमय': गहलोत

**जयपुर,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि देश के तनाव भरे माहौल में महात्मा गांधी के संदेशों का बड़ा महत्व है और इन पर चलकर आगे बढ़ते हुए लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाना होगा एवं देश की प्रगति में अहम भूमिका निभानी होगी। श्री गहलोत ने मंगलवार को बिड़ला सभागार में शांति एवं अहिंसा विभाग के राजस्थान गांधी दर्शन प्रशिक्षणार्थी सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के मूल्यों एवं सिद्धांतों पर चलकर ही शांति एवं अहिंसा की स्थापना संभव है।

उन्होंने कहा कि देश में सत्य, शांति और अहिंसा की भावना बढ़ें, इसी सोच पर राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि शांति और अहिंसा से ही समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारा कायम रह सकता है। यही हमारी संस्कृति का मूल आधार भी है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को गांधीजी के विचारों से जुड़ना चाहिए। गांधीजी की जीवनी 'सत्य के प्रयोग' का अध्ययन हर व्यक्ति को अवश्य करना चाहिए।



**देश के तनाव भरे माहौल में महात्मा गांधी के संदेशों का बड़ा महत्व है और इन पर चलकर आगे बढ़ते हुए लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाना होगा एवं देश की प्रगति में अहम भूमिका निभानी होगी: अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री**

उन्होंने कहा कि विश्व के कई देशों में तनावपूर्ण माहौल है, लेकिन भारतीय संविधान में गांधीजी की भावना निहित होने से भारत आज भी अखंड और मजबूत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मेलन के जरिए हर व्यक्ति को प्रशिक्षण देने का कारवां अब नहीं रूकना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांधी दर्शन प्रशिक्षणार्थी ही राजस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है। ये प्रशिक्षणार्थी राजस्थान के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे।

श्री गहलोत ने कहा कि गांधीजी के संदेश घर-घर में पहुंचाने की दिशा में देश में पहली बार राजस्थान में शांति एवं अहिंसा विभाग खोला गया। विभाग द्वारा गांधी दर्शन प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को गांधीजी के सिद्धांतों से अवगत कराया जा रहा है। इन्हीं का नतीजा है कि आज युवा वर्ग गांधीजी के बताए रास्ते पर आगे बढ़ा है और प्रदेश के घर घर में गांधीवादी भावना पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि जयपुर में गांधी संग्रहालय भी अपनी तरह का विशिष्ट संग्रहालय बन रहा है, जहां गांधी जीवन और उनके कार्यों को जानने के अवसर मिलेंगे।

# प्रादेशिकी

## रफी के गीतों पर गायकों ने देर रात तक उनकी यादें सजोई

**मवाना,**1 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के हाईवे मार्ग स्थित लाला फार्म हाउस पर सोमवार की रात को खान सिंगर क्लब मवाना के सौजन्य से रफी के नाम से रफी साहब को याद किया गया, जिसमें जाने-माने सिंगरों ने शिरकत फरमाई। खान सिंगर क्लब मवाना क्लब के सौजन्य से एक शाम रफी के नाम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सठला प्रधान फिरोज ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की निजामत जमील अहमद शाद ने की। एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम में आए सिंगरों में नासिर खान, नवाब युसूफ डेन्टर, इसरार अंसारी, राशिद, सलीम मेरठ, गुलअफशा, आलिया अब्बासी आदि ने रफी साहब के गीत सुनाकर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर मास्टर फैसल, मास्टर नदीम शेख, मास्टर साजिद, डॉक्टर एम एन सैफी, मिरजि, सलीम सभासद, रबनवाज, समाजसेवी नूर मोहम्मद व रियाजुद्दीन मलिक आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# देश में समृद्ध होते उड्डयन क्षेत्र की उत्तर प्रदेश बना पहचान : योगी

## मुख्यमंत्री ने की नागरिक उड्डयन विभाग के कार्यों की समीक्षा

**लखनऊ,** 1 अगस्त, लखनऊ (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश में समृद्ध होते उड्डयन क्षेत्र की नई पहचान बनकर उभरा है। उत्तर प्रदेश में अभी तीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में नागरिक उड्डयन क्षेत्र का विस्तार हो इसके लिए प्रदेश में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की संख्या में वृद्धि करें एवं नागरिक सुविधाओं में विस्तार सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को नागरिक उड्डयन विभाग के कार्यों की समीक्षा की और प्रस्तुतिकरण देखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 2016-2017 के सापेक्ष छह साल में प्रदेश में माल ढुलाई हुई चार गुना वृद्धि हुई है। वर्ष 2016-2017 में प्रदेश में माल ढुलाई जहां 5895 मीट्रिक टन थी, वहीं 2022-23 में यह बढ़कर 20, 813 मीट्रिक टन हो गई। यह वृद्धि काफी सराहनीय है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2016-2017 में प्रदेश में एयर ट्रैफिक जहां 46,585 था। वहीं साल 2022-2023 में यह संख्या बढ़कर 82,615 हो गई है। हवाई उड़ानों के साथ-साथ यात्रियों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है। वर्ष 2016-2017 के 59.97 लाख यात्रियों ने हवाई यात्रा की है। वहीं 2022-2023 में 96.02 लाख यात्रियों ने हवाई यात्रा का लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ रही हवाई यात्रियों की संख्या को देखते हुए उनकी सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाए। योगी ने कहा कि दिव्य और भव्य कुंभ से पहले प्रयागराज एयरपोर्ट की क्षमता नागरिक सुविधाओं में विस्तार करें।

साथ ही प्रयागराज एयरपोर्ट की क्षमता को तीन सौ से बढ़ाकर पांच सौ यात्रियों की करें।

**कुंभ के पूर्व प्रयागराज एयरपोर्ट की क्षमता व नागरिक सुविधाओं का हो विस्तार**



**बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की संख्या में करें बढ़ोतरी : योगी आदित्यनाथ**

### जनसमस्या के समाधान में हीलाहवाली पर होगी सख्त कार्रवाई : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ ने जनता की समस्या के समाधान में हीलाहवाली करने वाले अधिकारियों को साफ संदेश दिया कि अगर वह नहीं सुधरे तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को समय से अपने ऑफिस पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनने के निर्देश दिए और प्राथमिकता के आधार पर उसका निस्तारण करने को कहा। मुख्यमंत्री के यह तल्ख तेवर मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन के दौरान देखने को मिले। जनता दर्शन में सौ से अधिक लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, डीजीपी विजय कुमार और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद भी मौजूद रहे।

## सुभारती में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित



**मेरठ,**1 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के पैरामेडिकल साइंसेज विभाग द्वारा ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमे नए छात्र-छात्राओं को विभाग और विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों से अवगत कराया गया। शुभारम्भ पैरामेडिकल साइंसेज के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.पंकज किशोर मिश्रा ने किया। संचालन डॉ.मीनाक्षी मिश्रा एवं याशिका भारद्वाज द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा गीत-संगीत नृत्य, तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा विगत वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित छात्र-छात्राओं को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर पंकज किशोर मिश्रा, उमेश कुमार, अंशु कुमार सिंह, डॉ. मीनाक्षी मिश्रा, आर. के. मानिक, आकाश कुमार, काजल त्यागी, हिबा खान, आंकाक्षा, राहुल, विशान्त पाल व शिवानी उपस्थित रहे।

# अब वॉटर टूरिज्म व एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए भी होगी उप्र की पहचान

**लखनऊ,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश अब वॉटर टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए भी पहचाना जाएगा। योगी सरकार ने मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश जल आधारित पर्यटन एवं साहसिक क्रीड़ा नीति (यूपी वाटर टूरिज्म एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स पॉलिसी 2023) को मंजूरी दे दी है। यह नीति उत्तर प्रदेश में अंतर्देशीय समस्त भू-आधारित, वायु आधारित एवं जल मार्गों, बांधों, जलाशयों, झीलों, नदियों, तालाबों एवं राज्य के अधिकार क्षेत्र के अंदर विभिन्न जल निकायों एवं भूमि खंडों पर की जाने वाली सभी साहसिक गतिविधियों पर लागू होगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कैबिनेट से स्वीकृत हुए पर्यटन से संबंधित प्रस्तावों के विषय में जानकारी दी। उप्र में विंध्य व बुंदेलखंड क्षेत्रों में पहाड़ियां, हिमालय के तराई क्षेत्र में लगभग 16,620 वर्ग किमी. के वन क्षेत्र के साथ अनेक सुंदर परिदृश्य, वन विस्तार, बहती नदियों और लुभावने सुंदर झरने, बांध, जलाशय एवं झीलें होने के चलते प्रदेश में जल आधारित पर्यटन एवं साहसिक क्रीड़ा एवं जल क्रीड़ा की काफी संभावनाएं हैं। जिसे मंत्रिपरिषद से स्वीकृति मिल गई है। यह नीति राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित तिथि से 10 वर्षों के लिए वैध होगी। इस नीति के अंतर्गत कार्यवाही के लिए नोडल एजेंसी मंडल स्तर पर एडवेंचर स्पोर्ट यूनिट का सृजन करेगी। एडवेंचर स्पोर्ट्स यूनिट में पूर्व सैनिकों को सम्मिलित करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम के साथ एमओयू हस्ताक्षरित करेगा।

**कैबिनेट की बैठक में यूपी वाटर टूरिज्म एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स पॉलिसी को मंजूरी**

### उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक को भी मिली स्वीकृति

योगी मंत्रिपरिषद ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक 2023 को भी अनुमोदित किया है। उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा एवं मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि अभी तक प्रदेश में शिक्षकों के चयन के लिए अलग-अलग चयन बोर्ड एवं आयोग विद्यमान थे, लेकिन अब इसकी जगह उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग लेगा, जिसके प्रभावी होने पर उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड विघटित हो जाएंगे। यह एक निगमित निकाय होगा, जिसका मुख्यालय प्रयागराज में होगा। इस आयोग में राज्य सरकार द्वारा 12 सदस्यों और एक अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी।

## सार संक्षेप

### लोस चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं से तैयारी करने का आह्वान

**मवाना।** पूर्व मंत्री प्रभुदयाल वाल्मीकि आवास पर मंगलवार को आये समाजवादी पार्टी के जिला महामंत्री मनोज चपराना को गुलदस्ते भेंट कर सम्मान किया गया। उन्होंने समाजवादी पार्टी की नीतियों पर चर्चा की और आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर सभी कार्यकर्ताओं से तैयार रहने के लिए आह्वान किया। पूर्व मंत्री प्रभुदयाल वाल्मीकि ने कहा कि 2024 का चुनाव गठबंधन का चुनाव है और ऐसे में समाजवादी पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता को बिजनौर लोकसभा से गठबंधन के प्रत्याशी को जी तोड़ मेहनत करके उसको चुनाव जीता कर भेजेंगे। यह तभी संभव होगा, जब सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर आपस में गिले शिकवे भुलाकर गठबंधन के लिए गांव गांव जाकर नुक्कड़ सभाएं करनी होगी। भाजपा सरकार में दिन-रात बढ़ रही महंगाई, लूट व बलात्कार जैसी घटनाओं से अवगत कराएं। महंगाई की मार ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। पूर्व मंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में हमें इंडिया का प्रधानमंत्री बनाना है। इस मौके पर रियाज खान, मास्टर कृष्ण पाल यादव, रतनलाल यादव, बाबूराम कश्यप, नितिन चौहान, संजू वाल्मीकि, अवधेश शर्मा उपस्थित रहे।

### मेरी माटी मेरा देश अभियान को लेकर डीएम ने ली बैठक

**मेरठ।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान की तैयारी की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम 09 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। आजादी का अमृत महोत्सव योजना के समापन समारोह में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम गत वर्ष के हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तर्ज पर प्रदेश के समस्त ग्रामीण व शहरी दोनो क्षेत्रो में आयोजित किया जाएगा।

## भक्तों से सरोबार हुआ शिव मन्दिर, किया गया रूद्राभिषेक



**मेरठ,**1 अगस्त (देशबन्धु)। कंकरखेडा के शिवलोक के शिवमंदिर में शिव के अतिप्रिय मास श्रावण में प्रतिदिन भक्तों का तांता लगा रहता है, मंदिर में प्रात काल से ही भक्त अपने आराध्य महादेव की भक्ति पूजा अर्चना के साथ ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव, बोल बम के जयकारे लगा रहे होते है तथा उन्हें गंगा जल, दूध एवं दही आदि से स्नान कराकर पुष्प और बेलपत्र अर्पण पर किया जा रहा है। श्रावण मास के चौथे दिन कई लोगो ने पंडित की मौजूदगी में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। मंदिर के पंडित प्रदीप पटैरिया ने बताया कि शिव के इस पवित्र मास में भक्तों की सावन माह में पड़ने वाले सोमवार को विधि-विधान से पूजा करने से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों पर विशेष कृपा प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि सावन के सभी सोमवार को व्रत रखना विशेश फलदायी है।

उन्होंने बताया कि ऐसी मान्यता है कि जब भगवान विष्णु हरिशयनी का देवशयनी एकादशी पर विश्राम करने क्षीरसागर में चले जाते हैं तो इस दौरान समस्त ब्रहमांड के पालन का दायित्व भगवान शिव स्वंय ले लेते है। सामवन के महीने में भगवान शंकर की पूजा माता पार्वती के साथ करने से सभी प्रकार के मनोंवांछित फल की प्राप्ति होती है।

# जनपद में 17.93 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाने का लक्ष्य

**मेरठ,**1 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी 10 अगस्त को कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत एक से 19 साल तक के बच्चों और किशोरों को पेट के कीड़े निकालने की दवा (एल्बेंडाजोल) खिलाई जाएगी। जनपद में स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर करीब 17.93 लाख बच्चों-किशोरों को एल्बेंडाजोल खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बच्चों को दवा कैसे और कितनी दी जाएगी इसके लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर स्कूली शिक्षक-शिक्षिकाओं, आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. आर के सिरोहा ने ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर, सीडीपीओ, एमओआईसी, डीपीएम, बीसीपीएम को प्रशिक्षण दिया। जनपद में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 10 अगस्त से एक से 19 साल तक के बच्चों व किशोरों को पेट के कीड़े निकालने की गोली एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी।



- 10 अगस्त को खिलाई जाएगी कीड़े निकालने की दवा
- 17 अगस्त को चलेगा मॉपअप राउंड
- गोली खाने से छूटे बच्चों को किया जाएगा कवर

### एएनएम को दिया जा रह प्रशिक्षण : सिरोहा

नोडल अधिकारी डा.आर.के.सिरोहा ने बताया कि कृमि मुक्ति कार्यक्रम के लिए आशा कार्यकर्ता एएनएम को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। ट्रेनिंग में बताया गया कि एल्बेंडाजोल गोली खिलाते समय किन बातों का ध्यान रखना है और किस उम्र के बच्चों को कितनी गोली देनी है। यह गोली सभी बच्चों को प्रशिक्षित लोग अपने सामने खिलाएंगे। गौरतलब है कि पेट के कीड़े निकालने की दवा साल में दो बार बच्चों-किशोरों की खिलाई जाती है। इससे बच्चों को पेट के कीड़ों से तो मुक्ति मिलती है।

## डीएम ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा



**मेरठ,**1 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी द्वारा स्टाम्प शुल्क, वाणिज्य कर, खनन, आबकारी, विद्युत, भू-राजस्व एवं अन्य समस्त संबंधित विभागो की राजस्व संग्रह कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि कर वसूली के संबंध में संबंधित अधिकारी रणनीतिक रूप से कार्यवाही करते हुए वसूली में प्रगति लाया जाना सुनिश्चित करें। राजस्व वसूली के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करें। इस अवसर पर सीडीओ शशांक चौधरी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट राहुल विश्वकर्मा, एसडीएम सदर ओजस्वी राज, एसडीएम मवाना अखिलेश यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बदमाशों ने गत्ता व्यापारी के साथ मारपीट कर 50 हजार रुपए लूटे

### पीड़ित व्यापारी ने दी तहरीर, सीएचसी में भर्ती

**मवाना,**1 अगस्त (देशबन्धु)। फलावदा थाना क्षेत्र के महलका में गत्ता व्यापारी के साथ चार लोगों ने लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की और उसकी कैंटर गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। पीड़ित ने दी तहरीर में आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसकी जेब में से 50 हजार रुपए निकाल लिए। उसका मोबाइल भी तोड़ दिया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए मवाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। महलका निवासी पीड़ित सुहैल ने बताया कि वह मंगलवार को मुजफ्फरनगर में गत्ता बेचकर वापस अपने घर लौट रहा था कि रास्ते में पुरानी रंजिश के तहत गांव के ही चार लोगों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की। मारपीट के दौरान पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों ने पीड़ित की कैंटर गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। घटना के संबंध में पीड़ित ने किसी अन्य ग्रामीण के फोन से 112 डायल पुलिस को फोन किया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इस संबंध में पीड़ित सुहेल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह अपनी कैंटर गाड़ी से गत्ता बेचकर जब वह महलका में पहुंचा तो पहले से घात लगाए बैठे चार युवकों ने उसकी कैंटर गाड़ी को रोककर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। गाड़ी में भी तोड़फोड़ कर शीशा तोड़ दिया और उसकी जेब में रखे पचास हजार रुपये की नगदी छीनकर ले गए तथा मोबाइल भी फोड़ दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी धीरेंद्र उपाध्याय का कहना है कि पीड़ित के साथ आरोपियों की पुरानी रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते उनमें मारपीट हुई है। 50 हजार रुपए लूट की घटना सही नहीं है।

## व्यापारी की पत्नी पर जानलेवा हमला


**मेरठ,**1 अगस्त (देशबन्धु)। नगर में मंगलवार को प्रमुख व्यापारी की पत्नी पर मंगलवार को सुबह मंदिर जाते समय तीन युवकों ने डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। पीड़िता स्वजन संग थाने पहुंची और तीन सगे भाइयों के खिलाप तहरीर दी। जिसमें अश्लील हरकत करने गले से चेन लूटने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने घायल को सीएचसी भिजवा दिया। नगर के प्रमुख मार्बल व्यापारी की पत्नी रोजाना की तरह मंगलवार को सुबह साढ़े नौ बजे सुभाष चौक के समीप स्थित मंदिर में पूजा करने जा रही थी।

आरोप है कि उसी दौरान आरोपित दो भाईयो के साथ आ गया और रोककर अश्लील हरकत करने लगा, जब विरोध किया तो धारदार हथियार व डंडों से हमला कर दिया। पीड़िता ने हमलावर तीनों भाइयों के खिलाफ तहारीर दी है। जिसमें महिला ने गले से सोने की चेन लूट का भी आरोप लगाया है।

**मारपीट संग छेड़छाड़ व चेन लूटने का आरोप**

# बाढ़ के पानी के बहाव में बाइक फिसले से मामा-भांजे डूबे

**फर्रुखाबाद,**1 अगस्त (देशबन्धु)। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के अंतर्गत ग्रामसभा तुसौर निवासी कुलदीप जाटव का साला पंकज पुत्र गिरधारी निवासी अडंगापुर जनपद उन्नाव निवासी मोटरसाइकिल से अपने भांजे राजकुमार को मोहम्मदाबाद स्थित आश्रम पद्धति विद्यालय में कक्षा 6 का छात्र था को छोड़ने जा रहे थे। करीब पांच बजे फर्रुखाबाद बदायू हाईवे स्थित चित्रकूट डिप में बाढ़ के पानी के बहाव में बाइक फिसल गई जिससे मामा भांजे दोनों गहरे पानी में चले गए। मौका पर 112 डायल पुलिस के उपनिरीक्षक गणेश हेड कांस्टेबल केशव सिंह हेड कांस्टेबल अंकित सिंह बचाव कार्य के लिए तैनात थे दोनों को डूबता देख हेड कांस्टेबल अंकित सिंह ने डूबते हुए मामा भांजे को बचाने के लिए पानी में उतर गए। बचाने के प्रयास में सिपाही अंकित सिंह खुद डूबने लगा जिसे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर बाहर निकाला। सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष दिवाकर प्रसाद पुलिस बल के साथ व तहसीलदार कर्मवीर सिंह राजस्व टीम के साथ पहुंचकर मौका मुआयना कर गोताखोरों को शव बरामद हेतु पांचाल घाट से बुलवाया।



पंकज का शव गोताखोरों ले शाम सात बजे बरामद किया जिसे एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भिजवाया गया। जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया वहीं छात्र राजकुमार का शव खबर लिखे जाने तक बरामद नहीं हो सका। मृतक छात्र दो भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक राजकुमार का छोटा भाई बॉर्बी मां गुड्डी देवी पिता कुलदीप बाबा प्रदीप सहित परिजनों का रो-रो कर बहुत बुरा हाल है।

# रामनगरी के मंदिरों को वीरान कर रहा राममंदिर का नया रास्ता

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,**1 अगस्त (देशबन्धु)। रास्तों का निर्माण सुगमता के लिए किया जाता है। अयोध्या इस समय बन बिगड़ रहे रास्तों से कराह रही है। धर्मपथ, रामपथ, भक्ति पथ की दुश्वारियों ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। आम नागरिकों के साथ संत महंतों में भी दर्द है लेकिन बुलडोजर का डर भी है। दर्द जब असहनीय हो जाता है तो कभी कभी पीड़ा छलक उठती है। पिछले तीन दशक से अयोध्या के तमाम ऐतिसाहिक, पौराणिक मंदिर वीरान हो गए हैं। सैकड़ों मंदिर नव्य अयोध्या व बन रहे राममंदिर की भेंट चढ़ चुके हैं। राममंदिर के बने नए रास्ते ने भी एक दर्जन मंदिरों को वीरानगी की तरफ ढकेल दिया है। सरयू नदी रास्ता बदलकर राम मंदिर को नुकसान न पहुंचा सके इसलिए धरती के नीचे बारह मीटर से ज्यादा मोटी रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया गया है। इधर राममंदिर ने अपना रास्ता बदला तो बहुत से मंदिरों के लिए श्रद्धालुओं का रास्ता अपनेआप कट गया है। राम मंदिर जाने का मार्ग बदल जाने के कारण पुराने रास्ते के 10 से भी अधिक मन्दिर वीरान हो गए हैं। जिन मंदिरों में कभी भक्तों का तांता लगा रहता था वहां आज भूले-भटके श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इन मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं की बदौलत ही भगवान का भोग-राग व साधु-संतों की व्यवस्थाएं निर्भर होती थीं। राम पिछले तीन दशक से सुरक्षा बंधनों में जकड़ी राम नगरी के कई मंदिर पहले से ही विरान थे अब रास्ता बदलने से इन मंदिरों में सन्नाटा पसर गया है। आधुनिक बन रही अयोध्या की पीड़ा से हर कोई आहत है। सोशल मीडिया पर लोगों का दर्द छलकता रहता है लेकिन जब पीड़ा बढ़ जाती है तो लोग सड़क पर भी उतर जाते हैं। रामपथ के चलते बिजली पानी को लेकर शहर में हाहाकार मचा है। रामनगरी के साधु संत भी पीड़ित हैं। हनुमत निवास मंदिर के आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण लिखते हैं कि प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान पर भव्य मन्दिर का निर्माण अयोध्यावासियों के साथ-साथ भारतवासियों के स्वप्न साकार होने जैसा है। इस चिरप्रतीक्षित निर्माण ने देश भर में सनातन धर्मियों का मस्तक गर्व से उन्नत कर दिया है। अयोध्या समेत भारत इसकी सर्वत: अभ्यर्थना कर रहा है। परन्तु इस सपने के साकार होने के क्रम में बैरागियों की इस सराय के कई सपने टूटते से लगते हैं। त्याग, वैराग्य और उपासना की राजधानी अयोध्या की जिस चौखट पर भक्त-श्रद्धालु निर्मल मन से माथा टेककर निर्भयता पाते थे उस पावन चौखट की लकड़ी में भी घुन लगने लगे हैं। मन्दिर निर्माण के साथ पुनर्निमाण का दंश झेलती रामनगरी अयोध्या की आवाज इतनी दुर्बल है कि सोच के सन्नाटे में गए बिना इसे सुना भी नहीं जा सकता। राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसे देखते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं के दर्शन मार्ग में बदलाव कर दिया। श्रद्धालु जन्मभूमि पथ से सीधे राम मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं, लेकिन विराजमान भगवान श्रीरामलला के दर्शन मार्ग में बदलाव करने से पुराने रास्ते के एक दर्जन मंदिरों तक श्रद्धालु नही पहुंच पा रहे हैं। अब इन मंदिरों में सन्नाटा छाया हुआ है। राम जन्मभूमि परिसर में 1949 में भगवान रामलला का प्राकट्य हुआ था, जिसके बाद से अयोध्या आने वाले श्रद्धालु दर्शन करने के लिए हनुमान गढ़ी के दर्शन कर अमावां मंदिर, राम कचेहरी, लवकुश मंदिर, जगन्नाथ मंदिर और रंग महल के रास्ते से ही परिसर में प्रवेश करते थे।

अब इस रास्ते में बदलाव के बाद पड़ने वाले एक दर्जन मंदिरों में श्रद्धालु नही पहुंच रहे हैं। जिसमें राजमहल, रंग महल, जगन्नाथ मंदिर, लवकुश मंदिर, राम कचेहरी, सुंदर भवन, श्रृंगारकुंज, कैकेई कोप भवन, रामलला सदन जैसे मंदिर शामिल हैं।



■ **राम मंदिर के बने नए रास्ते ने एक दर्जन मंदिरों को वीरानगी की तरफ ढकेला**

**E-Tender Notice (ई-निविदा आमन्त्रण सूचना)**

पंत्राक: 3672 लेखा0 / सांसद निधि / 2023-24

दिनांक: 31-07-2023

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधेहस्ताक्षरी द्वारा सांसद निधि से कार्य कराये जाने हेतु उ०प्र० इलैक्टोनिक लिमेटिड में पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांक 02-08-2023 से 16-08-2023 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक आनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी समस्त नियत व शर्ते ई-निविदा पोर्टल https://etender-up-nic- पर उपलब्ध है। इच्छुक शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा दिनांक 16-08-2023 अपरान्ह 2:00 बजे तक अपनी निविदायें उपरोक्त ई-निविदा पोर्टल की वेबसाइट पर अपलोड की जा सकती है। निविदादाता द्वारा 02 प्रतिशत धरोहर राशि एफ०डी०आर० खण्ड विकास अधिकारी, मवाना के नाम बन्धक कराकर अप लोड़ करनी होगी। वेबसाइट पर प्राप्त निविदा दिनांक 16-08-2023 को अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थिति निविदादाताओं के समक्ष उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। अवकाश / अपरिहार्य स्थिति में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदादाता द्वारा निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी- मवाना मेरठ को ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा सबमिट करने की अन्तिम तिथि से एक कार्य दिवस के अन्दर पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध कराना अनिवार्य है, ऐसा न करने की स्थिति में निविदा नॉन रेस्पोन्सिव मानी जायेगी। निविदा सम्बन्धी नियम एवं शर्तो की जानकारी दिनॉक 02-08-2023 को प्रातः 10-00 बजे से दिनांक 16-08-2023 को अपरान्ह 1:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**मवाना (मेरठ)।**

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 2 अगस्त, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# दुनिया रंग-बिरंगी

## पंडित हरिप्रसाद चौरसिया को पसंद आयी वेबसीरीज दो गुब्बारे

**मुंबई।** सुप्रिसद्ध बांसुरी वादक और संगीतकार पंडित श्री हरिप्रसाद चौरसिया को वेबसीरीज दो गुब्बारे बेहद पसंद आयी है। जियो स्टूडियोज की वेब सिरीज दो गुब्बारे हाल ही में जियो सिनेमा पर रिलीज हुई है। इस सीरीज की कहानी इंदौर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। कहानी की बात करें तो नौकरी के लिहाज से जब अपने शहर से दूसरे शहर में आया युवक, बुजुर्ग मकान मालिक के साथ किराए पर रहने लगता है, तो किस तरह से उनके बीच रिश्तों का एक प्यारा सा बंधन का बंध जाता है, जिंदगी के इसी फलसफे की कहानी दो गुब्बारे है। पंडित श्री हरिप्रसाद चौरसिया को भी यह प्यारी सी कहानी बेहद पसंद आ गई है और उन्होंने अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है , मैं आश्चर्यचकित हूं कि इतनी प्यारी सहजता से भरी कहानी कितनी सादगी से बनी है।


## अनुराग कश्यप एक जादूगर हैं : सनी लियोन

**मुंबई,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोन कान फिल्म फेस्टिवल के बाद अपनी फिल्म 'कैनेडी' के इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2023 में प्रीमियर के लिए तैयार हैं। उन्होंने डायरेक्टर अनुराग कश्यप की तारीफ करते हुए कहा कि उनमें लोगों को अलग नजरिए से देखने की क्षमता है, जो



उन्हें खास बनाती है। सनी ने बताया कि मुझे निश्चित रूप से लगता है कि वह एक जादूगर हैं। उनके पास लोगों को अलग नजरिए से देखने की क्षमता है, जो उन्हें खास बनाती है। वह चुनते हैं कि वह किसके साथ काम करें और कैसे उनकी मदद करें, पेशेवर या व्यक्तिगत रूप से उनका कैसे पालन-पोषण करें। वह अद्भुत व्यक्ति हैं। एक्ट्रेस ने एक सवाल के जवाब में कहा कि वास्तव में जीवन में कुछ भी हो सकता है और एक फोन कॉल के भीतर आपका जीवन बदल सकता है। मैं कान में इस बड़ी शुरुआत और कैनेडी को कई फेस्टिवल्स से दुनिया भर में स्वीकार किए जाने के बाद जो कुछ भी होने वाला है, उसे लेकर बहुत उत्साहित हूं।

कश्यप द्वारा निर्देशित फिल्म 'कैनेडी' में राहुल भट्ट भी हैं। नियो-नोयर थ्रिलर फिल्म 'अग्ली' (2013) और 'दोबारा' (2022) के बाद यह तीसरी बार है, जब कश्यप और भट्ट एक साथ काम कर रहे हैं। कैनेडी का प्रीमियर 24 मई, 2023 को कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इसका प्रीमियर सिडनी फिल्म फेस्टिवल और बुकियॉन इंटरनेशनल फैंटास्टिक फिल्म फेस्टिवल में भी किया जा रहा है।



## आंखों की देखभाल के लिए योग है बेहद जरूरी

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। हमारी आंखें बेहद संवेदनशील होती हैं और इसीलिए उन्हें ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है। आंखों को लेकर हुई एक छोटी सी लापरवाही भी खतरनाक साबित हो सकती है। पर्यावरण प्रदूषण, वातावरणीय कारण, कॉन्टैक्ट लेंसेज का इस्तेमाल करना, बहुत अधिक वक्त स्क्रीन के सामने बिताना, नींद कम आना, चिड़चिड़ापन, शरीर में पानी की कमी, बहुत अधिक दवाइयां लेना या फिर घंटों मोबाइल में देखते रहने से आंखों में जलन, थकान और संक्रमण की शिकायत हो जाती है। इससे न केवल दूसरे कामों को करने में परेशानी होती है बल्कि खूबसूरती पर भी असर पड़ता है. आप चाहें तो इन समस्याओं को दूर करने के लिए योग अपना सकते हैं।

योग के अभ्यास से ना केवल आंखों की समस्याएं दूर होंगी बल्कि आंखों की ज्योति भी बढ़ेगी।

**आंखों के लिए योग**

आंखें शरीर की सबसे महत्वपूर्ण इंद्रियों में से एक हैं और फिर भी इनका ठीक तरह से ख्याल रखने में लोग चूक जाते हैं। दिनभर लैपटॉप या मोबाइल की स्क्रीन के सामने बैठे रहने से आंखों पर प्रभाव पड़ता है जिससे आंखों में दर्द, पानी निकलना, ज्यादा देर तक पढ़ने या ध्यानकेंद्रित करने से सिर में दर्द शुरू हो जाना और आंखों की रोशनी कम होना कुछ आम दिक्कते हैं। आंखों की रोशनी की बात की जाए तो एक बार रोशनी कम होती है तो बढ़ने में खासा परेशानी होती है।

### भस्त्रिका प्राणायाम

*सुखासन की मुद्रा में बैठने के बाद इस योगासन को किया जाता है। यह सांस लेने की योगा है जिसका असर फेफड़ों, कानों, नाक और आंखों पर होता है. इसे करने के लिए अपनी गर्दन और रीढ़ की हड्डी को एकदम सीधा रखकर बैठें। इसके बाद शरीर को बिना हिलाए गहरी सांस लें और तेजी से दोनों नाक से आवाज करते हुए सांस छोड़ो।*


### हथेली से आंख ढंकना

*अपने दोनों हाथों की हथेलियों को आपस में रगड़कर उन्हें आंखों पर रखें. इससे हथेलियों की गर्माहट आंखों की सिंकाई करती है। इस प्रक्रिया को 5 से 10 मिनट के लिए करें। भ्रामरी प्राणायाम करें। भ्रामरी प्राणायाम आंखों की रोशनी बढ़ाता है।*

## बिहार में 'आई फ्लू' के मरीजों की संख्या बढ़ी

- आंखों की साफ सफाई पर ध्यान दें
- मरीज को बार बार आंख छूने से बचना चाहिए

**पटना,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार खासकर राजधानी पटना में आई फ्लू से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सरकारी अस्पतालों के अलावा निजी आंख के अस्पतालों में इसके मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। आई फ्लू को मेडिकल भाषा में कंजंक्टिवाइटिस कहा जाता है। पटना ही नहीं राज्य के अन्य जिलों के स्वास्थ्य केंद्रों में भी इस बीमारी से पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं। इधर, चिकित्सक इससे घबराने नहीं बल्कि साफ सफाई पर ध्यान देने की बात कह रहे हैं। राजधानी पटना में अस्पतालों की बात की जाए तो अस्पतालों में प्रतिदिन ओपीडी में लगभग 15 से 20 फीसदी मरीज आई फ्लू की शिकायत को लेकर पहुंच रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक, आईजीआईएमएस, गार्डिनर रोड अस्पताल में 150 -200 से अधिक आई फ्लू के मरीज पहुंच रहे हैं। निजी आंख के अस्पतालों में भी आई फ्लू के मरीज पहुंच रहे हैं। नेत्र चिकित्सकों का मानना है कि बिहार ही नहीं, बल्कि इन दिनों देश के कई हिस्सों में आई फ्लू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। वातावरण में गर्मी और उमस के कारण आई फ्लू के मामले बढ़े हैं। इसके मरीज बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हो रहे हैं। राजा बाजार स्थित नेत्र चिकित्सक डॉ. सुधीर कुमार कहते हैं कि अगर आप किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आते हैं तो आपको यह बीमारी हो सकती है। यह वायरस संक्रमित व्यक्ति की आंखों से निकलने वाले आंसुओं से भी हो सकता है। इधर, राजधानी के कई स्कूल प्रबंधकों ने इस बीमारी से पीड़ित बच्चों के अभिभावकों को स्कूल नहीं भेजने की सूचना भेजी है।



## शॉर्ट वीडियो ऐप चिंगारी ने गूगल प्ले स्टोर पर पार किया 100 मिलियन डाउनलोड का आंकड़ा

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। शॉर्ट-वीडियो मेकिंग प्लेटफॉर्म चिंगारी ने मंगलवार को घोषणा की कि ऐप ने गूगल प्ले स्टोर पर 100 मिलियन डाउनलोड को पार कर लिया है। चिंगारी की शुरुआत 2020 में एक सोशल ऐप के रूप में हुई थी। प्लेस्टोर और ऐपस्टोर पर इसके 175 मिलियन से ज्यादा डाउनलोड हैं। ऐप अपने यूजर्स और क्रिएटर्स के लिए कई रेवेन्यू स्ट्रीम्स की पेशकश करके अपने प्लेटफॉर्म पर कई फीचर्स प्रदान करता है, जिसमें गारी माइनिंग, चिंगारी लाइव रूम, सब्सक्रिप्शन और क्रिएटर कट शामिल हैं। कंपनी के को-फाउंडर और सीईओ सुमित घोष ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि '100 मिलियन डाउनलोड हमारे यूजर्स के विश्वास का प्रमाण है। गारी माइनिंग, चिंगारी लाइव रूम, सब्सक्रिप्शन और क्रिएटर कट्स सहित कई सुविधाओं ने यूजर्स को रेवन्यू के कई अवसर प्रदान किए हैं।' उन्होंने कहा कि अगले कुछ महीनों में पूरी तरह से ग्लोबल होने की हमारी महत्वाकांक्षी योजना है। हमारा उद्देश्य एक ऐसा प्लेटफॉर्म प्रदान करना जारी रखना है, जहां लोग अपने कंटेंट से कमाई करते हुए पॉजिटिव और मीनिंगफुल तरीके से एक-दूसरे से जुड़ सकें, शेयर कर सकें। वर्तमान में, चिंगारी ऐप 16 भाषाओं में उपलब्ध है और इसके 5 मिलियन से ज्यादा डेली एक्टिव यूजर्स (डीएयू) और 40 मिलियन मंथली एक्टिव यूजर्स (एमएयू) हैं। हाल ही में चिंगारी ने भारत में गूगल प्ले स्टोर पर टॉप 10 कमाई करने वाले ऐप्स में जगह बनाई।

## पहले छह माह तक मां का दूध ही बच्चे के लिए उत्तम आहार

### छह माह के बाद बच्चे को मां के दूध के साथ-साथ नरम आहार

**जालंधर,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब में जालंधर के सिविल सर्जन जालंधर डॉ. रमन शर्मा ने मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय में जागरूकता बैनर और पंपलेट जारी कर मां के दूध के महत्व संबंधी जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि महिलाओं को मां के दूध के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर साल जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। इस बार यह दिन 'मां के दूध को कमोडिटी बनाना कामकाजी माता-पिता के लिए बदलाव लाना' थीम के तहत मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जन्म के बाद नवजात बच्चे के लिए मां का दूध सबसे महत्वपूर्ण होता है। बच्चे को पहले छह महीने तक सिर्फ मां का दूध ही पिलाना चाहिए क्योंकि मां के दूध में ऐसे तत्व होते हैं,



जो बच्चे को जानलेवा बीमारियों से बचाते हैं। उन्होंने कहा कि छह माह के बाद बच्चे को मां के दूध के साथ-साथ नरम आहार जैसे चावल, खिचड़ी, दलिया आदि देना शुरू कर देना चाहिए। दो साल तक बच्चे को संतुलित आहार के अलावा मां का दूध जरूर पिलाना चाहिए, जिससे बच्चे और मां के बीच आपसी प्यार बढ़ता है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. राकेश चोपड़ा ने कहा कि मां के पहले गाढ़े दूध (बहुला) में नवजात शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सभी आवश्यक तत्व मौजूद होते हैं। मां के दूध में एंटीबॉडीज मौजूद होते हैं, जो बच्चे की वायरस, बैक्टीरिया और बीमारियों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाते हैं और बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं।

मां का दूध बच्चे को कुपोषण और डायरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाता है। उन्होंने कहा कि मां का दूध न केवल बच्चे के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि महिलाओं के लिए स्तन और गर्भाशय कैंसर जैसी बीमारियों के खतरे को भी कम करता है। नवजात शिशु को पोषण, सुरक्षा और प्यार की जरूरत होती है, ये सभी जरूरतें मां के दूध से पूरी होती हैं।

## 'मेरे पास तुम हो' शो के भारत में प्रसारित होने पर खुश हैं पाकिस्तानी कलाकार हुमायूं सईद



**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तानी अभिनेता हुमायूं सईद भारत में रोमांटिक ड्रामा 'मेरे पास तुम हो' की रिलीज के लिए उत्साहित हैं और उन्होंने उन सभी के प्रयासों की सराहना की है, जो दोनों देशों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। हुमायूं सईद, आयजा खान और अदनान सिद्दीकी अभिनीत शो 'मेरे पास तुम हो' एक अनोखी और असामान्य कहानी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस कहानी में एक विवाहित लड़की किसी अमीर व्यक्ति की तरफ आकर्षित हो जाती है। उसके जाने से उसका मध्यवर्गीय पति दानिश अख्तर (हुमायूं) आंसुओं में डूब जाता है।

शो 'मेरे पास तुम हो' पहली बार भारतीय टेलीविजन स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए तैयार है। अगस्त 2019 में पहली बार प्रीमियर होने पर इस धारावाहिक को भारी लोकप्रियता मिली थी, जिसने उस वर्ष 599 मिलियन से अधिक का आंकड़ा पार कर लिया था।

हुमायूं ने कहा कि यह शो पाकिस्तान में सफल रहा था। भारतीयों ने इसे यूट्यूब पर देखा। भारतीय मुझ पर संदेशों के माध्यम से प्यार बरसा रहे थे, मुझे लगा कि इस नाटक के माध्यम से मेरा परिचय भारत से हुआ है।

उन्होंने कहा कि जब ज़ी ने अपना चैनल 'जिंदगी' शुरू किया, तब मैंने भारत का दौरा किया और मुझे अच्छा लगा कि लोग मुझे पहचान रहे थे। लेकिन, अब यह शो भारत में जिस स्तर पर रिलीज होने जा रहा है, मैं बहुत खुश हूं। मैं सभी के प्रयासों की सराहना करता हूं। परिस्थितियां चाहे जो भी हों, कुछ लोग दोनों देशों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध और शांति बनाए रखने के प्रयास में हैं। जो कोई भी यह प्रयास कर रहा है, हमें उसका समर्थन करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तानी शो और फिल्में भारत में रिलीज होनी चाहिए और भारतीय शो पाकिस्तान में प्रसारित होने चाहिए, क्योंकि हमारी संस्कृति और भाषा एक ही है। 51 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि जब आप एक्स्ट्रा मैरिटल की कहानी को अच्छी स्क्रिप्ट, अच्छे डायरेक्शन और डायलॉग्स और बेहतरीन एक्टिंग के साथ दिखाते हैं तो लोगों को ऐसे शो देखने में मजा आता है।

उन्होंने यह भी खुलासा किया कि जब यह शो बनाया गया था, तो कुछ लोगों ने सोचा था कि यह एक जोखिम भरा कदम हो सकता है। लेकिन अब यह पाकिस्तान में इतना लोकप्रिय हो गया है, मुझे लगता है कि यह भारत में भी पसंद किया जाएगा। हुमायूं ने अंत में कहा कि कहानी इतनी दिलचस्प है कि पुरुष और महिला दोनों ही दर्शक इसे समान रुचि पसंद करेंगे।

आयज़ा ने कहा कि मैं 'मेरे पास तुम हो' शो के भारत में प्रसारित होने को लेकर रोमांचित हूं क्योंकि यह सीमाओं को पार करता है। उन्होंने कहा, यह कहानी संस्कृतियों और सीमाओं के पार कर लोगों को जोड़ने की क्षमता का प्रमाण है। पाकिस्तान और भारत के दर्शकों से हमें जो अपार प्यार और समर्थन मिला है, वह वाकई सुखद है।

## एक दिन के लिए जिला आयुक्त बना 10वीं का छात्र

**गुवाहाटी,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। असम के शिवसागर शहर में 10वीं कक्षा का एक छात्र राज्य शिक्षा विभाग की अभिनव पहल 'आरोहण' के तहत एक दिन के लिए जिला आयुक्त (डीसी) बना।




बोकोटा बोरबम हाई स्कूल में पढ़ने वाले 16 वर्षीय छात्र भाग्यदीप राजगढ़ को सोमवार को कर्तव्यों का पालन करने के लिए चुना गया था। शिवसागर के डीसी आदित्य विक्रम यादव सोमवार सुबह भाग्यदीप के घर गए और उसे शहर में अपने कार्यालय ले आए। छात्र ने जिला प्रशासन की दिन भर की बैठकों में भाग लिया।

डीसी यादव ने कहा कि पेशेवर पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले और डॉक्टर, इंजीनियर, लोक सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियां हासिल करने के लिए हम छात्रों को कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। उन्होंने भाग्यदीप को एक प्रतिभाशाली छात्र बताया, जो जीवन में कई चुनौतियों के बावजूद कड़ी मेहनत कर रहा है। छात्र ने कहा, उसकी महत्वाकांक्षा है कि वह एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में काम करे। छात्र ने कहा कि मैं एक दिन के लिए जिला आयुक्त के रूप में सेवा करने के इस अवसर की बहुत सराहना करता हूं क्योंकि इससे मुझे विभिन्न विभागों के संचालन के तरीके से जल्दी परिचित होने का मौका मिला।

प्रशासनिक बैठक में भाग्यदीप ने अधिकारियों से अपने गांव की सड़क पर काम करने को कहा और काम पूरा करने के लिए एक समयसीमा भी तय की।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को ट्वीट किया कि भाग्यदीप, कड़ी मेहनत करना जारी रखें और आप असम के मुख्य सचिव भी बन सकते हैं। प्रोजेक्ट 'आरोहण' के माध्यम से, हम चाय बागान और अन्य वंचित समुदायों के छात्रों को सफल करियर पथ अपनाने के लिए सलाह देते हैं।

'आरोहण' पहल दूर-दराज के गरीब परिवारों से प्रतिभाशाली छात्रों को ढूंढती है। इसका लक्ष्य इन छात्रों के शैक्षणिक करियर का मार्गदर्शन और निगरानी करना है।

## खुशी दुबे का फिटनेस मंत्र है 'योग, डांस, न्यूट्रीशस डाइट'

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। एक्ट्रेस खुशी दुबे ने अपनी फिटनेस के बारे में बात करते हुए कहा कि वह अपने फ्लैक्सिबिलिटी और स्टेमिना को बनाए रखने के लिए योगा और डांस जैसे सिंपल बेसिक एक्सरसाइज में विश्वास रखती हैं। खुशी वर्तमान में रोमांटिक थ्रिलर 'आशिकाना' सीजन 4 में चिक्की शर्मा के रूप में नजर आ रही हैं।



अपने डाइट और वर्कआउट रूटीन के बारे में बात करते हुए, खुशी ने बताया कि मैं फ्लैक्सिबिलिटी और स्टेमिना बनाए रखती हूं क्योंकि एक्शन सीन में मुझे इसकी जरुरत पड़ती है। मेरा किरदार चिक्की एक पुलिसकर्मी है और वह मामलों को सुलझाने में बहुत एक्टिव है। वह बहुत सारे एक्शन सीक्वेंस और डांस भी करती है। इसलिए इसे बनाए रखने के लिए, मैं योगा और डांस कर रही हूं। सिंपल बेसिक एक्सरसाइज शरीर को एक्टिव रखते हैं। मेरा एक्सरसाइज रूटीन आमतौर पर सेट पर शामिल होता है, खासकर एक्शन सीन्स और अन्य इंटेंस मोमेंट्स के दौरान। खुशी ने आगे कहा कि शरीर और स्वास्थ्य के लिए डाइट बहुत जरुरी है। मैं अपने लिए बहुत न्यूट्रीशस डाइट रखती हूं, मैं सभी जंक फूड से परहेज करती हूं, और मैं ढेर सारा पानी पीने की कोशिश करती हूं। 'आशिकाना' सीज़न 4 में खुशी दुबे के अलावा, जैन इबाद खान, हिमानी शिवपुरी, जयति नरूला, इंद्रजीत मोदी और गीता त्यागी लीड रोल में हैं। गुल खान द्वारा निर्देशित और जेन के स्टूडियो द्वारा निर्मित 'आशिकाना 4' डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।

### झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम कजले में एक जगह है बेनीसागर

## जहां पुरातात्विक अवशेष सुना रहे पांचवीं सदी की नगरीय सभ्यता की दास्तां

- बेनीसागर देश के 100 सबसे प्रमुख पुरातात्विक स्मारकों की सूची में शामिल
- बेनीसागर होने की वजह 300 गुणा 340 मीटर आकार का विशाल तालाब

**रांची,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले से तकरीबन 85 किलोमीटर दूर मंझगांव प्रखंड में एक जगह है बेनीसागर। यहां भारतीय पुरातात्विक विभाग की खुदाई से निकले सैकड़ों पुरातात्विक अवशेष यहां पांचवीं शताब्दी से लेकर 16वीं-17वीं शताब्दी तक आबाद रहे किसी समृद्ध नगरीय सभ्यता का दास्तां सुना रहे हैं। पुरातत्वविद यहां से मिली मूर्तियों, वास्तुशिल्पीय टुकड़ों, पाषाण आकृतियों पर लगातार शोध और अध्ययन कर रहे हैं। यहां कौतूहल पैदा करने वाली कई चीजें भी मिली हैं, जिनका रहस्य शायद आने वाले वर्षों में खुल सके। भारतीय पुरातत्व विभाग ने बेनीसागर को देश के 100 सबसे प्रमुख पुरातात्विक स्मारकों की सूची में शामिल किया है।



सबसे पहले अंग्रेजी सेना के कर्नल टिक्केल की निगाह 1840 में इस स्थान पर गई थी। इसके बाद 1875 ई. में एक अंग्रेज इतिहासकार जे.डी. बेगलर ने बेनीसागर का दौरा किया और उसने यहां कुछ मूर्तियां पाईं। इन मूर्तियों के आधार पर उन्होंने इस स्थल की तारीख 7वीं शताब्दी बताई। केसी पाणिग्रही नामक इतिहासकार ने भी बेनीसागर के पुरातात्विक अवशेषों के बारे में 1956 में एक पेपर प्रकाशित किया था। वर्ष 2003 में भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग ने यहां पहली बार खुदाई की। इस जगह का बेनीसागर होने की वजह 300 गुणा 340 मीटर आकार का विशाल तालाब है, जिसके बारे में स्थानीय इलाकों में किंवदंती प्रचलित है कि इसका निर्माण बेनी या बेनु नामक राजा ने कराया था। पुरातत्व विभाग द्वारा इस तालाब के दक्षिण-पूर्व और पूर्वी तटबंध की ओर की गई खुदाई में दो पंचायतन मंदिर परिसर, सूर्य, भैरव, लकुलिशा, अग्नि, कुबेर आदि की छवियों सहित कई मूर्तिकला अवशेष प्रकाश में आए हैं। इनके अलावा साइट से एक पत्थर की मुहर भी मिली है, जिस पर शिलालेख है 'प्रियंगु धेयम चतुविद्या (चतुर्विद्या)'। इसका अर्थ है प्रियंगु नाम का एक व्यक्ति था, जो चार वेदों में पारंगत था। शिलालेख की लिपि ब्राह्मी है और भाषा संस्कृत है। कुछ विद्वानों का कहना है कि बेनीसागर से बरामद मुहर से पता चलता है कि यह शिक्षा का केंद्र था, जहां चार वेदों की शिक्षा दी जाती थी। काम और मैथुन दृश्यों वाले पाषाणों के आधार पर यह अनुमान लगाया जाता है कि उन दिनों 'काम शिक्षा' समाज के लिए वर्जित विषय नहीं था। इतिहासकारों का कहना है कि बेनीसागर तंत्रवाद और शैव पंथ के प्रभाव वाला क्षेत्र रहा होगा। भारतीय पुरातत्व विभाग की वेबसाइट के अनुसार, पुरालेख की दृष्टि से इसे 5वीं शताब्दी का माना जा सकता है।

## 'जिंदा बंदा' गाने के लिए शाहरुख को करनी पड़ी तीन बार शूटिंग

**मुंबई,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने पहली बार 'जिंदा बंदा' गाने के लिए तीन भाषाओं (हिंदी, तमिल और तेलुगु) में लिपसिंक की है। गाने की हिंदी में 'जिंदा बंदा', तमिल में 'वंधा एडम' और तेलुगु में 'धुम्मे धुलिपेला' बोल हैं। गाने में शाहरुख फीमेल को-स्टार्स और हजारों फीमेल डांसर्स के साथ झूमते दिखाई दे रहे हैं।

प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, शाहरुख ने पहली बार तीन भाषाओं में लिपसिंक की है। उन्होंने तमिल और तेलुगु संस्करणों के लिए गाने के बोल सीखे और शूटिंग के दौरान चेन्नई



यूनिट ने उनकी सहायता की। उन्होंने इस गाने को तीन भाषाओं के लिए तीन बार शूट किया। पहले गाने की शूटिंग पांच दिनों तक चली, जिसमें शाहरुख खान के जबरदस्त डांस मूव शामिल हैं। शाहरूख स्टारर फिल्म जवान 7 सितंबर 2023 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |


### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की क़ीमतें स्थिर



**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की क़ीमतें आज भी स्थिर रही, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## दूसरी तिमाही में देश में सोने की मांग में सात प्रतिशत की कमी

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। सोने की कीमतों में तेजी आने के साथ ही वैश्विक स्तर की अनिश्चितता की स्थिति के कारण लोगों के अधिक व्यय करने से बचने की वजह से देश में दूसरी तिमाही में पीली धातु की मांग में सात प्रतिशत की कमी रही है और अप्रैल से जून की इस तिमाही में भारत में 158.1 टन सोने की बिक्री हुयी है। विश्व स्वर्ण परिषद की आज जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। इसमें कहा गया है कि पिछले वर्ष की दूसरी तिमाही में देश में 170.7 टन सोने की बिक्री हुयी थी जबकि इस वर्ष की समान अवधि में यह घटकर 158.1 टन रह गया। इसमें कहा गया है कि पहली छमाही में देश में कुल मिलाकर 271 टन सोने की मांग रही है और यदि मानसून ने साथ दिया तथा त्योहारी सीजन विशेषकर दिवाली के समय मांग आयी तो इस वर्ष भारत में 650 से 750 टन सोना बिक सकता है।



**पहली छमाही में देश में कुल मिलाकर 271 टन सोने की मांग रही**

रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि कीमतों में हुय वृद्धि के कारण दूसरी तिमाही में 82530 करोड़ रुपए का सोना बिका है जबकि वर्ष 2022 की दूसरी तिमाही में यह आंकड़ा 79270 करोड़ रुपए रहा है। इस वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत में कुल आभूषण की मांग 2022 की दूसरी तिमाही के 140.3 टन की तुलना में आठ प्रतिशत कम होकर 128.6 टन रही। आभूषण की मांग का मूल्य 67,120 करोड़ रुपए था, जो 2022 की दूसरी तिमाही 65,140 करोड़ रुपए से 3 प्रतिशत की वृद्धि है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की दूसरी तिमाही में कुल निवेश मांग 2022 की दूसरी तिमाही के 30.4 टन की तुलना में 3 प्रतिशत घटकर 29.5 टन रह गई। 2023 की दूसरी तिमाही में भारत में पुनर्चक्रित कुल सोना 37.6 टन था, जबकि 2022 की दूसरी तिमाही में 23.3 टन की तुलना में 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 2023 की दूसरी तिमाही में भारत में कुल सोने का आयात 209 टन था, जबकि 2022 की दूसरी तिमाही के 180.7 टन की तुलना में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## एम्स में जैक्सन ग्रुप ने लगाया नौ किलोवॉट का सोलर पैनल

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां) ऊर्जा एवं अवसंरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) कंपनी जैक्सन ग्रुप ने दिल्ली अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के साथ एक साझेदारी की है जिसके तहत एम्स के निदेशक के बंगले पर नौ किलोवॉट का सोलर पैनल लगाया गया है। कंपनी ने इस साझेदारी के तहत पर्यावरण के लिहाज से अनुकूल उपाय अपनाते हुए ये पैनल लगाए हैं। जैक्सन ग्रुप की सीएसआर इकाई जैक्सन वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में 9 किलोवॉट का ये प्रोजेक्ट लगाया गया है जिससे हर साल 13,140 यूनिट बिजली का उत्पादन होने की उम्मीद है। इससे खपत की 100 फीसदी बिजली तैयार हो जाएगी। कंपनी ने अपने सबसे नए और सबसे बेहतर हेलिया सीरीज के सोलर पैनल लगाए हैं, जो हाफ कट मोनोपीईआरसी सोलर सेल की ए प्लस कैटेगरी पर बनाए गए हैं और कम एलसीओई प्रोवाइड करते हैं।

एम्स के निदेशक डॉ एम श्रीनिवास और आईआरईडीए के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पी के दास ने आज इसका उद्घाटन किया। जैक्सन ग्रुप के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक समीर गुप्ता ने इस अवसर पर कहा, 'हमें इस परियोजना के लिए एम्स, दिल्ली के साथ सहयोग करके खुशी हो रही है। एक डायवर्स ऊर्जा कंपनी के रूप में जैक्सन नवीकरणीय ऊर्जा के विभिन्न समाधानों के माध्यम से पूरे देश में नेट जीरो मिशन का समर्थन करने के लिए मजबूती से प्रतिबद्ध है और एम्स के साथ हमारी साझेदारी यही प्रतिबद्धता दिखाती है। हम एम्स को उनकी हरित यात्रा शुरू करने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता के अभियान में अन्य प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों को शामिल होने के लिए प्रेरित करने वाला उदाहरण स्थापित करने की बधाई देते हैं।' डॉ श्रीनिवास ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'पर्यावरण से जुड़े हमारे उद्देश्यों को हासिल करने की दिशा में रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट बनाना एक महत्वपूर्ण कदम है। हम न केवल अपने परिचालन को बेहतर बनाने में, बल्कि बड़े पैमाने पर पर्यावरण के हित में योगदान देने के लिए भी ग्रीन एनर्जी की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचान रहे हैं। यह सहयोग हेल्थकेयर के टिकाऊ प्रचलनों को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता दिखाता है और हमें उम्मीद है कि यह अन्य संस्थानों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।' इस परियोजना के साथ जैक्सन ने हेल्थकेयर के इस प्रतिष्ठित संस्थान के साथ एक और बड़ा लैंडमार्क स्थापित किया है। इससे पहले जैक्सन एम्स के भुवनेश्वर और ऋषिकेश कैंपस के लिए पावर बैक-अप सॉल्यूशन और ईपीसी सर्विसेज प्रोवाइड कर चुकी है।'



■ **9 किलोवॉट का ये प्रोजेक्ट लगाया गया है जिससे हर साल 13,140 यूनिट बिजली का उत्पादन होने की उम्मीद**

## दो साल की गिरावट के बाद मारुति सुजुकी बाजार हिस्सेदारी में सुधार के शिखर पर

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज ने एक शोध में कहा कि लगातार दो वर्षों तक बाजार हिस्सेदारी में गिरावट के बाद, मारुति सुजुकी नए लॉन्च के कारण बाजार हिस्सेदारी में सुधार के शिखर पर है। हाल ही में पेश की गई जिम्नी, फ्रोंक्स और इनविक्टो को ग्राहकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। ब्रेज़ा, जीवी, जिम्नी, फ्रोंक्स, इनविक्टो, एरिटगा के लिए बड़ी संख्या में ऑर्डर बुक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालिया एसयूवी लॉन्च के साथ कंपनी ने वर्तमान वित्तीती वर्ष की पहली तिमाही के दौरान एसयूवी सेगमेंट में नेतृत्व की स्थिति फिर से हासिल कर ली है। कंपनी ने संकेत दिया कि चिप आपूर्ति में काफी सुधार हुआ है और उसे आगे भी आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डीलर इन्वेंट्री चार सप्ताह के सामान्य स्तर पर है। मारुति सुजुकी ने यूवी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाकर 23 प्रतिशत कर ली। कुल मिलाकर, कंपनी नई/हाल ही में लॉन्च की गई एसयूवी की अच्छी मांग के कारण बिक्री की गति को लेकर उत्साहित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल मिलाकर, वित्त वर्ष 2014 में पीवी उद्योग 5-7 प्रतिशत के बीच बढ़ने की उम्मीद है और एमएसआईएल के उद्योग से आगे बढ़ने की उम्मीद है। जिम्नी, फ्रोंक्स और इनविक्टो की शुरुआत के साथ, एमएसआईएल का इरादा बी-सेगमेंट में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने का है । कहा गया है कि समृद्ध पोर्टफोलियो मिश्रण का लाभ, कमोडिटी लागत में नरमी और उच्च परिचालन उत्तोलन से मार्जिन को आगे बढ़ने में मदद मिलने की उम्मीद है। घरेलू पीवी में स्थिर वृद्धि और अनुकूल उत्पाद जीवनचक्र एमएसआईएल के लिए अच्छा संकेत है।

## जुलाई में 1.65 लाख करोड़ का जीएसटी संग्रह

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां) माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह इस वर्ष जुलाई में 1.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है जो जुलाई 2022 के जीएसटी संग्रह की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय ने आज यहां जारी बयान में कहा कि जीएसटी के प्रवाभी होने से लेकर जुलाई ऐसा पांचवां महीना रहा है जब जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। जून में जीएसटी संग्रह 161497 करोड़ रुपए रहा था। इस वर्ष अप्रैल में रिकार्ड 1.87 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी राजस्व संग्रहित हुआ था जो अब तक का सर्वाधिक राजस्व था। इससे पहले पिछले वर्ष अप्रैल में यह राशि 167540 करोड़ रुपए रहा था। पिछले 16 महीने से जीएसटी राजस्व संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपए से अधिक बना हुआ है। मार्च 2023 में यह 160122 करोड़ रुपए रहा था। वित्त मंत्रालय ने आज यहां जीएसटी राजस्व संग्रह का आंकड़ा जारी किया जिसमें जुलाई 2023 में संग्रहित राजस्व 165105 करोड़ रुपए रहा है। इस वर्ष जुलाई में संग्रहित राजस्व में सीजीएसटी 29773 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 37623 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 85930 करोड़ रुपए रहा जिसमें आयात पर संग्रहित कर 41239 करोड़ रुपये शामिल है। उपकर संग्रह 11779 करोड़ रुपए रहा जिसमें आयात पर संग्रहित कर 840 करोड़ रुपए शामिल है।




सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 39785 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 33188 करोड़ रुपए दिये है। इस तरह से जून में सीजीएसटी 69558 करोड़ रुपए और एसजीएसटी 70811 करोड़ रुपए रहा है।

## पावरग्रिड के कमजोर तिमाही परिणाम से गिरा शेयर बाजार

**मुंबई,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व बाज़ार के नकारात्मक रुझान और स्थानीय स्तर पर पावर ग्रिड के कमजोर तिमाही परिणाम से उसके शेयरों में पांच प्रतिशत की आई गिरावट के दबाव में आज सेन्सेक्स और निफ़्टी गिर गए। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेन्सेक्स 68.36 अंक गिरकर 66,459.31 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 20.25 अंक फिसलकर 19,733.55 अंक रह गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.23 प्रतिशत उतरकर 30,349.34 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.50 प्रतिशत की तेज़ी लेकर 35,177.85 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3728 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2068 में लिवाली जबकि 1492 में बिकवाली हुई वहीं 168 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 23 कम्पनियां हरे जबकि 26 में बिकवाली हुई वहीं दो के भाव स्थिर रहे। पावर ग्रिड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मुनाफ़ा 5.9 प्रतिशत गिर गया, जिससे आज उसके शेयर 5.36 प्रतिशत लुढ़क गए। इसके साथ ही रिलायंस, मारुति और एसबीआई समेत 15 दिग्गज कम्पनियों में भी जमकर बिकवाली हुई और शेयर बाज़ार दबाव में आ गया। बीएसई के 13 समूहों में बिकवाली हुई। इस दौरान सीडी 0.10, एफएमसीजी 0.21, वित्तीय सेवाएं 0.02, हेल्थकेयर 0.33, इंडस्ट्रियल 0.29, यूटिलिटीज 0.06, ऑटो 0.25, बैंकिंग 0.20, कैपिटल गुड 0.40, तेल एवं गैस 0.17, पावर 0.32 और रियलटी समूह के शेयर 1.78 प्रतिशत गिर गए। विदेशी बाज़ारों में गिरावट का रुख़ रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ टी एस ई 0.58, जर्मनी का डैक्स 0.95, हांकांग का हैंगसेंग 0.34 और चीन का शंघाई कंपोज़िट 0.01 प्रतिशत उतर गया जबकि जापान के निक्केई में 0.92 प्रतिशत की तेज़ी रही। कारोबार की शुरुआत में सेन्सेक्स पांच अंक की मामूली बढ़त लेकर 66,532.98 अंक पर सपाट खुला और दमदार लिवली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 66,658.12 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। लेकिन बिकवाली होने से यह दोपहर में 66,388.26 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। संभलने की तमाम कोशिशों के बावजूद अंत में पिछले दिवस के 66,527.67 अंक के मुक़ाबले 0.10 प्रतिशत उतरकर 66,459.31 अंक पर आ गया। निफ़्टी भी 30 अंक की बढ़ोतरी लेकर 19,784.00 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,795.60 अंक के उच्चतम जबकि 19,704.60 अंक के निचले स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,753.80 अंक की तुलना में 0.10 प्रतिशत टूटकर 19,733.55 अंक पर आ गया। इस दौरान सेन्सेक्स की नुक़सान उठाने वाली कंपनियों में पावर ग्रिड 5.36, बजाज फिनसर्व 1.62, इंडसइंड बैंक 1.45, रिलायंस 1.38, एसबीआई 1.35, मारुति 1.06, एशिअन पेंट 0.98, एलटी 0.51, बजाज फ़ाइनैन्स 0.49, हिंदुस्तान यूनीलिवर 0.40, अल्ट्रा सिम्को 0.40, कोटक बैंक 0.34, आईसीआईसीआई बैंक 0.30, आईटीसी 0.18 और टाटा मोटर 0.12 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एनटीपीसी 3.07, टेक महिंद्रा 2.50, एचसीएल टेक 1.88, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.17, टी सी एस 0.87, इनफ़ोसिस 0.75, ऐक्सिस बैंक 0.68, एच डी एफ सी बैंक 0.64, जे एस डब्लू एस स्टील 0.49, विप्रो 0.46, नेस्ले इंडिया 0.24, भारती एयरटेल 0.15, सन फ़ार्मा 0.06 और टाटा स्टील ने 0.04 प्रतिशत का मुनाफ़ा कमाया।

**बीएसई सेंसेक्स — 1 अगस्त 2023**

**अधिकतम गिरावट**

खुलाः 66,532.98

बंदः 66,459.31

पिछला बंदः 66,527.67

बदलावः -68.36 (-0.10%)

| | अंतिम भाव ₹ में | % बदलाव |
|---|---|---|
| पावर ग्रिड | 251.75 | -5.36 |
| इंडसइंड बैंक | 1,393.95 | -1.66 |
| बजाज फिनसर्व | 1,572.45 | -1.62 |
| रिलायंस | 2,512.65 | -1.38 |
| एसबीआई | 611.75 | -1.35 |
| मारुति सुजुकी | 9,715.25 | -1.06 |
| एशियन पेंट्स | 3,341.85 | -0.98 |
| एल एंड टी | 2,666.15 | -0.51 |
| बजाज फाइनेंस | 7,268.80 | -0.42 |
| हिंद यूनिलीवर | 2,551.30 | -0.40 |

KBK Infographics

## अरबपति जैक मा ने मत्स्य पालन और कृषि स्टार्टअप में किया निवेश



**हांगकांग,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी अरबपति और अलीबाबा के संस्थापक जैक मा ने चीन में एक मत्स्य पालन और कृषि स्टार्टअप में निवेश किया है। मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, जैक मा ने झेजियांग प्रांत की राजधानी हांगझू में '1.8 मीटर मरीन टेक्नोलॉजी (झेजियांग) कंपनी' नामक स्टार्टअप में 110 मिलियन युआन (15 मिलियन डॉलर) का निवेश किया है। कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण, थोक और खुदरा बिक्री के साथ-साथ यह स्टार्टअप पवन ऊर्जा का भी विकास करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, एंट ग्रुप के पूर्व मुख्य कार्यकारी साइमन हू की भी इस स्टार्टअप में 5.5 फीसदी हिस्सेदारी है। स्टार्टअप का नियंत्रक शेयरधारक हांगकांग स्थित 1.8 मीटर टेक्नोलॉजी होल्डिंग लिमिटेड है, जिसके पास 80 प्रतिशत हिस्सेदारी है। अलीबाबा से रिटायर होने के बाद जैक मा का नया उद्यम कृषि और खाद्य क्षेत्र में गहरी रुचि दिखाता है। टिकाऊ खाद्य उत्पादन के बारे में जानने के लिए जैक मा ने हाल ही में कई अंतरराष्ट्रीय यात्राएं कीं। जापान में, उन्होंने मत्स्य पालन और टूना खेती का अध्ययन किया और थाईलैंड में एक समुद्री झींगा पालन कारखाने को देखा। अलीबाबा ने कृषि संबंधी प्रौद्योगिकी में भी निवेश किया है।

इससे पहले मई में, टोक्यो विश्वविद्यालय ने घोषणा की थी कि जैक मा एक विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में पढ़ाएंगे। प्रबंधन और टिकाऊ कृषि पर व्याख्यान देंगे। जैक मा ने टोक्यो विश्वविद्यालय द्वारा संचालित एक नए संस्थान, टोक्यो कॉलेज का निमंत्रण स्वीकार कर लिया। उनका कार्यकाल 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा और उनका अनुबंध हर साल रिन्यू हो सकता है। उनका शोध क्षेत्र टिकाऊ कृषि और खाद्य उत्पादन होगा। 58 वर्षीय जैक मा ने 2020 में चीन के वित्तीय नियामकों की आलोचना करने के बाद से खुद को लो प्रोफाइल रखा है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेज़ी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 12 रिंगिट फिसलकर 3804 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.18 सेंट की तेजी के साथ 60.17 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में टिकाव रहा।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## अब देश में मोबाइलधारकों की संख्या में आ रही स्थिरता

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। देश में अब मोबाइलधारकों की संख्या में लगभग स्थिरता आने लगी है जबकि ब्राडबैंड कनेक्शन लेने वालों की संख्या बढ़ रही है। मई 2023 में देश में मोबाइल धारकों की कुल संख्या मामूली 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 114.32 करोड़ पर पहुंची है। इस दौरान मोबाइलधारकों और बेसिक टेलीफोन धारकों की कुल संख्या मामूली 0.004 प्रतिशत बढ़कर 117.25 करोड़ रही।

दूरसंचार नियामक ट्राई की ओर से आज जारी मई महीने के आंकड़े के अनुसार मई 2023 में देश में ब्रांडबैंड कनेक्शन धारकों की कुल संख्या 85.68 करोड़ रही है। इसमें से वायरलेस ब्राडबैंड कनेक्शनधारकों की संख्या 82.23 करोड़ और वायरलाइन ब्राडबैंड धारकों की संख्या 3.44 करोड़ रही है। मई महीने में कुल सक्रिय मोबाइलधारकों की संख्या 104.34 करोड़ रही है।

ट्राई द्वारा जारी आंकड़ों से एक बात और पता चली है कि अब शहरी की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइलधारकों की संख्या बढ़ रही है। मई 2023 में शहरी क्षेत्रों में मोबाइल धारकों की संख्या 0.08 प्रतिशत कम होकर 62.62 करोड़ पर आ गयी जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी संख्या 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51.69 करोड़ पर पहुंच गयी।



**मई 2023 में देश में मोबाइल धारकों की कुल संख्या मामूली 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 114.32 करोड़ पर पहुंची है**

इप आंकड़ों से यह भी पता चला है कि उपभोक्ता बड़े पैमाने पर अपने ऑपरेटर भी बदल रहे हैं क्योंकि मई 2023 में मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी(एमएनपी) के लिए 1.14 करोड़ से अधिक ग्राहकों ने आवेदन किये। अप्रैल 2023 तक एमएनपी के लिए आवेदन करने वालों की संख्या 83.06 करोड़ थी जो मई 2023 में बढ़कर 84.21 करोड़ हो गयी।

मई 2023 में दूरसंचार ऑपरेटरों की बाजार हिस्सेदारी के मामले में रिलायंस जियो 51.96 प्रतिशत के साथ अव्वल रही है। इस मामले में 28.78 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ भारती एयरटेल दूसरे स्थान पर और 14.42 प्रतिशत शेयर के साथ वोडाफोन आइडिया तीसरे स्थान पर रही है। बीएसएनएल की बाजार हिस्सेदारी 2.96 प्रतिशत रही है।

### सार संक्षेप

#### वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में आज से 99.75 रुपए की कटौती

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने मंगलवार को वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 99.75 रुपए की कटौती की, हालांकि सूत्रों के अनुसार घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। संशोधित कीमतें मंगलवार से प्रभावी हैं। कीमतों में कटौती के बाद अब दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,680 रुपए होगी। 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में पिछला संशोधन पिछले महीने किया गया था। हालांकि अलग-अलग टैक्स स्लैब के कारण कीमतें अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतें घरेलू बाजार में एलपीजी सिलेंडर की कीमतों पर असर डालती हैं। 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 1 मार्च से कोई बदलाव नहीं किया गया है।

#### ईज़मायट्रिप करेगी तीन कंपनियों का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ट्रैवेल टेक प्लेटफार्म ईजमायट्रिप डॉटकॉम ने भारत में स्थापित तीन प्रमुख ट्रैवेल कंपनियों गाइडलाइन ट्रैवेल्स हॉलीडेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई, ट्रिपशॉप ट्रैवेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, जम्मू एवं कश्मीर और डूक ट्रैवेल्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के नियंत्रक हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि इन कंपनियों का अधिग्रहण करने से ईएमटी के विकास में तेजी आएगी और बाजार विस्तार की दिशा में सहज प्रवेश को गति मिलेगी। इन कंपनियों के 51 प्रतिशत शेयर अधिग्रहण करने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल की मंजूरी मिल गयी है। इस अधिग्रहण से कंपनी यात्रा एवं पर्यटन उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के तौर पर अपनी स्थिति को और मजबूत करेगी। प्रस्तावित अधिग्रहण के लिए भुगतान ईज़मायट्रिप द्वारा संबंधित लक्षित कंपनियों के बिक्री शेयरधारकों को तरजीही आधार पर अपने इक्विटी शेयर जारी कर किया जाएगा।


#### इंडिया फर्स्ट लाइफ ने गारंटी ऑफ लाइफ ड्रीम्स योजना की लॉन्च

नई दिल्ली। इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने एक नए उत्पाद - इंडिया फर्स्ट लाइफ गारंटी ऑफ लाइफ ड्रीम्स योजना को लांच किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत जीवन बीमा योजना पॉलिसी धारकों को नियमित दीर्घकालिक आय विकल्प प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह एक विस्तारित अवधि का बीमा-आधारित बचत बीमा है जो 30 साल और 40 साल की पॉलिसी अवधि के लिए 6 साल, 8 साल और 10 साल की लचीली प्रीमियम भुगतान शर्तें (पीपीटी) प्रदान करता है।
मासिक, त्रैमासिक, अर्ध-वार्षिक और वार्षिक प्रीमियम भुगतान विकल्पों के साथ यह योजना ग्राहकों के लिए दूसरी व अतिरिक्त आय बनाने का एक सुविधाजनक विकल्प है।

# खेल जगत

## सिनसिनाटी मास्टर्स में युगल खेलेंगे जोकोविच

**ओहियो ( अमेरिका ),** 1 अगस्त (एजेंसियां)। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने सोमवार को जारी प्रवेश सूची के अनुसार, सिनसिनाटी मास्टर्स में हमवतन निकोला कैसिक के साथ युगल ड्रॉ के लिए साइन किया है, जो यूएस ओपन से पहले उनका एकमात्र अभ्यास कार्यक्रम है। 23 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता की एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के एकल के लिए पहले ही पुष्टि हो चुकी थी, जो 13-20 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। यह पहली बार नहीं होगा जब जोकोविच युगल स्पर्धा खेलेंगे। इससे पहले, उन्होंने साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने सफल खिताब से पहले युगल खेला था जब उन्होंने एडिलेड ओपन में वासेक पोस्पिसिल के साथ जोड़ी बनाई थी, लेकिन यह जोड़ी पहले दौर में हार गई थी। विंबलडन फाइनल में दो सप्ताह से थोड़ा अधिक पहले विश्व नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के खिलाफ हार के बाद से सर्बियाई खिलाड़ी एक्शन से बाहर है।



# इंग्लैंड के अब तक के सबसे महान कप्तान बनेंगे बेन स्टोक्स : माइकल वॉन

**लंदन,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टेस्ट टीम के नेतृत्व के लिए बेन स्टोक्स की प्रशंसा की है और उनका मानना है कि इस ऑलराउंडर में टीम के क्रिकेट इतिहास के महानतम कप्तानों में से एक बनने की क्षमता है। बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड ने सोमवार को समाप्त हुई एशेज श्रृंखला में दमदार वापसी की। 0-2 से सीरीज में पिछड़ने के बावजूद इस टीम ने वापसी करते हुए सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म की। इंग्लैंड आसानी से 3-2 से सीरीज जीत सकता था अगर मैनचेस्टर टेस्ट, जहां उनका दबदबा था, बारिश के कारण ड्रॉ पर समाप्त नहीं हुआ होता।

वॉन ने कहा, वह केवल 14 महीनों से टीम की कमान संभाल रहा है, लेकिन पहले से ही वह इंग्लैंड के महानतम कप्तानों में से एक है। मुझे लगता है कि समय आने पर उन्हें इंग्लैंड का अब तक का सबसे महान टेस्ट कप्तान माना जाएगा। द टेलीग्राफ के लिए अपने कॉलम में वॉन ने लिखा, कप्तान के रूप में स्टोक्स ने अब 18 में से 13 टेस्ट जीते हैं, जो अविश्वसनीय है। लेकिन आप एक गहरे प्रभाव के बारे में भी सोच रहे हैं। मुझे लगता है कि आने वाले समय में स्टोक्स को ऐसे कप्तान के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके को बदलने में मदद की - और यह निश्चित रूप से एक आदर्श विरासत है। उन्होंने आगे कहा कि स्टोक्स को भविष्य में एक ऐसे कप्तान के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने टीम में अपने खिलाड़ियों के साथ टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके को बदलने की कोशिश की। यह एशेज 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई है, लेकिन दोनों कप्तानों में स्टोक्स की तुलना में पैट कमिंस के लिए सवाल ज्यादा होंगे। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि स्टोक्स क्या हासिल करना चाह रहे हैं। फिलहाल, वह इंग्लैंड में मौजूद सभी प्रतिभाओं से सर्वश्रेष्ठ हासिल करना चाहते हैं और उन सभी को यह सोचने पर मजबूर करना चाहते हैं कि वे कितने अच्छे हो सकते हैं। एशेज के बाद इंग्लैंड का अगला टेस्ट असाइनमेंट अगले साल 25 जनवरी से 11 मार्च तक भारत की पांच मैचों की श्रृंखला की यात्रा है जिसमें हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में मैच खेले जाएंगे। वॉन को उम्मीद है कि इंग्लैंड भारत में टेस्ट सीरीज के दौरान स्टोक्स के नेतृत्व में अपना अति-आक्रामक खेल खेलना जारी रखेगा।




## इंग्लैंड क्रिकेट और बेहतर हो सकता है : रिकी पोंटिंग

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि सोमवार को खत्म हुई एशेज सीरीज में 0-2 से पिछड़ने के बाद सीरीज का स्कोर 2-2 करने के बाद इंग्लैंड एक टेस्ट टीम के रूप में बेहतर हो जाएगी। उन्होंने चीजों में बदलाव करना शुरू कर दिया है। पोंटिंग ने कहा, यदि आप उनके पास मौजूद खिलाड़ियों को देखें, तो मुझे नहीं लगता कि ब्रैंडन मैकुलम (मुख्य कोच) उन्हें ज्यादा कुछ कह रहे हैं। वह बस इतना बोल रहे हैं, बाहर जाओ और अपने तरीके पर भरोसा करो। यह एक युवा टीम है, कुछ लोगों ने बहुत अधिक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। हैरी ब्रूक, बेन डकेट और जैक क्रॉली सभी अभी भी सुधार कर सकते हैं। इंग्लैंड बेहतर होगा, बस चीजों में थोड़ा बदलाव करते रहें। हालांकि पहली दो सीरीज़ हारने के बाद इंग्लैंड बैकफुट पर था, पोंटिंग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इंग्लैंड अपने अति-आक्रामक दृष्टिकोण से पीछे नहीं हटा और उसने इस सीरीज में कुछ सबक भी सीखे। इंग्लैंड के पास पहले दो टेस्ट मैचों में मौके थे और उन्हें पता था कि उनकी शैली ऑस्ट्रेलिया के मुकाबले खरी है। जब भी हमने उनसे बात की तो आप स्टोक्स-मैकुलम या सभी खिलाड़ियों की बातों में झलक रहे आत्मविश्वास को सुन सकते थे। उन्होंने कहा, वो इस बात पर अटल थे कि वह क्या करना चाहते थे और कैसे खेलना चाहते थे। मुझे लगता है कि उन्होंने इस दौरान बहुत कुछ सीखा है। इंग्लैंड का अगला टेस्ट असाइनमेंट अगले साल 25 जनवरी से 11 मार्च तक भारत की पांच मैचों की श्रृंखला की यात्रा है, जिसमें हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में मैच खेले जाएंगे।

# एशियाई खेलों में पहली बार हिस्सा लेगी भारतीय सॉफ्टबॉल टीम



**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के हांग्झोउ में 23 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों में भारत पहली बार सॉफ्टबॉल के खेल में प्रतिस्पर्धा करेगा। भारतीय सॉफ्टबॉल संघ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि एशियाड में हिस्सा लेने के लिये 16-सदस्यीय महिला टीम का चयन किया गया है। टीम चयन के लिये संभावितों की सूची के लिये परीक्षणों के बाद जून-जुलाई में दो सप्ताह के कोचिंग कैंप और परीक्षणों का आयोजन किया गया था। इस टीम में तीन अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी चुना गया है।

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन महाराष्ट्र ने भारतीय टीम में सबसे अधिक खिलाड़ियों का योगदान दिया। राज्य की पांच लड़कियों को राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है, जबकि केरल और पंजाब से क्रमश: तीन और दो खिलाड़ियों को चुना गया है। छत्तीसगढ़, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, तेलंगाना और मध्य प्रदेश से एक-एक खिलाड़ी ने टीम में जगह बनायी है। सॉफ्टबॉल संघ की अध्यक्ष नीतल नारंग ने कहा, एशियाई खेलों में भारतीय महिला सॉफ्टबॉल टीम की भागीदारी हमारे खिलाड़ियों के लिये चमकने और महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ अपनी योग्यता साबित करने का अवसर है। इसके अलावा, यह उपलब्धि युवा एथलीटों, विशेषकर लड़कियों की भावी पीढ़ियों को सॉफ्टबॉल को पसंदीदा खेल के रूप में अपनाने के लिये प्रेरित करेगी।

उल्लेखनीय है कि सॉफ्टबॉल पहली बार एशियाई खेलों में पदार्पण कर रहा है। भारत को एशियाई चैंपियनशिप में नियमित भागीदारी के आधार पर एशियाई खेलों में वाइल्ड कार्ड प्रवेश दिया गया है।

एशियाई खेलों के लिये भारतीय सॉफ्टबॉल टीम : ऐश्वर्या रमेश पुरी, ऐश्वर्या सुनील बोडके, मोनाली मानसिंग नातू, स्वप्नाली सी वेडनेड, सई अनिल जोशी, अंजलि पल्लिकरा, स्टेफी साजी, रिंटा चेरियन, ममता गुगुलोथ, गंगा सोना, ममता मिन्हास, संदीप कौर, कुमारी मनीषा, ईशा, स्वेतासिनी सबर, नित्या मालवी, प्रियंका बघेल (स्टैंडबाय)।

अतिरिक्त खिलाड़ी : मनीषा कुमारी, प्रीति वर्मा, चित्रा।

# महिलाओं की 50 मीटर 3पी में सिफ्ट कौर, आशी चौकसे 1-2 से आगे रहीं, भारत ने दो स्वर्ण जीते



**चेंगदू (चीन),** 1 अगस्त (आईएएनएस)। राइफल निशानेबाज सिफ्ट कौर समरा और आशी चौकसे ने स्वर्ण और रजत पदक जीते जबकि भारतीय निशानेबाजों ने मंगलवार को प्रतियोगिता के चौथे दिन 31वें एफआईएसयू विश्व विश्वविद्यालय खेलों में चमक जारी रखते हुए दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। मंगलवार को इन चार पदकों के साथ भारत और चीन निशानेबाजी में 13 पदकों के साथ पहले स्थान पर रहे। भारत के 4 स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक की तुलना में चीन आठ स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर रहा। सिफ्ट कौर और आशी महिलाओं की 50 मीटर एयर राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में पहले और दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि ये दोनों उस टीम का हिस्सा थीं, जिसने मंगलवार को महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता था। अर्जुन चीमा, वरुण तोमर और अनमोल जैन की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की राइफल स्पर्धा में, सिफ्ट कौर शानदार फॉर्म में थीं और उन्होंने 462.9 का स्कोर किया और हमवतन आशी चौकसे से आगे रहीं, जिन्होंने 461.6 का स्कोर करके रजत पदक जीता। चीन की वांग ज़ेरू ने 451.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में तीसरी भारतीय मानिनी कौशिक पहली दो श्रृंखलाओं में अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रहने के बाद बाहर होने वाली पहली खिलाड़ी थीं। सिफ्ट पहली दो श्रृंखलाओं में 154.1 और 166.8 के दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ आयीं, जिसमें सभी स्कोर 50-प्लस रेंज में थे। आशी ने पहली श्रृंखला की शुरुआत घुटना टेककर 49 और प्रोन तथा खड़े दोनों स्थितियों में 50.4 और 50.6 के साथ की। उन्होंने दूसरी सीरीज में 52.0, 52.6 और 52.5 का स्कोर किया और खुद को पदक की दौड़ में बनाए रखा। अगली श्रृंखला में सिफ्ट ने 50.7 और 51.5 का स्कोर किया जबकि आशी ने 52.2 और 51.6 का स्कोर किया। सिफ्ट ने अपना पलड़ा भारी रखते हुए आशी को दूसरे स्थान पर धकेलते हुए स्वर्ण पदक जीता। आशी, मानिनी और सिफ्ट की भारतीय महिला टीम ने फाइनल में 194 इनर 10 के साथ 3527 अंकों का कुल स्कोर हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। चीन ने 3523 (173 टेन) के स्कोर के साथ रजत पदक जीता और चेक गणराज्य ने 164 इनर 10 के साथ 3501 के साथ कांस्य पदक जीता। सिफ्ट कौर ने 1180 (66 टेन) के स्कोर के साथ भारत के लिए स्कोरिंग का नेतृत्व किया, जिसमें आशी ने 1174 (67 टेन) और मानिनी कौशिक ने 1173 (61 टेन) का योगदान दिया। 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में, वरुण तोमर, अर्जुन सिंह चेमा और अनमोल जैन की भारतीय टीम 1730 अंक और 57 इनर 10 स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

# हमें हाल ही के रणनीतिक बदलावों को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में लागू करने के मकसद से उतरेंगे : फुल्टन

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 1 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम स्पेन में स्पेन हॉकी संघ की शताब्दी के मौके पर पर आयोजित चार देशों के अंतरराष्ट्रीय पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में नीदरलैंड को 2-1 से हरा तीसरे स्थान पर रहने के बाद बहु-प्रतीक्षित एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, चेन्नै 2023 में शिरकत करने के लिए मंगलवार सुबह चेन्नई पहुंच गई। चेन्नै पहुंच टीम एक इकाई के रूप में अपनी रणनीतिक योजना को अमली जामा पहनाने के लिए कड़े अभ्यास में जुट गई। मेजबान भारतीय टीम चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की सबसे कामयाब टीम है और इन दोनों टीमों ने अब तब तक यह खिताब तीन-तीन बार जीता है। भारत अब अपने घर चेन्नै में रिकॉर्ड चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीत नया इतिहास रचने के मकसद से उतरेगा। इसमें भारत,पाकिस्तान, चीन, दक्षिण कोरिया, जापान और मलयेशिया सहित कुल छह टीमें शिरकत करेंगी। भारत अपने अभियान का आगाज बुधवार को पहले दिन के अंत चीन के खिलाफ मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में आखिरी मैच से करेगा। छह टीमें इसमें राउंड रॉबिन लीग आधार पर खेलेंगी और हरेक टीम पांच-पांच मैच खेलेगी और अंकों के आधार पर शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में खेलेंगी। भारत की एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों और टीम के हाल ही के प्रदर्शन की बाबत चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, %मेरा मानना है कि हमने स्पेन में हाल ही सम्पन्न चार देयों के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया। हमने बीते दस दिनों और में वाकई कुछ मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीमों के खिलाफ बढ़िया खेल दिखाया। हम जैसे खेलना पसंद करते हैं हमने उस तरह खेलना शुरू कर दिया है। हमने अपने हाल ही के मैचों में अपने खेल में कुछ रणनीतिक बदलाव किए हैं। अब एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में इन रणनीतिक बदलावों को लागू करने के मकसद से उतरेंगे। हम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी को एशियाई खेलों की तैयारियों के मंच के रूप में इस्तेमाल करेंगे।




### ■ हम जैसा खेलना पसंद करते हैं, वैसा खेलना शुरू कर दिया है

### हमारी भारतीय हॉकी टीम के लिए अगले दो महीने बहुत महत्वपूर्ण : हरमनप्रीत सिंह

दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बुधवार से चेन्नई में शुरू हो रही आगामी हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, चेन्नै 2023 और अगले महीने हांगजू (चीन) में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम की तैयारियों की बाबत हॉकी ते चर्चा में खुल कर बोले। भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगजू में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत सीधे 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने के मकसद से उतरेगी। हरमनप्रीत सिंह और हार्दिक ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी और एशियाई खेलों जैसे अहम टूर्नामेंटों के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मेंटल हेल्थ कंडीशनिंग कोच पैडी अपटन को नियुक्त कर उनके मार्गदर्शन मेंटल कंडीशनिंग शिविर के साथ नीदरलैंड के जाने माने गोलकीपिंग कोच डैनिस वान डी पोल की भारतीय गोलरक्षकों के लिए खास शिविरों की अहमियत पर चर्चा की। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, %हमारी भारतीय हॉकी टीम के लिए अगले दो महीने बहुत महत्वपूर्ण हैं। हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में हमें हांगजू एशियाई खेलों से पहले बढ़िया मैच खेलने को मिलेंगे। यह हमारे खिलाडियों के लिए अच्छा अनुभव होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमने अपनी जिन रणनीतियों पर मेहनत की है उन्हें अमली जामा पहनाए। मेरा मानना है कि एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट हमारे लिए खिलाडियों के अहम होगा। अनुभवी पैडी अपटन जैसे मेंटल कंडीशनिंग कोच और डेनिस जैसे गोलकीपिंग कोच से सीखना हमारे गोलरक्षको के लिए बेहद अहम है और इसका बहुत फर्क पड़ेगा।

## हमें हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा : हार्दिक सिंह

भारतीय हॉकी टीम के उपकप्तान आक्रामक सेंटर हाफ हार्दिक सिंह ने टीम के स्पेन में प्रदर्शन की तारीफ की और कहा, हमने नीदरलैंड के खिलाफ मैच में 2-1से जीत के साथ स्पेन मे टूर्नामेंट में तीसरा स्थान पाने के साथ पिछले कुछ मैचों में बढ़िया प्रदर्शन किया। अब जहां तक एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अपने खेल में सुधार की बात है तो मेरा मानना है कि हमें मैच में सकारात्मक शुरुआत के लिएं शुरू से आखिर तक तेज रफ्तार हॉकी खेलनी होगी। मेरा मानना है कि एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में शिरकत करने वाली हर टीम बढिया है और मजबूत चुनौती पेश करेगी। हमें इसीलिए हर मैच में खुद को शिद्दत से तैयार करना होगा और हम हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा।' हार्दिक सिंह ने मस्कट में 2018 में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी से भारत के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया और वहां पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल बारिश के धुलने से दोनों टीम संयुक्त विजेता रही थी। हार्दिक कहते हैं, %यह मेरा भारत के लिए पहला अहम टूर्नामेंट था, लेकिन मैं किसी दबाव में नहीं क्योंकि मैं जानता था कि मुझे अपनी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ देना हैं। स्पेन में हाल ही हुए चार देशों के अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट के दौरान मैंने इंग्लैंड के खिलाफ मैच में खेलने कर भारत के लिए सौ अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए और मेरे लिए यह बड़े गर्व की बात है मुझे भारत के लिए खेलने का इतना मौका मौका मिला।

## सार संक्षेप

### एशेज एक हेवीवेट बॉक्सिंग मैच की तरह है : ब्रैंडन मैकुलम

**लंदन।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने द ओवल में पांचवें और अंतिम मैच के बाद एशेज श्रृंखला की तुलना दो हैवीवेट मुक्केबाजों के बीच मुकाबले से की, जिसमें दोनों पक्षों की जबरदस्त ताकत पर जोर दिया गया। ओवल में पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड ने पैट कमिंस की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलिया को 49 विकेट से हरा दिया। इंग्लिश टीम की इस जीत के साथ ही इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच एशेज सीरीज 2-2 की बराबरी पर खत्म हुई। हालांकि एशेज कलश ऑस्ट्रेलिया के पास ही रहा। सीरीज ड्रॉ पर खत्म होने के बाद इंग्लैंड के हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम ने बड़ा बयान दिया है। मैकुलम ने कहा, इस श्रृंखला का हिस्सा बनना अद्भुत है। विपरीत शैलियों वाली दो अविश्वसनीय क्रिकेट टीमें हेवीवेट बॉक्सिंग लड़ाई की तरह हैं। यह वाकई खास था मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि जिस तरह से हमारे लड़के पूरी सीरीज के दौरान हम जो करना चाहते हैं उसके प्रति बहुत मजबूत रहे। मैकुलम ने स्टार तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड की भी सराहना की, जिन्होंने श्रृंखला के अंत में अपने टेस्ट करियर को अलविदा कह दिया। इंग्लिश टीम के कोच ने कहा, 'वह जो हासिल करने में सक्षम हुए हैं वह बिल्कुल आश्चर्यजनक है।' टीम को ड्रेसिंग रूम में ब्रॉड की कमी खलेगी। इस गेंदबाज ने अपने करियर में जो मुकाम हासिल किया वो कुछ शब्दों में बताना मुश्किल है। मैकुलम को अपने खिलाड़ियों और पहले दो टेस्ट हारने पर चुनौतीपूर्ण क्षणों में दिखाए गए जुझारूपन पर गर्व है।

### चीन को रौंदकर ग्रुप-डी के शीर्ष पर इंग्लैंड

**एडिलेड।** लौरेन जेम्स के दो दर्शनीय गोलों के दम पर इंग्लैंड ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के एकतरफा मुकाबले में चीन को 6-1 से रौंदकर ग्रुप-डी तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। हिंडमार्श स्टेडियम पर इंग्लैंड की इस विशाल जीत में लौरेन ने 41वें और 65वें मिनट में गोल किये, जबकि एलिसिया रूसो, लौरेन हेम्प, क्लोई केली और रेचल डेली ने एक-एक गोल का योगदान दिया। विश्व कप के आठ आयोजनों में पहली बार ग्रुप चरण में बाहर होने वाले चीन की ओर से सिर्फ वांग शुआंग (57वां मिनट) ही गोल कर सकीं। इंग्लैंड की टीम अब सुपर-16 में सोमवार को नाइजीरिया का सामना करेगी। दिन के एक अन्य ग्रुप-डी मुकाबले में, डेनमार्क ने हैती को 2-0 से हराकर सुपर-16 में जगह बनायी। निब स्टेडियम पर विजेता टीम के गोल परनाइल हार्डर (21वां मिनट) और सैन नीलसन (90+10वां मिनट) ने किये। प्री क्वार्टरफाइनल में डेनमार्क का मुकाबला मेज़बान ऑस्ट्रेलिया से होगा।

# उम्मीद करता हूं कि बुमराह भविष्य में चोटों से मुक्त रहें : हरभजन

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह भारतीय टीम में जसप्रीत बुमराह की वापसी से खुश हैं और कामना करते हैं कि तेज गेंदबाज भविष्य में चोट मुक्त रहें। इंजरी के कारण 10 महीने तक टीम इंडिया से बाहर रहे जसप्रीत बुमराह आयरलैंड के खिलाफ 18 अगस्त से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए कप्तान बनाए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में हरभजन ने बुमराह को उनके ठीक होने पर बधाई दी और तेज गेंदबाज को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

हरभजन ने कहा, जसप्रीत बुमराह ने वापसी की है। वह लंबे समय से चोटिल थे और सबको उनकी वापसी का इंतजार था। वह वापस आ गए हैं और सीधे कप्तान बना दिए गए हैं। जस्सी को कप्तान बनने के लिए बधाई और सबसे महत्वपूर्ण फिट होने के लिए। मैं कामना करता हूं कि जस्सी फिर से घायल न हो जाएं। बुमराह काफी समय से एक्शन से दूर हैं। इंजरी के कारण वो ऑस्ट्रेलिया में पुरुष टी20 विश्व कप से भी चूक गए।साथ ही यूएई में हुए एशिया कप में भी वो नजर नहीं आए। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए वापसी का प्रयास किया। लेकिन वो इसमें सफल नहीं हुए।

हरभजन ने कहा कि बुमराह तेज गेंदबाजी विभाग में उतना ही महत्व रखते हैं जितना कि विराट कोहली बल्लेबाजी में रखते हैं। उन्हें बहुत याद किया गया है, चाहे आप डब्ल्यूटीसी फाइनल देखें या उससे पहले खेले गए क्रिकेट को देखें। मैं पहले भी कहता था और आज भी कह रहा हूं कि अगर हम बल्लेबाजी के बारे में बात करते हैं, तो हम विराट कोहली के बारे में बात करते हैं, और अगर गेंदबाजी में कोई विराट कोहली हैं, तो वह हैं जसप्रीत बुमराह। उनसे बड़ा कोई नाम नहीं है। इस गेंदबाज ने 60 टी20 में 6.62 की इकॉनमी रेट के साथ 70 विकेट लिए हैं।




**जसप्रीत बुमराह ने वापसी की है। वह लंबे समय से चोटिल थे और सबको उनकी वापसी का इंतजार था। वह वापस आ गए हैं और सीधे कप्तान बना दिए गए हैं। जस्सी को कप्तान बनने के लिए बधाई और सबसे महत्वपूर्ण फिट होने के लिए। मैं कामना करता हूं कि जस्सी फिर से घायल न हो जाएं : हरभजन सिंह**

# स्टार स्पोर्ट्स पर प्रसारित होगा महिला विश्व कप सुपर-16 चरण

**मुंबई,** 1 अगस्त (एजेंसिया)। भारत के प्रमुख खेल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में जारी फीफा महिला विश्व कप 2023 के सुपर 16 चरण के प्रसारण अधिकार हासिल किये हैं। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्टार स्पोर्ट्स ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उसके चैनलों पर टूर्नामेंट के सुपर-16 मुकाबलों के लाइव प्रसारण के अलावा ग्रुप चरण मुकाबलों की हाइलाइट्स भी दिखाई जायेंगी। प्रसारणकर्ता सेमीफाइनल और फाइनल के लिये क्षेत्रीय भाषा की कमेंट्री जोड़कर टूर्नामेंट के कवरेज को बढ़ाने की भी योजना बना रहा है। स्टार स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने फीफा विश्व कप 2023 के साथ जुड़ाव पर कहा, फीफा महिला विश्व कप 2023 महिलाओं के खेल का अंतिम प्रदर्शन और उत्सव है। यह खेल में रुचि रखने वाली या आगे बढ़ने की इच्छुक लड़कियों के लिये प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने कहा, यह उन लाखों प्रशंसकों के लिये एक बड़ा आकर्षण है जो फुटबॉल की सर्वश्रेष्ठ पेशकश देखने की इच्छा रखते हैं। हम इस साझेदारी को महिलाओं के खेल की यात्रा में एक मील के पत्थर के रूप में देखते हैं। फीफा महिला विश्व कप 2023 का आयोजन 20 जुलाई से ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में हो रहा है। टूर्नामेंट के सुपर-16 चरण की शुरुआत पांच अगस्त को होगी, जबकि फाइनल 20 अगस्त को खेला जायेगा।

